राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 254
लखनऊ, रविवार 17 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कार पलटने से चार बाराती घायल 10

महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : केशव 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,080/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,850/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के साथ युद्धविराम पाकिस्तान के अनुरोध पर किया : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुये अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुये। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया। श्री ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आये इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है।

### नीदरलैंड के लीडेन विश्वविद्यालय ने चोल ताम्रपट्टिकाएं भारत को लौटाने का किया ऐलान

एजेंसी, नई दिल्ली। नीदरलैंड के लीडेन विश्वविद्यालय ने करीब 300 वर्षों से अधिक समय से अपने पास सुरक्षित रखी गईं 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्रपट्टिकाओं को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में भारत को लौटाने का ऐलान किया। विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित लेख में कहा कि शनिवार को हेग में प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित औपचारिक समारोह में इन चोल ताम्रपट्टिकाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद किसी अन्य अवसर पर इन्हें आधिकारिक रूप से भारत को हस्तांतरित किया जाएगा।

### सीबीएसई ने कक्षा 9-10 के लिए लागू की तीन भाषा व्यवस्था

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 9-10 के लिए तीन भाषा व्यवस्था लागू कर दी है। इनमें से दो भाषाएं अनिवार्य तौर पर भारतीय होना आवश्यक है। नई व्यवस्था इसी साल एक जुलाई से लागू होगी। सीबीएसई की ओर से 15 मई को जारी एक परिपत्र में यह निर्देश राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा पाठ्यक्रम (एनसीएफ-एसई) 2023 के अनुरूप है। यह बदलाव 2026-27 शैक्षणिक सत्र के लिए नवीनतम एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की समीक्षा के बाद किया गया है। बोर्ड के अनुसार विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना आवश्यक है। हालांकि कक्षा 10 में तीसरी भाषा के लिए कोई बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

### भोजशाला पर मप्र हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी : मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भोजशाला की कमाल मौला मस्जिद के विवाद पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के हालिया फैसले को कड़ी निंदा की। बोर्ड ने घोषणा की है कि कमाल मौला मस्जिद कमेटी इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड इस कानूनी लड़ाई में उसका हर संभव सहयोग करेगा। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद क़ासिम रसूल इलियास ने अपने बयान में कहा कि मप्र उच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक साक्ष्यों, राजस्व अभिलेखों, औपनिवेशिक काल के सरकारी दस्तावेजों, गजेटियरों और मस्जिद में सदियों से जारी मुस्लिम इबादत की अनदेखी करते हुए दिया गया है।

# जाति-क्षेत्र के नाम पर बांटने वाले नहीं हो सकते जनता के हितैषी : योगी

गोखपुर, समृद्धि न्यूज।



- गोरखपुर में बनेगा विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
- सीएम ने किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमिपूजन एवं शिलान्यास
- हर तरह के इनडोर गेम्स की होगी सुविधा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करने के साथ ही खेल व खिलाड़ियों के हित में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के बगल में आरक्षित कराई गई 60 एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में शनिवार को गोरखपुर के ताल नदोर में 393 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 46 एकड़ में 30 हजार दर्शकों की क्षमता का इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम तो बनेगा ही, इसके बगल की 60 एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी बनाएंगे। इसमें हर तरह के इनडोर गेम्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा हॉकी जैसे अन्य आउटडोर गेम्स भी हो सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तथा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनने से इस क्षेत्र में होटल, रेस्त्रां व मार्केट की नई श्रृंखला तैयार होगी और बड़ी संख्या में नए रोजगार भी सृजित होंगे।

### इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम युवाओं व भावी पीढ़ी के सपनों को करेगा साकार

मुख्यमंत्री ने ताल नदोर क्षेत्र में हो रहे विकासपरक बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ साल पहले यह क्षेत्र बंजर पड़ा था। उपेक्षित था, जिसकी मर्जी होती वह कब्जा कर लेता था। अब यहां की जमीन कब्जामुक्त है। डबल इंजन सरकार इस भूमि पर नौजवानों के भविष्य को तराशने का एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रही है। इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम युवाओं और भावी पीढ़ी के सपनों को साकार करेगा। सरकारी भूमि का उपयोग लोक कल्याण तथा विकास परियोजनाओं के लिए होगा। ताल नदोर में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना भी की जा रही है। हमारी सरकार ने प्रदेश को माफियामुक्त, गुंडामुक्त, दंगामुक्त, कर्फ्यूमुक्त बनाया है। इससे प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विकास होता है तो रोजगार का सृजन स्वतः स्फूर्त भाव सेहोता है। जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर बांटने वाले लोग जनता के हितैषी नहीं हो सकते। जब ऐसे लोगों को सत्ता मिली तो वे गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था फैलाते रहे। जनहित के बजाय परिवार के लिए सत्ता का दुरुपयोग करते रहे। डबल इंजन सरकार जन कल्याण व रोजगार सृजन के लिए कार्य कर रही है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी है। इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम जिस गोरखपुर-वाराणसी मार्ग पर बन रहा है, उससे होकर वाराणसी जाने में पहले चार से पांच घंटे लगते थे लेकिन अब महज ढाई घंटे लगते हैं। गोरखपुर से लखनऊ जाने में लगने वाला समय आठ घंटे से कम होकर साढ़े तीन घंटे हो गया है।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यूपी में अब तक हमने लगभग साढ़े पांच सौ पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के जरिये सरकारी नौकरी दी है। 500 खिलाड़ियों की नई भर्ती फिर से निकाली है। अब तक सीधी भर्ती में ललित उपाध्याय, दीप्ति शर्मा, पारुल चौधरी, अर्जुन देशवाल, प्रवीण कुमार, राजकुमार पाल को पुलिस में सीधे डिप्टी एसपी का पद दिया गया है। विजय कुमार यादव व दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार, अर्जुन सिंह को यात्री एवं मालकर अधिकारी, प्राची व पुनीत कुमार को जिला युवा कल्याण अधिकारी, अजीत सिंह व सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीति पाल को खंड विकास अधिकारी, रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पूरा विश्व पश्चिम एशिया के संकट से जूझ रहा है। कई देशों में अव्यवस्था, अस्थिरता है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत में प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरदीप सिंह पुरी ने बेहतरीन प्रबंधन का परिचय दिया है।

तेल कम्पनियों पर भले ही बोझ आया, लेकिन उन्होंने संकट के बीच आम जनता को लगातार राहत दिलाई है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए सीएसआर फंड से 100 करोड़ रुपये देने के लिए पेट्रोलियम मंत्री, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमिपूजन किया।

# भारत बनेगा वैश्विक विकास इंजन : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली।



- ऊर्जा संकट से दुनिया की उपलब्धियां खतरे में
- पीएम ने ऊर्जा संकट, लोकतंत्र, सेमीकंडक्टर व भारत की वैश्विक भूमिका पर रखे विचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हेग में वैश्विक ऊर्जा संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि दुनिया ने समय रहते इस चुनौती का समाधान नहीं किया, तो पिछले कई दशकों में हासिल की गई विकास संबंधी उपलब्धियां नष्ट हो सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि दुनिया की बड़ी आबादी एक बार फिर गरीबी के जाल में फंस सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की छह दिवसीय विदेश यात्रा के दूसरे चरण में नीदरलैंड पहुंचे हैं। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में दुनिया लचीली और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) की आवश्यकता महसूस कर रही है। भारत और नीदरलैंड मिलकर पारदर्शी एवं विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद नीदरलैंड यूरोप का प्रमुख प्रवेश द्वार बन सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि मुख्य भूमि यूरोप में भारतीय मूल के लोगों का सबसे बड़ा समुदाय नीदरलैंड में निवास करता है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सांस्कृतिक प्रतीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार भारत कमल के लिए प्रसिद्ध है, उसी प्रकार नीदरलैंड ट्यूलिप के लिए प्रसिद्ध है। ट्यूलिप और कमल दोनों यह सिखाते हैं कि जड़ें चाहे पानी में हों या मिट्टी में, सौंदर्य और शक्ति दोनों प्राप्त की जा सकती हैं।

### भारत विकास इंजन बनने की दिशा में अग्रसर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह बहुत छोटी उम्र में ही देशभक्ति के रंग में रंग गए थे। उन्होंने अहम् से वयम् का मार्ग चुना और अब जनता का सुख ही उनका सुख तथा जनता का कल्याण ही उनका कर्तव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत केवल बदलाव नहीं, बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनने का सपना देख रहा है। देश सबसे तेज विकास, आधुनिक तकनीक और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत केवल अपनी सीमाओं तक सीमित सोच वाला देश नहीं है, बल्कि वह दुनिया का विकास इंजन बनने की दिशा में अग्रसर है। भारत ओलंपिक की मेजबानी, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने और ग्रीन एनर्जी में नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है, जिनमें से दो में उत्पादन शुरू हो चुका है। अब चिप भी डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नीदरलैंड आकर उन्हें भारत जैसा अनुभव हो रहा है। यहां की प्रगति में भारतीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है और इस पर हर भारतवासी को गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां बसे भारतीय परिवारों की कहानियां केवल प्रवास की नहीं, बल्कि संघर्ष और सफलता की कहानियां हैं। समय बदला, देश बदले और पीढ़ियां बदलीं, लेकिन भारतीय संस्कार, परिवार व्यवस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव आज भी जीवित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीयों ने डच भाषा को अपनाया, लेकिन अपनी मातृभाषाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को भी संजोकर रखा। भारतीय संगीत और संस्कृति आज नीदरलैंड के परिवारों तक पहुंच रही है।

# पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करेगा तो मानचित्र से मिटा दिया जायेगा : सेना प्रमुख

एजेंसी, नई दिल्ली।



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि उसे तय करना होगा कि वह विश्व मानचित्र पर अपनी पहचान बनाए रखना चाहता है या आतंकवादियों को आश्रय देने और भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधि जारी रखकर खुद को इतिहास से मिटाने का जोखिम लेना चाहता है।

शनिवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र में यह पूछे जाने पर कि अगर ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां फिर से उत्पन्न होती हैं तो भारतीय सेना कैसा जवाब देगी, तो जनरल द्विवेदी ने दो टूक उत्तर देते हुए कहा कि अगर आपने पहले मेरी बातें सुनी हैं, तो मैंने कहा है कि पाकिस्तान अगर आतंकवादियों को पनाह देता रहा और भारत के खिलाफ गतिविधियां करता रहा, तो उसे तय करना होगा कि वह भौगोलिक मानचित्र का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का। सेना प्रमुख की यह टिप्पणी भारत के शीर्ष सैन्य नेतृत्व की ओर से एक मजबूत चेतावनी के रूप में देखी जा रही है जो यह संकेत देती है कि सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत की सहनशीलता सीमित है और भविष्य में कोई भी भड़काने वाली कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जायेगा। जनरल द्विवेदी ने पिछले वर्ष नवंबर में चाणक्य डिफेंस डायलॉग को संबोधित करते हुए कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक ट्रेलर था, जो 88 घंटे में समाप्त हुआ। हम भविष्य में किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। अगर पाकिस्तान अवसर देगा, तो हम उसे यह सिखाएंगे कि पड़ोसी देश के साथ जिम्मेदारी से व्यवहार कैसे करना चाहिए।

### 182 करोड़ की जिहादी ड्रग जब्त

## शाह बोले- बाहर भेजे जाने वाले हर एक ग्राम नशीले पदार्थ पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई



एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम देते हुए पहली बार जिहादी ड्रग कहे जाने वाले कैप्टागन की बड़ी खेप जब्त की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन रेजपिल के तहत एजेंसियों ने 182 करोड़ रुपए कीमत की कैप्टागन ड्रग बरामद की है। इस कार्रवाई में एक विदेशी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ड्रग-फ्री इंडिया के संकल्प के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस कार्रवाई को भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का मजबूत उदाहरण बताया। अमित शाह ने कहा कि भारत अपनी जमीन का इस्तेमाल ड्रग्स की तस्करी के लिए किसी भी हाल में नहीं होने देगा और देश में आने या यहां से बाहर भेजे जाने वाले हर एक ग्राम नशीले पदार्थ पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कॉकरोच वाली टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया गया : चीफ जस्टिस सूर्यकांत

एजेंसी, नई दिल्ली।



कॉकरोच वाले विवाद पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने अपना बयान जारी किया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि मुझे यह पढ़कर दुख हुआ कि मीडिया के एक हिस्से ने कल एक तुच्छ मामले की सुनवाई के दौरान मेरी मौखिक टिप्पणियों को किस तरह गलत तरीके से पेश किया है। मैंने विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना की थी, जिन्होंने फर्जी और नकली डिग्रियों की मदद से वकालत जैसे व्यवसायों में प्रवेश किया है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य प्रतिष्ठित व्यवसायों में भी घुसपैठ कर चुके हैं, इसलिए वे परजीवी की तरह हैं। चीफ जस्टिस ने अपने बयान में कहा है कि यह कहना पूरी तरह से बेबुनियाद है कि मैंने हमारे देश के युवाओं की आलोचना की मुझे न केवल हमारे वर्तमान और भविष्य के मानव संसाधन पर गर्व है, बल्कि भारत का हर युवा मुझे प्रेरित करता है। चीफ जस्टिस ने कहा है कि यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारतीय युवाओं के मन में मेरे लिए बहुत आदर और सम्मान है और मैं भी उन्हें एक विकसित भारत के स्तंभों के रूप में देखता हूं। उल्लेखनीय है कि 15 मई को चीफ जस्टिस ने एक सुनवाई के दौरान कॉकरोच संबंधी बयान दिया था जिस पर काफी बवाल मचा था।

# आजम खान को तंखाइया मामले में झटका विवादित बयान मामले में कोर्ट ने माना दोषी

रामपुर, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को एक और मामले में कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए विवादित बयान मामले में उन्हें दोषी करार दिया है।

यह मामला उस चुनावी भाषण से जुड़ा है जिसमें उन्होंने तत्कालीन जिलाधिकारी (डीएम) को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आजम खान के खिलाफ आरोपों को सिद्ध माना है। हालांकि सजा कितनी होगी, इस पर फैसला अलग से सुनाया जाएगा। फैसले को देखते हुए कोर्ट परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यह मामला 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान का है, जब आजम खान समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर रामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान वह भोट थाना क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने प्रशासन और तत्कालीन जिलाधिकारी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उनका भाषण बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। आरोप है कि भाषण में उन्होंने डीएम को तंखाइया कहते हुए लोगों से डरने की जरूरत नहीं बताई थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि चुनाव जीतने के बाद वह उनसे जूते साफ कराएंगे। इस बयान में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती का भी जिक्र किया था। उनकी इस टिप्पणी को लेकर उस समय राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में काफी विवाद हुआ था।

### कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बोले- रॉबर्ट वाड्रा

## मैं निडर हूं, मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं

एजेंसी, चंडीगढ़।



प्रियंका गांधी के पति व कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा शनिवार को शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनीलांड्रिंग (पीएमएलए) मामले में पेश होने के लिए दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। इससे एक दिन पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दाखिल चार्जशीट का संज्ञान लिया था।

यह चार्जशीट रॉबर्ट वाड्रा और अन्य लोगों के खिलाफ दाखिल की गई है। मामले में जमानत मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि उन्हें देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि ईडी को सरकार चला रही है और ईडी सरकार के इशारों पर ही काम करती रहेगी, लेकिन मुझे देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

मैं हमेशा यहीं रहूंगा और सभी सवालों के जवाब दूंगा। मैं निडर हूं और मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

# नीट यूजी पेपर लीक मामला : सीबीआई ने जीव विज्ञान पेपर लीक की कथित मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में जीव विज्ञान विषय के प्रश्न लीक करने की कथित मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। एजेंसी ने पुणे की वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंडारे को यहां से गिरफ्तार कर लिया। वह राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त की गई थीं।

सीबीआई ने बताया कि मनीषा मंडारे को वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान के प्रश्नपत्रों तक पूरी पहुंच थी। जांच में सामने आया है कि अप्रैल महीने में उसने पुणे की मनीषा वाघमारे के माध्यम से संभावित अभ्यर्थियों को जुटाया और अपने पुणे स्थित आवास पर विशेष कोचिंग कक्षाएं संचालित कीं। मनीषा को पहले ही 14 मई को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी के अनुसार इन कक्षाओं के दौरान उन्होंने वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान से जुड़े कई प्रश्न अभ्यर्थियों को बताए तथा उन्हें अपनी कॉपियों और पाठ्य पुस्तकों में चिह्नित करने को कहा। बाद में इनमें से अधिकांश प्रश्न 03 मई को आयोजित वास्तविक नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र से मेल खाते पाए गए। सीबीआई ने पिछले 24 घंटों के दौरान देशभर में 06 स्थानों पर छापेमारी भी की। कार्रवाई के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक विवरण और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। सीबीआई ने 12 मई को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद विशेष जांच दल गठित किए गए और देशभर में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर कई संदिग्धों से पूछताछ की गई। एजेंसी ने बताया कि अब तक दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से कुल नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से पांच आरोपितों को अदालत में पेश कर सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। दो अन्य आरोपितों को पुणे से पारगमन (ट्रांजिट) रिमांड पर दिल्ली लाया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया जा रहा है।

### सुलभ | प्रधानमंत्री मोदी की अपील का दिखा असर

# एक ही झटके में चांदी हुई धड़ाम, सोने के भी गिरे दाम

आर.बी.सिंह



**लखनऊ।** भारतीय सर्राफा बाजार में आज 15 मई के कारोबार में सोना और चांदी में जबरदस्त गिरावट देखी गई है। सर्राफा बाजार में चांदी ने तो गोता ही लगा दिया,चांदी 10 हजार रुपए गिर गई। वहीं सोने के दाम भी काफी नीचे आ गए।

लखनऊ सर्राफा बाजार की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक चांदी की कीमत में एक ही दिन में 10 हजार रुपये की भारी गिरावट आई। जिससे एक किलो चांदी का भाव आज 2 लाख 90 हजार रुपये पर आ गया। कल यानी शुक्रवार तक यही चांदी पूरे 3 लाख रुपये प्रति किग्रा पर बिक रही थी।

चांदी की ही तरह सोने में भी गिरावट आई है। 24 कैरेट सोने की कीमत में आज 4,200/ रुपये की कमी आई। इस गिरावट के बाद 10 ग्राम सोना अब 1,58,060/ रुपये, 22 कैरेट 4,050/ रूपये टूटकर 1,44,900/ रूपये और 18 कैरेट सोना भी 3,320/ रूपये गिरकर 1,18,580/ रूपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

सोने-चांदी के गिरते दामों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक हालिया बयान खूब चर्चा में है। कर्नाटक और तेलंगाना की रैलियों के दौरान पीएम ने देशवासियों से एक खास अपील की थी। रैली में उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा बचाने के लिए जरूरी है कि देश के लोग अगले एक साल तक सोना खरीदने से बचें। पीएम मोदी ने तर्क दिया कि भारत अपनी जरूरत का 99त्न सोना विदेशों से आयात करता है, जिससे देश का भारी रकम बाहर चला जाता है। श्री मोदी ने कहा कि जिस तरह पुराने समय में लोग संकट के वक्त सोना दान कर देते थे, आज हमें दान की नहीं बल्कि संयम की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अगर हम सालभर सोना नहीं खरीदेंगे तो देश की विदेशी मुद्रा बचेगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। अब देखना यह है कि कीमतों में आई इस गिरावट के बाद बाजार का रुख क्या रहता है और क्या लोग प्रधानमंत्री मोदी की इस अपील को मानकर खरीदारी से दूरी बनाते हैं?

# मंडलायुक्त व आईजी ने सुनी जनसमस्याएं

▸ अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति नागपाल एवं आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने शनिवार को गोंडा सदर तहसील पहुंचकर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर विधायक श्री प्रतीक भूषण सिंह जी भी जनता के बीच मौजूद रहे।

विधायक की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर निकाय, कृषि तथा पेंशन से संबंधित विभिन्न प्रकरण प्राप्त हुए। मंडलायुक्त एवं आईजी ने एक-एक शिकायत का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से मौके की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। आईजी अमित पाठक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा, भूमि विवाद एवं आपसी विवादों से जुड़े मामलों में पुलिस संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करे। जनसुनवाई के दौरान इटियाथोक निवासी करमचंद तिवारी द्वारा बिना डिग्री एवं लाइसेंस के कथित रूप से मेडिकल स्टोर संचालन एवं उपचार किए जाने की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने एसडीएम सदर को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। झंझरी निवासी स्वाले ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अधिनियम के तहत आख्या प्रस्तुत न किए जाने एवं निर्माण कार्य न रोके जाने की शिकायत दर्ज कराई। इसी क्रम में ग्राम मुंजेहना थाना धानेपुर निवासी फरीदा बानो ने भूमि विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इसी प्रकार शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 158 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया उन्होंने कहा कि अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# प्रत्येक छात्र को अपनी रुचि के क्षेत्र में मेहनत व लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए : नेहा मिश्रा

करनैलगंज /गोंडा समृद्धि न्यूज।

जेड आई सी टी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट, लारी रोड सदर बाज़ार करनैलगंज द्वारा "E&cellence Award Ceremony" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग सत्रह स्कूल-कॉलेजों के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी करनैलगंज सुश्री नेहा मिश्रा जी रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्यारा बचपन ए प्ले स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कनीज़ फातमा ने किया। संस्था के डायरेक्टर मोहसिन ख़ान ने मुख्य अतिथि का बुके एवं मेमेंटो भेंट कर स्वागत किया।




अपने संबोधन में उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को अपनी रुचि के क्षेत्र में मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग कर रही है, जिसका लाभ सभी विद्यार्थियों को उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं सोनम गुप्ता, मुस्कान मौर्या, आकृति सिंह, शरिया गुप्ता, आलोक दीक्षित, ख़ुशी मिश्रा, आनंद शुक्ला, शिवांगी गोस्वामी एवं अर्शिया बानो को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में अफ़ज़ान अहमद, खुशबू तिवारी, उन्नति दुबे, सदफ़, पूर्ती शुक्ला, नारायण द्विवेदी, फ़िज़ा, स्वाति मिश्रा, प्रीति गोस्वामी एवं मोहम्मद अज़ीम को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अवधी कॉमेडियन रमेश दूबे रामेशवा ने भी अपनी प्रेरणादायक एवं हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के डायरेक्टर मोहसिन ख़ान ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एक विशेष घोषणा की कि जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में अपने विद्यालय में टॉप किया है, उन्हें संस्था की ओर से एक वर्ष का कंप्यूटर कोर्स निःशुल्क कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने 48 आरक्षियों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 48 आरक्षियोँ के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए अरुण वर्मा को अभियोजन, लवकुश यादव को खरगू पुर थाना, श्याम बिहारी यादव को पुलिस लाइन, चन्दन यादव को महिला थाना, मुख्य आरक्षी सुशांत मिश्रा को चुनाव सेल,संज्ञा भारती को न्यायालय सम्मन सेल, अनूप कुमार को कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, रूपा देवी को न्यायालय सुरक्षा, विकास शर्मा को कार्यालय क्षेत्राधिकारी कर्नल गंज ,अमित कुमार मौर्य को इटियाथोक, अजय प्रताप सिंह को वजीर गंज, शशि भूषण पाठक को कोतवाली नगर, राकेश प्रजापति को कौड़ियां, अखिलेश कुमार वर्मा अभियोजन कार्यालय, राम बाबू राणा न्यायालय सुरक्षा, सुरेश कुमार राणा न्यायालय पैरोकार थाना मोती गंज,रेखा को महिला थाना, सोनी वर्मा कोतवाली नगर ,राजेंद्र कुमार थाना कोतवाली नगर, रंजित कुमार उमरी बेगम गंज, बृज मोहन कुशवाहा कोतवाली देहात ,विनय कुमार, राजन, जितेंद्र कुमार गौड़ छपिया, आशुतोष कुमार को थाना ए एच टी, दिनेश कुमार यादव को थाना मनका पुर, संगीता चौधरी को न्यायालय सम्मन सेल ,विवेक कुमार रावत नगर कोतवाली ,सीमा यादव को एस जी पी यू ,सपना वजीर गंज थाना ,लक्ष्मी मिश्र को क्षेत्राधिकारी लाइन, अभय कुमार न्यायालय सम्मन सेल ,पंकज कुमार मृत्युंजय कोतवाली देहात, मोहित कुमार , उज्जवल कुमार सिंह कोतवाली नगर , राहुल वर्मा पैरोकार न्यायालय खरगू पुर थाना, विमल गौतम थाना वजीर गंज ,मंजू वर्मा विशेष जांच प्रकोष्ठ, चंद्रशेखर यादव गोपनीय कार्यालय, आशुतोष कुमार तिवारी, अभिनव प्रताप सिंह एस ओ जी स्वाट टीम, अमृत कुमार थाना तरब गंज, अभिषेक यादव, छोटे लाल थाना मोती गंज, मुन्नीलाल चौहान इटियाथोक, विजय कुमार धाने पुर एवं सौरभ कुमार सिंह खरगू पुर थाना।

### वृद्धा लापता

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड हाइडिल कालोनी निवासी 75 वर्षीय राबड़ी देवी अचानक घर से लापता हो गई। काफी खोज बीन के बाद कही पता नहीं चल सका। उप निरीक्षक सुधांशु पाठक ने बताया कि गुमशुदी का मुकदमा दर्ज किया गया है। गायब वृद्ध महिला की तलाश की जा रही है।

### तेज रफ्तार बस पेड़ से टकराई, चालक समेत 23 यात्री घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच-नानपारा मार्ग पर शनिवार दोपहर एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में चालक सहित कुल 23 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मटेरा चौकी इंचार्ज पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। बस बहराइच के प्राइवेट बस स्टैंड से यात्रियों को लेकर मिहिपुरवा जा रही थी। मटेरा थाना क्षेत्र के भवनियापुर के पास पहुंचने पर बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बबूल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घायलों में बूंदीलाल, फूलकुमारी, मीरा, मोनू, दीपिका, वर्तिका, कुंती, अनीता, हनीफ, ममता और अनूप सहित कुल 23 लोग शामिल हैं। मटेरा चौकी प्रभारी गोपाल तिवारी ने बताया कि सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नानपारा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### मउर सेरवाने के दौरान विवाद में युवक की हत्या, 24 घंटे में चार आरोपी गिरफ्तार



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के ग्राम गोल्हीपुर में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड एवं दो लकड़ी के डंडे भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार ग्राम परशुरामपुर निवासी सुशीला देवी पत्नी तेज बहादुर यादव ने तहरीर देकर बताया था कि 14 मई को ग्राम गोल्हीपुर स्थित काली मंदिर के पास जयकरन के पुत्र की शादी में मउर सेरवाने का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान महिलाओं के बीच विवाद हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति तेज बहादुर यादव पर आरोपियों ने लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी सादुल्लानगर ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल गोण्डा रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मथुरा-मनकापुर मार्ग से लखनऊ भागने की फिराक में खड़े चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रामदास कश्यप, रिंकू, जयकरन कश्यप और हजारी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपी रिंकू ने बताया कि विवाद के दौरान उसने चेन स्पाकेट लगी लोहे की रॉड से तेज बहादुर के सिर पर वार किया था, जबकि अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड तथा दो लकड़ी के डंडे बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

# दिव्यांग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 24 को

गोण्डा , समृद्धि न्यूज़

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज सीएमओ सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समाजसेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उपसभापति डॉ शेर बहादुर सिंह ने बताया जैनस इनीशिएटिव्स संस्था एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए एक वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की जानकारी दी। अनिल श्रीवास्तव ने बताया यह स्वास्थ्य शिविर आगामी 24 मई, रविवार को आयोजित किया जाएगा। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य पंकज सिन्हा ने बताया गया कि शिविर में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके। मंडलीय प्रभारी कसीम सिद्दीकी ने कहा



शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। बैठक में उपस्थित रेड क्रॉस के सचिव डॉ अनिल तिवारी ने पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए शिविर को सफल बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।इस बैठक में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के बी सिंह, सोनू द्विवेदी, संतोष सिंह, राजन श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, राकेश श्रीवास्तव, विनय कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

मोती गंज थाना क्षेत्र में मनका पुर मार्ग स्थित काजी देवर ग्राम के पास शनिवार की सुबह करीब11 बजे बाइक पर सवार हो कर चाचा भतीजा गोंडा आ रहे थे।

सामने से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है । मोती गंज थाना क्षेत्र के झिलाही बाजार निवासी 18 वर्षीय अंकित पासवान पुत्र दशमी उर्फ अनिल उस के चाचा 20 वर्षीय राम औतार पुत्र बेचू लाल दोनों एक बाइक पर सवार हो कर गोंडा आ रहे थे। गोंडा से मनका पुर की तरफ बाइक लदी



पिकअप जा रही थी। सामने से दोनो को टक्कर मार दिया। दोनों सड़क पर गिर गए।आसपास के लोग और पुलिस ने इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजवाया। लाते समय रास्ते में मौत हो गई।

ग्राम प्रधान कौशलेंद्र ओझा ने बताया कि दोनो चाचा भतीजा टाइल्स लगाने का ठेका लेते थे ।गोंडा में कचहरी की तरफ कही टाइल्स लगाने का ठेका मिला था। उसी को देखने के लिए जा रहे थे। तभी यह घटना घट गई। मौत की खबर मिलते ही घर और गांव में मातम छह गया । मृतक राम औरत तीन भाई थे। सब से बड़ा भाई अशोक कुमार फिर राज कुमार है।दो बहन डेला और पूजा है। जिस में डेला की शादी हो गई है। मृतक राम औतार की मां रामावती की दो वर्ष पहले मौत हो गई है।

### टाइल्स मिस्त्री थे मृतक

सड़क दुर्घटना में अंकित पासवान और राम औतार की शनिवार के दिन मौत हो गई। दोनों रिश्ते में चाचा भतीजा थे ।

दोनों टाइल्स मिस्त्री थे।दोनो एक साथ रहकर काम करने का ठेका लेते थे। अंकित पासवान घर का इकलौता था। मृतक अंकित पासवान घर का इकलौता था। उस की मौत से घर में दु:ख का पहाड़ टूट गया। मां अनीता का रो-रो का बुरा हाल है।

# मक्के के खेत में 24 घंटे बाद मिला मासूम छात्रा का शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका



**राहुल सोनी/ साकेत वर्मा, बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में कक्षा तीन की एक मासूम छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बच्ची बीते 24 घंटे से लापता थी। शनिवार सुबह गांव के बाहर मक्के के खेत में शव मिलने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मृत बच्ची की पहचान पूजा पुत्री अरविंद कुमार निवासी मथुरा गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पूजा शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे दादी के कहने पर घर से आम बिनने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरू की थी और गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज किया गया था।शनिवार सुबह करीब आठ बजे गांव के बाहर मक्के के खेत में बच्ची का शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय महेश कुमार, शिवकुमार, दलवीर सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था तथा उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। घटना को देखकर ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। मृतका के मां ने कहा कि मुझे बच्ची का शव नहीं देखने दिया गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव तथा अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, जबकि क्राइम ब्रांच समेत कई टीमों को घटना के खुलासे में लगाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषी चाहे कोई भी हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मृतका के पिता मुंबई में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वह मुंबई से गांव के लिए रवाना हो गए हैं। गांव में घटना के बाद शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# घर में लगी आग, महिला गंभीर रूप से झुलसी

▸ महिला ने भाइयों पर लगाया आग लगाने का आरोप

▸ जलती हुई महिला घर से चीखते हुए बाहर भागी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में जलती हुई महिला घर से चीखती हुई बाहर भागी। पति ने किसी तरह आग बुझाया। तब तक उसके सारे कपड़े जल गए थे, वो बुरी तरह से झुलस गई। इसी हालत में पति उसे बाइक से अस्पताल ले जाने लगा। तभी उसके सौतेले भाई और भजीते आ गए। उन्होंने पति को खींचकर बाइक से गिरा दिया। फिर महिला को न्यूड हालत में ही जमीन पर पटक कर मारने लगे।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से गंभीर हालत में उसे लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आई है।पुलिस के मुताबिक, वीडियो में मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। फुटेज में दिख रहा है कि महिला का पति एक डिब्बा लेकर आता है और उसे घर के अंदर रख देता है। बाहर निकलकर बाइक को पैदल ही घर के पीछे ले जाता है। इतनी ही देर में अचानक धमाके के साथ आग लग जाती है और महिला जलती हुई घर से बाहर निकलती है। तभी पति बाइक से घर के सामने पहुंचता है और आग बुझाने की कोशिश करता है। आग बुझाकर महिला को बाइक पर बैठाता है। तभी वहां महिला के भाई और भतीजे पहुंचते हैं। उनके साथ एक लड़की भी थी। वह पहले पति को बाइक से खींचकर गिराते हैं। इसके बाद महिला को थप्पड़ मारते हैं। उसे जमीन पर पटक देते हैं। वह महिला और उसके पति के साथ मारपीट करते हैं। एएसपी आयुष विक्रम सिंह ने बताया- पुलिस जांच में एक 4 मिनट का सीसीटीवी मिला है। जिसे देखकर मामला संदिग्ध लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है। महिला का कहना है कि उसके सौतेले भाई और भतीजे ने उसे घर में जिंदा जलाने की कोशिश की। फिर उसके और उसके पति के साथ मारपीट भी की। महिला के पति ने आरोपी भाई और भतीजे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।नुरुद्दीनचक गांव की चंदा (38) अपने तीसरे पति राजीव (41) के साथ रहती है। चंदा की पहली शादी नाजिरपुरा निवासी खुर्शीद से हुई थी। इसके बाद दूसरी शादी कानपुर में हुई, लेकिन दोनों पतियों से अनबन होने के कारण उसने उन्हें छोड़ दिया। दूसरे पति से उसकी एक बेटी शबनम है, जिसकी शादी हो चुकी है। राजीव जयपुर का रहने वाला है। एक सप्ताह पहले ही जयपुर से यहां आया था। चंदा जिस घर में रहती है, उसे लेकर उसका अपने सौतेले भाइयों से पिछले 5 सालों से झगड़ा चल रहा है। घर में अभी भी दरवाजे नहीं लगे हैं। चंदा की यह तीसरी शादी है। राजीव ने एफआईआर में बताया कि वह चंदा के साथ तेबुनिशा मोहल्ले की शाहीदा कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। चंदा का अपना मकान नूरुद्दीनचक में है, जहां से वह पिछले कई दिनों से घरेलू सामान किराए के मकान में ला रही थी। शनिवार रात करीब 8 बजे चंदा नूरुद्दीनचक स्थित अपने मकान पर गई थी, जबकि वह किराए के मकान में रुका हुआ था। रात करीब 12 बजे चंदा ने फोन कर बताया कि उसका अपने भाइयों से विवाद हो रहा है। सूचना मिलने पर वह वहां पहुंचा और दोनों ने मिलकर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। राजीव का आरोप है कि इसी दौरान चंदा के सौतेले भाई शफी, शम्मी और आश्फी ने उसके साथ मारपीट की। चंदा को भी धक्का दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने मकान में घुसकर आग लगा दी, जिसमें चंदा गंभीर रूप से झुलस गई। आग में उनका मोबाइल फोन, पर्स और घरेलू सामान भी जल गया। आरोपी उन्हें फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

### भाइयों के खिलाफ दर्ज कराया था केस

महिला करीब 60 प्रतिशत जल गई है। डॉक्टरों ने गंभीर हालत में उसे लखनऊ रेफर किया है। महिला का आरोप है कि उसके सौतेले भाइयों मोहम्मद सफी, शामी और आश्मी ने घर में आग लगाई है। चंदा का अपने भाइयों के साथ जमीन को लेकर सिविल खंड बहराइच में विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले उसने अपने सौतेले भाइयों के खिलाफ मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया था। सीओ सिटी नारायण दत्त मिश्रा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। आग पर काबू पा लिया गया है। हादसे में झुलसी चंदा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। महिला के पति राजीव की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आग किन कारणों से लगी और घटना कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है।

# दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 10 किलो अफीम बरामद

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रूपईडीहा पुलिस और एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 किलो 50 ग्राम अफीम बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 51 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि



रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज इलाके में दो तस्कर मादक पदार्थ के साथ मौजूद हैं। इस सूचना पर एएनटीएफ बाराबंकी के उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक करुणेश पांडे, मनीष दुबे, रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत और उपनिरीक्षक जीतेश सिंह की टीम गठित की गई। संयुक्त टीम ने बाबागंज मल्हीपुर मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी की और दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 10 किलो 50 ग्राम अफीम बरामद हुई। थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान नेपाल निवासी खिम बहादुर कार्की और बहराइच के बाबागंज निवासी पंकज वर्मा के रूप में हुई है।

# सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा भाव से की वट सावित्री पूजा

मिहींपुरवा-बहराइच समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक मिहींपुरवा क्षेत्र में शनिवार को वट सावित्री पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही सुहागिन महिलाओं का गांवों के समीप स्थित वट वृक्षों के पास पहुंचना शुरू हो गया। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दोपहर करीब 11 बजे के बाद वट वृक्ष के पास महिलाओं की भारी भीड़ जुट गई।महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा पूजा के दौरान कथा श्रवण भी किया। पूजा सम्पन्न होने के बाद महिलाओं ने वट वृक्ष की कली ग्रहण कर अपना व्रत खोला और फिर अन्य भोजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व पारंपरिक आस्था और रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। मिहींपुरवा ब्लॉक क्षेत्र के गोपियां, कुड़वा, जरही, बिछपरिया, जयराम पुरवा समेत विभिन्न गांवों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से वट सावित्री पूजा की। पूजा के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।



▸ महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य की कामना की

### सुहाग की रक्षा और पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत

जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़ जरवल रोड में शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत श्रद्धा, विश्वास और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के सुहाग की रक्षा, सुख समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा तथा वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। ब्रह्म मुहूर्त में महिलाओं ने स्नान कर 16 श्रृंगार धारण किया और नए वस्त्र पहन कर पूजा की तैयारी की। इसके बाद महिलाएं समूह में वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुई जहां सत्यवान सावित्री की विधिवत पूजाकर कच्चे धागे से सात परिक्रमा की गई। पूजा के दौरान महिलाओं ने सत्यवान सावित्री की अमर कथा का श्रवण किया तथा पति के दीर्घायु होने और अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। इस दौरान पूजा में लाल खरबूजा प्रसाद के रूप में चढ़ाया गया। महिलाओं ने पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया तथा घरों में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवान तैयार किए। वही बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को व्रत की धार्मिक मान्यता और सत्यवान सावित्री की कथा के बारे में जानकारी प्रदान की। पौराणिक कथा के अनुसार, माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस छीन लिए थे। तभी से अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं यह व्रत रखती चली आ रही हैं। मान्यता है कि वटवृक्ष में त्रिदेव ( ब्रह्मा विष्णु और महेश) का वास होता है। इसलिए इस पेड़ की पूजा करने से घर में सुख समृद्धि और खुशहाली आती है। इस दौरान क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने वृक्ष की पूजा अर्चना की।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बन रहा विकसित राष्ट्र : कमलेश मिश्रा

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत तुलसीपुर स्थित एमडीएस रिजॉर्ट में चल रहे दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शनिवार को समापन हुआ। पांच सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और मीडिया प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की।

मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने ÷कार्यकर्ता विकास एवं दायित्वबोध÷ विषय पर कहा कि आज ग्राम प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व है। 22 से अधिक राज्यों में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने व्यक्तिगत विकास से ही पार्टी में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है। अच्छा कार्यकर्ता वही होता है जो अच्छा श्रोता हो। श्री मिश्रा ने कहा कि आज विश्व में चारों तरफ युद्ध का माहौल है, जबकि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत की बढ़ती ताकत को देखकर अमेरिका जैसा देश भारत को युद्ध में फंसाना चाह रहा है ताकि देश विकास की राह से भटक जाए। पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने समय रहते जवाबी कार्रवाई कर आतंकवादियों के कैंपों को नष्ट किया और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। 2014 के बाद भाजपा सरकार बनने से देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कार्य पद्धति के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी पार्टी की विचारधारा तभी सफल हो सकती है जब उसकी सुव्यवस्थित कार्य




पद्धति हो। पार्टी का मुख्य उद्देश्य सुचारू संचालन और अनुशासन है। भाजपा सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए राजनीति करती है। वैचारिक अधिष्ठान विषय पर बोलते हुए वर्गाधिकारी डॉ रंजन शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मवाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पथनिष्ठा के सपनों को केंद्र एवं प्रदेश की सरकार साकार कर रही है। इसी क्रम में मीडिया प्रबंधन पर आलोक अवस्थी, सोशल मीडिया पर अभिषेक तिवारी तथा विचार परिवार विषय पर श्री कृष्ण शास्त्री ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, एमएलसी सकेत मिश्रा, विधायकगण पलटू राम, कैलाश नाथ शुक्ला, रामप्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, संजय शुक्ला, वरुण सिंह मोनू, जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा महेंद्र पांडे, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह वैस, सह मीडिया प्रभारी अवधेश पाण्डेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललित तिवारी, नंदिनी शुक्ला, साधना पांडे, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, संदीप उपाध्याय, रवि वर्मा, प्रिंस वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री करेंगे बढ़े मानदेय वितरण का शुभारंभ

एजेंसी, लखनऊ।



- अंशकालिक अनुदेशकों का होगा सम्मान
- लोकभवन से सीएम करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता, जिलों में होगा लाइव प्रसारण

प्रदेश सरकार अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान और उनके बढ़े मानदेय वितरण को लेकर कल 17 मई को पूरे उत्तर प्रदेश में भव्य कार्यक्रम होंगे।

लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े मानदेय वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम सायं 4 बजे से होगा। सरकार द्वारा पूर्व में शासनादेश के तहत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया था। बढ़ा मानदेय 1 अप्रैल से प्रभावी किया गया है। प्रदेशभर में प्रतीकात्मक चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम को प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के सम्मान और उनकी आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार निरंतर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम के समानांतर जिलों में भी भव्य आयोजन किए जाएं।

## गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार करेगी पूरी मदद : योगी

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने शनिवार को लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उपचार में पूरी सहायता देगी जिसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड भी बनवाए जाएंगे। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करीब 200 लोगों से मिले और उन्होंने लोगों से प्रार्थना पत्र लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समाधान समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक ढंग से किया जाए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। एक महिला ने अपने बच्चे के इलाज में आर्थिक कठिनाई और आयुष्मान कार्ड न होने की समस्या बताई जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा, शिश्चंता मत करिए, बच्चे का इलाज जरूर होगा। आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाएगा और विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।श्श् मुख्यमंत्री ने एक अन्य महिला को भी इसी तरह भरोसा दिलाया। इलाज से संबंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि उपचार के अनुमानित खर्च का ब्योरा तैयार कर जल्द शासन को भेजा जाए। बयान के अनुसार, अपराध और जमीन कब्जाने से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : केशव

- प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व अधिकारों के संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध : केशव
- प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत महिला कर्मचारी के साथ कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लिया गया
- बलिया में तैनात बीडीओ सस्पेंड



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बलिया में तैनात खण्ड विकास अधिकारी श्रवण प्रसाद गुप्ता के विरुद्ध गंभीर आरोपों के मामले में कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों एवं प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत महिला कर्मचारी के साथ कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लिया गया। शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी, बलिया द्वारा गठित स्थानीय परिवाद समिति की जांच आख्या में प्रथम दृष्टया आरोप सत्य पाए जाने पर शासन ने तत्काल प्रभाव से श्रवण प्रसाद गुप्ता को निलंबित कर दिया है।

शासनादेश के अनुसार जांच में परिलक्षित हुआ कि संबंधित अधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम-2013 (पीओएसएच एक्ट) के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जो कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली-1956 के नियमों के विपरीत है।

उपमुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी स्तर पर भय, उत्पीड़न अथवा अनुचित व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### तालाब में डूबने से छात्र की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किसान पथ के किनारे स्थित तालाब में डूबने से 13 साल के किशोर की डूबने से मौत हो गई। वह अपने भाई और दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाते समय गहरे पानी में चला गया। सूचना पर पहुंचीं त्त्थ् टीम ने कई घंटों तक रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक क्लास 7 का छात्र था। सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ता था। जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार को हुई, जब डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली। बताया गया कि किसान पथ के किनारे बने तालाब में चार बच्चे नहा रहे थे। इसी दौरान 13 वर्षीय जितेंद्र, पुत्र राकेश, निवासी ग्राम सभा खेड़ा कल्ली पश्चिम, लखनऊ, गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। अपने दोस्त को डूबता देख वहां मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफकी मदद से किशोर की तलाश में कई घंटों तक बचाव अभियान चलाया गया। तालाब में जलकुंभी होने के कारण किशोर गहरे पानी में फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। एसडीआरएफकी टीम ने बचाव अभियान चलाकर किशोर को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद उसे पीजीआई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता राकेश और मां सुमन पीजीआई में संविदा सफाई कर्मचारी हैं। परिवार में दो बेटे और चार बेटियां हैं।

### मजदूर ने संदिग्ध हालत में लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक 45 वर्षीय मजदूर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शुक्रवार रात की है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान धावापुर निवासी रामविलास (45) के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी सोनी और बेटी दिव्यांशी के साथ रहते थे और मजदूरी का काम करते थे। शुक्रवार रात रामविलास खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे, जबकि उनकी पत्नी सोनी और बेटी दिव्यांशी छत पर सो रही थीं। रात करीब 2 बजे रामविलास के पिता अयोध्या प्रसाद पेशाब करने के लिए उठे। अयोध्या प्रसाद ने रामविलास को उनके कमरे की खिड़की के सामने पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटका हुआ पाया। उन्होंने तुरंत परिजनों को और फिर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रामविलास पिछले दो वर्षों से बीमार चल रहे थे और इस वजह से काफी परेशान रहते थे। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### युवक ने सुसाइड किया, किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा थाना क्षेत्र के जनता विहार बदल खेड़ा इलाके में एक युवक ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार देर रात की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान अमन भारती (23) पुत्र स्वर्गीय रवि भारती के रूप में हुई है। वह अपनी मां संगीता भारती के साथ जनता विहार बदल खेड़ा में रहता था। अमन पानी सप्लाई का काम करता था और अपने कुछ साथियों के साथ कॉलोनी में राजकुमार के मकान में किराए पर रह रहा था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात अमन अपने कमरे में था। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर उसकी मां संगीता भारती को शक हुआ। रात लगभग एक बजे जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा, तो अमन का शव पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला। संगीता भारती की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और अमन के साथी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना तुरंत पारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस उसके साथियों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि सच्चाई का पता चल सके। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में शुक्रवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपनी ससुराल में रह रहा था। सूचना मिलने पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अमरेश (28) के रूप में हुई है। वह रायबरेली के बछरावां थाना क्षेत्र के गुरुदीन खेड़ा का निवासी था। वह अपनी पत्नी अनुराधा और दो बच्चों के साथ मस्तीपुर स्थित ससुराल में रह रहा था। बताया जा रहा है कि अमरेश शराब पीने का आदी था। इसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। शुक्रवार शाम करीब चार बजे अमरेश घर के पीछे बाग में पहुंचा और एक पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, जिसके बाद उसका शव पेड़ से लटका हुआ मिला। निगोहां पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है और आगे की जांच जारी है।

# प्रतीक यादव की अस्थियां विसर्जित, फूट-फूटकर रोईं अपर्णा

- हरिद्वार में बेटी ने कलश माथे से लगाया



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव की अस्थियां शनिवार को हरिद्वार में गंगा में विसर्जित की गईं। शिवपाल यादव के सांसद बेटे आदित्य ने अस्थियों को गंगा में प्रवाहित किया। इस दौरान पत्नी अपर्णा फूट-फूटकर रोईं। परिवार के लोगों ने उन्हें संभाला।

छोटी बेटी पद्मजा ने अस्थियों को माथे से लगाया, फिर वह भी फूट-फूटकर रोने लगी। पद्मजा ने आई लव यू पापा लिखा कार्ड गंगा में प्रवाहित किया। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। इससे पहले, योग गुरु बाबा रामदेव की मौजूदगी में घाट पर पुरोहितों ने विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान कराया। इस दौरान अपर्णा यादव दोनों बेटियों प्रथमा और पद्मजा के साथ हाथ जोड़कर बैठीं। अपर्णा चार्टर्ड प्लेन से लखनऊ से हरिद्वार पहुंचीं। साथ में तेज यादव, अक्षय यादव, अपर्णा के पिता अरविंद बिष्ट और भाई अमन भी थे। इसके बाद पूरा परिवार हरिद्वार से कनखल रवाना हो गया। वहां सभी स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज से मुलाकात करेंगे। प्रतीक यादव का लखनऊ में 13 मई को 38 साल की उम्र में निधन हो गया था। 14 मई को उनका अंतिम संस्कार किया गया था। उनके ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने मुखाग्नि दी थी। प्रतीक, मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे थे। उनकी पत्नी अपर्णा यादव भाजपा नेता हैं। वर्तमान में यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। अपर्णा शनिवार सुबह करीब 9.15 बजे परिवार के साथ घर से एयरपोर्ट के लिए रवाना हुईं। देहरादून तक जाने के लिए परिवार ने चार्टर्ड विमान बुक किया था। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर आदित्य यादव अस्थि-कलश लेकर चलते दिखाई दिए। दोपहर करीब 12 बजे अपर्णा यादव पूरे परिवार के साथ देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव अस्थि-कलश लेकर आगे चल रहे थे। तेज प्रताप, अखिलेश यादव के चचेरे भाई दिवंगत रणवीर सिंह यादव के बेटे हैं। प्रो. राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव पूजन सामग्री लेकर चलते दिखे। जौलीग्रांट से परिवार कार से हरिद्वार रवाना हुआ। वहां अस्थि विसर्जन किया गया।

# बारिश से पहले दुरूस्त हो जाये सफाई व्यवस्था : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी में नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने कहा कि नगर से संबंधित विकास कार्यों जैसे रोड, नाली, दीवारों की पेंटिंग, पार्कों का रखरखाव, पार्कों का सौंदर्यीकरण, इंटरलॉकिंग तथा रोड के किनारे सुंदरीकरण के कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाए। 15 मई की रात्रि में नगर विकास मंत्री ने नगर आयुक्त के साथ शहर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने शहर की सड़कों, नालियों, सौंदर्यीकरण कार्यों तथा दीवारों की पेंटिंग का जायजा लिया। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य चलते हुए पाए गए, जहां मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि बारिश से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाए ताकि जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्य तत्काल पूरे किए जाएं। गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की विद्युत समस्या नहीं होनी चाहिए।

# सीएसजेएम और सिख लाइट इन्फैंट्री के बीच एमओयू

- अब देश सेवा के साथ डिग्री भी लेंगे सेना के जवान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सैन्य उत्कृष्टता और शैक्षणिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए फतेहगढ़ स्थित सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट ट्रेनिंग सेंटर और कानपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएम) के बीच ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि विश्वविद्यालय की डी-कोड पहल के तहत हुए इस समझौते से रेजिमेंट के सैनिकों, अग्निवीरों और उनके आश्रितों को उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध होंगे। इस सहयोग के तहत सैन्य समुदाय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (यूजीसी-डीईबी) से मान्यता प्राप्त स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अवसर मिलेगा। बयान में कहा गया कि पात्र अभ्यर्थी कंप्यूटर एप्लीकेशन, व्यापार प्रबंधन और कला जैसे विषयों में डिग्री प्राप्त कर सकेंगे जिससे न केवल उनका शैक्षणिक विकास होगा, बल्कि सेवा के बाद रोजगार और करियर के नए अवसर भी खुलेंगे। इसमें कहा गया कि समझौते का मुख्य उद्देश्य रोबोटिक्स, कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। सीएसजेएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह समझौता राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इससे सैनिक सेवा के दौरान भी अपनी उच्च शिक्षा और बौद्धिक विकास को जारी रख सकेंगे। सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कहा कि यह पहल अग्निवीरों, जवानों और उनके परिवारों को भविष्य की डिजिटल और प्रबंधकीय चुनौतियों के अनुरूप कौशल प्रदान करेगी, जिससे वे प्रतिस्पर्धी बने रह सकेंगे। समारोह में करीब 600 अग्निवीरों, सैनिकों और उनके परिवारों ने पंजीकरण कराया। विश्वविद्यालय ने फतेहगढ़ में जल्द ही एक अध्ययन केंद्र स्थापित करने का आश्वासन दिया है। अगला पंजीकरण जुलाई में नए प्रवेश सत्र के साथ शुरू होगा।

# जब मीटर ही गड़बड़ तो रीडर से क्या उम्मीद : अखिलेश

- फिर गरमाया ऑफिस में मीटर रीडर को मुर्गा बनाने का मामला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुरादाबाद बिजली ऑफिस में मीटर रीडर को मुर्गा बनाकर दंडित करने का मामला फिर गर्म हो गया है।अब यह मामला पूर्व सीएम और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के ट्वीट के बाद सुर्खियों में आ गया है।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि जब मीटर ही गड़बड़ है तो रीडर से क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनके ट्वीट के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा होने लगी है।मामला मुरादाबाद के मुंडापांडे थाना क्षेत्र में दलपतपुर बिजली घर का है। विगत 3 मई को बिजली घर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में मीटर रीडर को विभागीय अधिकारी मुर्गा बनाकर दंडित कर रहे थे।मीटर रीडर पर उपभोक्ता के 25 हजार रुपये हड़पने का आरोप है। आरोप है की मीटर रीडर ने बकाया बिल जमा कराने के नाम पर रुपये तो ले लिए लेकिन पैसा खुद डकार गया। मिली जानकारी के मुताबिक संविदा पर तैनात मीटर रीडर रानू कुमार ने एक उपभोक्ता को बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी थी। फिर बकाए के रूप से उपभोक्ता से 25 हजार रुपये वसूल कर फर्जी रसीद थमा दी थी। कुछ दिन बाद अभियान के तहत बिजली निगम ने उपभोक्ता को दोबारा बकाए का नोटिस थमाया तो हंगामा मच गया। लोग बिजली ऑफिस पहुंचकर बवाल करने लगे।लोगों की मौजूदगी में एसडीओ ने ऑफिस कैंपस में ही मीटर रीडर को पकड़कर मुर्गा बनवा दिया था।एसडीओ ने मीटर रीडर को करीब आधे घंटे तक मुर्गा बनाए रखा।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद कर लिया और देखते ही देखते सोशल मीडिया में यह वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। इसी वायरल वीडियो को अब सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पोस्ट करते हुए सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने लिखा है कि जब बिजली का मीटर ही गड़बड़ है तो फिर मीटर रीडर से क्या अपेक्षा की जाए। मामला तूल पकड़ते देख चीफ इंजीनियर ने मामले में एसडीओ की भूमिका की जांच के आदेश दिए हैं।

# आंधी-तूफान से प्रभावितों की मदद करे सरकार : मायावती

- महंगाई पर भी नियंत्रण जरूरी : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य में हाल में आए आंधी-तूफान से हुई भारी तबाही पर चिंता जताते हुए शनिवार को कहा कि राज्य सरकार को प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद के लिए आगे आना चाहिए और महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हाल में उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में आए भीषण आंधी-तूफान से जान-माल की भारी क्षति हुई है। प्रभावित लोगों और परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार को पूरी उदारता के साथ हर प्रकार से सहयोग करना चाहिए। ताकि प्रभावित लोग अपने उजड़े और बिखरे पारिवारिक जीवन को समेटकर दोबारा सामान्य जिंदगी शुरू कर सकें।

बसपा प्रमुख ने कहा, आवश्यक वस्तुओं, खासकर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के दाम में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों, मेहनतकश परिवारों, किसानों और मध्यम वर्ग के जीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा, महंगाई का सीधा असर लोगों के परिवार के पालन-पोषण पर पड़ेगा। मायावती ने सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि महंगाई और आम लोगों का जीवन कठिन बनाने वाली इस तरह की लगातार बढ़ोतरी को रोकने के लिए सार्थक कदम उठाए जाने चाहिए।

### अखण्ड आर्यावर्त ने किया भोजशाला के पक्ष में दिये निर्णय का स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच के भोजशाला को मां वाग्देवी का मंदिर के पक्ष में दिये गये निर्णय का स्वागत किया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने इस निर्णय पर प्रशंसा व्यक्त करते हुये कहा कि श्रीराम जन्मभूमि, भोजशाला की तरह जल्द ही काशी विश्वनाथ, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, लक्ष्मण टीला, लखनऊ सहित देश के हजारों मन्दिर मुगलकाल में इस्लामिक आंक्रान्ताओं के अतिक्रमण से जल्द ही मुक्त होंगे। वहीं श्री त्रिवेदी ने इस्लामिक आंक्रान्ताओं के अतिक्रमण से मुक्त होने वाले मन्दिर के बदले मुस्लिम पक्षों को जमीन देने का प्रावधान को गलत ठहराया है और मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि भोजशाला के बदले मस्जिद के लिये कोई जमीन उपलब्ध न करायी जाये। मालूम हो कि श्रीराम जन्म भूमि के पक्ष में निर्णय आने के बाद अयोध्या के पास धन्नीपुर में मुस्लिम पक्ष को मस्जिद के लिये जमीन देने का निर्णय दिया था हालांकि भोजशाला मामले में इन्दौर हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार पर जमीन देने का निर्णय छोड़ दिया है। श्री त्रिवेदी ने साफकहा कि बदले में जमीन देना दिल को कचोटने वाला निर्णय एक तरह किसी जमीन को अपराधियों के कब्जे से छुड़ाने के लिये फिरौती देना जैसा है। इसलिये मध्य प्रदेश सरकार को भोजशाला के बदले मस्जिद के लिये जमीन देने के निर्णय से बचना चाहिए।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि श्रीराम जन्म भूमि के बाद भोजशाला के पक्ष में आये निर्णय से उत्साहित अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा लखनऊ स्थित लक्ष्मण टीला को भी इस्लामिक आंक्रान्ताओं के अतिक्रमण से मुक्त कराने की लड़ाई में और तेजी लायेगी।

**सराहनीय** | योगी सरकार की योजना, डिजिटल पारदर्शी व्यवस्था से किसानों को सीधा लाभ

# किसानों की समृद्धि का आधार बनी खेत तालाब योजना

राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।

- जल संरक्षण एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम
- खेत तालाब से किसान कर रहे मत्स्य पालन, मोती, सिंघाड़ा उत्पादन



योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए महत्वकांक्षी योजनाएं चला रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि समृद्ध और आत्मनिर्भर उद्यमी भी बनें।

योगी सरकार किसान को खेती तक सीमित नहीं बल्कि उनको आधुनिक तकनीक, जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं और अतिरिक्त आय के स्रोतों से भी जोड़ रही है।

'खेत तालाब योजना' किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित 'खेत तालाब योजना' का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संचयन कर किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध कराना है। योजना के तहत 22 मीटर गुणा 20 मीटर गुणा 3 मीटर आकार का तालाब बनाया जाता है। इसकी लागत1,05,000 निर्धारित की गई है, जिसमें सरकार द्वारा 52,500 रूपये का अनुदान दिया जाता है। किसान को आधी लागत सरकार वहन कर रही है। इससे छोटे और सीमांत किसानों को भी इस योजना का लाभ आसानी से मिल पा रहा है।यह योजना केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है। खेत तालाब में किसान मत्स्य पालन, मोती उत्पादन, सिंघाड़ा उत्पादन और अन्य जलीय खेती कर सकते हैं। इससे किसानों की आय के कई स्रोत विकसित हो रहे हैं।

प्रदेश सरकार आधुनिक सिंचाई व्यवस्था को भी बढ़ावा दे रही है। योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर सेट पर 80 से 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।

वहीं पम्पसेट पर 15,000 अथवा 50 प्रतिशत तक की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों का चयन ऑनलाइन पोर्टल पर बुकिंग के आधार पर 'प्रथम आवक प्रथम पावक' यानी पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धांत पर किया जाएगा। कानपुर नगर के भूमि संरक्षण अधिकारी आरपी कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश सरकार कृषि को आत्मनिर्भर और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष ध्यान दे रही है। जल संरक्षण के माध्यम से खेती को सुरक्षित बनाना, किसानों को आधुनिक सिंचाई प्रणाली से जोड़ना और खेती के साथ मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना सरकार की दूरदर्शी नीति को दर्शाता है।

आज प्रदेश के हजारों किसान इस योजना का लाभ लेकर अपनी आय बढ़ा रहे हैं। खेत तालाब बनने से फसलों की उत्पादकता बढ़ रही है और किसानों को मौसम पर निर्भरता कम करनी पड़ रही है।

# सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर की अखंड सौभाग्य की कामना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी में शनिवार सुबह वट सावित्री पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न मोहल्लों और मंदिरों के पास सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-शांति के लिए व्रत रखा। उन्होंने यम देव से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। पूजा के दौरान बरगद के वृक्ष की परिक्रमा की गई, रक्षा सूत्र बांधा गया और वट सावित्री व्रत कथा सुनी गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट सावित्री व्रत रखने से पति पर आने वाले संकट दूर होते हैं और दांपत्य जीवन सुखमय बना रहता है। सनातन परंपरा में इस पर्व का विशेष महत्व है। पुजारी संकटा शुक्ल ने बताया कि भारतीय संस्कृति में वट वृक्ष को ज्ञान, स्थिरता और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक वट का पौधा लगाना हजारों वृक्ष लगाने के बराबर पुण्य देता है। मान्यता है कि वट वृक्ष के दर्शन और उसके समीप दीपदान करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है और भौतिक कष्ट दूर होते हैं। पूजा-अर्चना के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। महिलाएं पारंपरिक गीत गाती दिखीं और मंदिर परिसरों में धार्मिक वातावरण बना रहा। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पर्व को लेकर नगर में सुबह से ही उत्साह का माहौल था और धार्मिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही बनी रही।

## खबरें एक नजर में

### प्रा.वि. मठिया का जनपद में तीसरा स्थान

**जनपद के दून इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन**

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** जनपद स्तरीय सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में नगर के मठिया प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद के दून इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कक्षा एक से बारह तक की कक्षा के बच्चों की जनपद स्तरीय सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वही पुवायां के मठिया प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्र छात्राओं की टीम को पच्चीस हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की टीम को बीस हजार रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की टीम को पंद्रह हजार रुपए तथा अन्य स्कूलों की टीमों को पांच पांच हजार रुपए का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या अमिता शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की शिक्षिका रेखा के कुशल प्रशिक्षण में बच्चों ने आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति पेश की और जनपद में अपना तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। वही उन्होंने जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

### पति की दीर्घायु की कामना के साथ सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** पति की लंबी आयु की कामना और अखंड सौभाग्य के साथ सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। पूजा के लिए, नगर में स्थित पक्के तालाब पर लगे वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ से ही उमड़ पड़ी। ज्येष्ठ मास की अमावस्या के पावन पर्व वट सावित्री व्रत के अवसर पर नगर के पक्का तालाब मंदिर पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और



अखंड सौभाग्य की कामना के लिए श्रद्धापूर्वक वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नगर के पक्का तालाब मंदिर पर सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। और दिन भर पूजा करने को सुहागिने आती जाती रही। वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुहागिनों ने गांव के वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार करके व्रत रखा और वृक्ष के पेड़ पर जल, रोली, अक्षत, और भीगे हुए चने अर्पित किए। जिसके बाद वृक्ष की परिक्रमा करके उसमें सूत बांधा और माता सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। ऐसी मान्यता है कि इस वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव का वास होता है। इसी वृक्ष के नीचे माता सावित्री ने अपने तप और दृढ़ संकल्प द्वारा यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं श्रद्धा भाव से वट वृक्ष की पूजा करती आ रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर के पास 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरदोई जिले के हैदरपुर गांव निवासी 50वर्षीय पप्पू के रूप में की गई है। पुलिस को घटना स्थल के पास से खून लगा एक डंडा भी मिला है। परिजनों ने पप्पू की हत्या की आशंका व्यक्त की है मृतक के सर पर गंभीर चोटों के निशान थे सर से खून टपक रहा था। परिजनों के अनुसार पप्पू बृहस्पति वार को हरदोई न्यायालय मुकदमे की पेशी पर गया था। मृतक तब से घर नहीं लौटा शुक्रवार सुबह पप्पू का शव जनपद शाहजहांपुर की सीमा में डींगरपुर गांव के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मृतक के भाई आनंद ने हत्या काआरोप लगाया है थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी राजीव कुमार ने बताया अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है शव का पोस्टमार्टम कराया है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दिन दहाड़े फायरिंग से मच हड़कंप

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** युवक ने ग्रामीण पर गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और की तलाश में उसके घर पहुंची । लेकिन वह पुलिस को नहीं मिल सका। घटना की पुलिस को तहरीर दी गई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरिया माल गांव के सौरभ सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे वह राजनपुर गांव की मुख्य सड़क पर स्थित बृजेश की ऑटो पार्ट्स की दुकान पर अपनी बाइक ठीक करा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान राजनपुर गांव निवासी शिवम गंगवार पुत्र दन्नू गंगवार उससे गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर शिवम उसके साथ मारपीट करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव करते हुए उसे घर भेज दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद वह अपने पिता दन्नू गंगवार की एकनाली लाइसेंसी बंदूक लेकर आया और उसे जान से मारने की नीयत से दो फायर कर दिए। इस दौरान उसने पड़ोस की एक दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। फायरिंग से वहां मौजूद दुकानों पर हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाल प्रिंस शर्मा ने पुलिस टीम को भेजा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पीड़ित सौरभ ने घटना की नामजद तहरीर दी है। चर्चा है कि पुलिस ने आरोपी के पिता को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### बारात में दरवाजे के सामने शराब पीने का विरोध करने में टूटी टांग

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** बारात में दरवाजे के सामने शराब पीकर हंगामा करने का विरोध करने पर ससुर दंड समेत चार लोगों ने मारपीट कर पैर तोड़ने के मामले में पीड़ित ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूली निवासी उत्तम कुमार पुत्र श्रीपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 8 मई को उसके गांव में रामदास पुत्र हीरालाल मौर्य के यहा बेटी की बारात आयी थी। रात करीब साढ़े दस बजे बारात दरवाजे से निकल रही थी। जिसमें कुछ बाराती आगे चले रहे थे। लड़की



वालो के रिश्तेदार उसके दरवाजे पर शराब पीकर झगडा कर रहे थे। उसने कहा कि यह दरवाजे पर झगडा न करें । इस बात से वह लोग नाराज हो गये। और गालिया देने लगे। जिसका विरोध करने पर गांव के रामदास, उनका बेटा प्रथ्वीराज तथा रामदास के दामाद कमलेश व रामू पुत्रगण श्रीपाल निवासी ग्राम भेदसराय थाना मदनापुर ने ईट व पत्थर से उसे मारना पीटना शुरु कर दिया जिससे उसके दाये पैर में काफी चोटे आयी है। शोर मचाने पर वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये । उसके घुटना की दो जगह से हड्डी टूट गई है । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नवागत सीओ इशिका सिंह से पीड़ित पक्ष ने लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** एक पखवाड़ा पूर्व निजी आराजी पर कब्जा किए जाने के विरोध के चलते जान लेवा हमला किए जाने के मामले में पीड़ित अलीमुद्दीन शाह ने सीओ इशिका सिंह को घटना से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सीओ से गुरुवार को भेंट कर पीड़ित अलीमुद्दीन ने बताया कि बीती 28 अप्रैल को सायंकाल 5 बजे श्रीमती सुमन गुप्ता की आराजी स्थित हिन्दुपट्टी अन्दर चुंगी कस्बा व परगना तिलहर की देख रेख कर रहा था तभी हारून शाह पुत्र शब्बन शाह ने उक्त आराजी पर कब्जा करने का प्रयास किया । उस के विरोध करने पर अंजाम भुगतने की धमक देकर उक्त चला गया। उसी रात्रि 9 बजे वाद नमाज अपनी परचून की दुकान स्थित मो0 पक्का कटरा कस्बा व थाना तिलहर पर अपने पोते अहद 15 के साथ वैठ था। तभी हारून शाह व फैजान शाह पुत्रगण शब्बन शाह व शब्बान शाह पुत्र वन्ने शाह व हसीब पुत्र नाजिम शाह निवासी मोहल्ला पक्का कटरा व जमीर हसन व चांद हसनू पुत्रगण छिद्दू शाह निवासी मोहल्ला इमली ने एक राय होकर उसकी दुकान में घुसकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे । वह जान बचाने के लिए दुकान से बाहर निकलने को हुआ तभी हारून ने उस को जान से मारने की नियत से वंके से प्रहार कर दिया।

# दबंगों ने फावड़े से किया जानलेवा हमला, नाबालिग गंभीर रूप से घायल

**खेत जोतकर लौट रहे युवक और नाबालिग नाती को दबंगों ने घेरा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

**समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।**



थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कलां में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नत्थु सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ दबंगों ने ट्रैक्टर से घर लौट रहे। मेरे पुत्र और नाबालिग नाती पर लाठी-डंडों और फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नाबालिग के सिर पर फावड़े से गंभीर चोट आई है। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घ्पीड़ित नत्थु सिंह पुत्र जदुनाथ सिंह निवासी सिकंदरपुर कलां द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, विवाद की शुरुआत 14 मई को हुई थी जब गांव के कुछ दबंगों ने उनके साथ गाली-गलौज की थी। उस समय गांव के संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया था।घ्घ् 14 मई 2026 को दबंगों द्वारा नत्थु सिंह के साथ गाली-गलौज और मारपीट का प्रयास।घ15 मई सुबह नत्थु सिंह का पुत्र अनिल और नाती अर्पित ट्रैक्टर से खेत जोतकर घर लौट रहे थे। गांव के किनारे पहले से ही फावड़ा और लाठी-डंडों से लैस गौरव सिंह, हरीश सिंह, पंचम सिंह पुत्र रमन पाल सिंह और मधुकर सिंह पुत्र छोटे सिंह ने ट्रैक्टर रोक लिया। सिर पर फावड़े से किया वार, आत्मरक्षा में निकाला असलहा आरोप है कि ट्रैक्टर रोकते ही दबंगों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच गौरव सिंह ने जान से मारने की नीयत से नाबालिग अर्पित के सिर पर फावड़े से जोरदार हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जब अर्पित पर जानलेवा हमला हुआ, तो अपने और भतीजे की जान बचाने के लिए अनिल ने आत्मरक्षा में असलहा निकाल लिया और वहां से भागने की कोशिश की। घ्सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल घ्घटना के संबंध में पीड़ित नत्थु सिंह ने बताया कि शुरुआती दौर में कुछ लोगों ने केवल अनिल द्वारा असलहा निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिससे मामला एकतरफा दिखे। लेकिन अब पूरी घटना का वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि दबंग किस तरह फावड़े और लाठियों से लैस होकर ट्रैक्टर सवारों पर हमला कर रहे हैं। नत्थु सिंह ने कहा, अगर मेरा बेटा आत्मरक्षा में कदम नहीं उठाता, तो शायद आज मेरा पुत्र और नाती इस दुनिया में नहीं होते। पीड़ित पक्ष ने मदनापुर थाने में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि कानून हाथ में लेने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## बमिहाना में जेष्ठ अमावस्या पर देवी मेले का भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**समृद्धि न्यूज, यादागंज,शाहजहांपुर।** बमिहाना में जेष्ठ मास की अमावस्या के अवसर पर लगने वाले पारंपरिक देवी मेले का आयोजन बड़े उत्साह और



श्रद्धा के साथ किया गया। मेले में दूर-दराज के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां दुर्गा मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मां दुर्गा मंदिर बमिहाना परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कई परिवारों ने अपनी मन्नत पूरी होने पर बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। मंदिर के पुजारी हेकड़ पंडित ने बताया कि यह मंदिर लगभग 100 वर्ष पुराना है। उनके अनुसार उनके पिता भी इसी मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। पुजारी ने मंदिर से जुड़ी एक लोककथा भी बताई। उनके अनुसार वर्षों पहले गांव के एक व्यक्ति ने मां दुर्गा की मूर्ति चोरी कर नदी किनारे रेत में दबा दी थी, लेकिन अगले दिन जब पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो मूर्ति पुनः मंदिर में अपने स्थान पर विराजमान मिली। गांव वालों का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद मां दुर्गा अवश्य पूर्ण करती हैं। मेले में लगे बाजार ने भी लोगों को आकर्षित किया। दूर-दूर से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाई, जहां लोगों ने चाट-पकौड़ी का आनंद लिया और महिलाओं ने साज-श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। मेला व्यवस्था में ग्राम प्रधान प्रमोद सिंह, गोधन सिंह, रघुराम सिंह हिरदेश सिंह, विष्णु सिंह सहित गांव के अनेक लोग मौजूद रहे। आयोजन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा।

## भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा बरगद के पौधों का रोपण किया



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** वटवृक्ष अमावस्या के अवसर पर भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा बरगद के पौधों का रोपण किया गया। संस्थापक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी के नेतृत्व में भारतीय युवा चेतना मंच के कर्मयोगियों ने विभिन्न मन्दिर प्रांगण में 11 वट वृक्ष रोपित कर टी-गार्ड लगाए एवं आसपास के नागरिकों को वृक्ष की सुरक्षा करने एवं समय समय पर पानी देने को प्रेरित करते हुए शुद्ध प्राणवायु के स्रोत बढ़ाने के साथ साथ समाज को वन सम्पदा के संरक्षण एवम महत्व के प्रति जागरूक किया। महासागर दुर्गा मंदिर मालगोदाम के प्रांगण में संगठन के सभी साथी एकत्रित हुए और पूर्ण निर्धारित स्थलों पर वट वृक्ष का रोपण मंत्रोच्चारण के साथ विधिविधान से किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि वटवृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है । आज वट सावित्री व्रत के दिन माताएं बहने इस वृक्ष की पूजा करती हैं और इस वृक्ष की महत्वता पुराणों में बहुत ही विशेष वर्णित है। इस वृक्ष का धार्मिक सामाजिक एवम राष्ट्रीय महत्त है। आज हम सभी संगठन की तरफ से संकल्प ले कि मनुष्य के रूप में हम अपने प्राण वायु के स्रोत वृक्षों को ज्यादा से ज्यादा संरक्षण के साथ लगाने का काम करें।

## ब्राह्मण समाज ने पुण्य तिथि पर याद किए बाबू जी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश द्वारा ब्राह्मण समाज के संस्थापक पंडित राजाराम मिश्र की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। परशुराम धाम में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में सर्व प्रथम संरक्षक केशव चंद्र मिश्र, बाबू जी के पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता रवि मिश्र, डा. संजय पाठक, डा. विजय पाठक, राकेश कुमार पांडेय, रजनीश शुक्ल, सुमित चतुर्वेदी, आशुतोष शुक्ल, जिलाध्यक्ष ज्ञानेश बाजपेई आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बाबू जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु आयोजित विचार गोष्ठी में उनके जीवन पर चर्चा



करते हुए संरक्षक पंडित केशव चंद्र मिश्र ने उनके कृतित्व एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबू जी का जीवन सामाजिक चिंतन , सामाजिक सद्भाव के साथ सामाजिक समरसता का अद्वितीय उदाहरण है उन्होंने जीवन भर अपने खुद के बनाए सिद्धांतों और नियमों के साथ सामाजिक मर्यादाओं का पालन किया और किसी भी परिस्थिति में उनसे विचलित नहीं हुए। वैयक्तिक उत्थान के अनेक राजनीतिक अवसरों को उन्होंने ब्राह्मण समाज की एकता पर बलिदान कर दिया।

## डिवाइडर से टकराई कार कांस्टेबल की मौत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा मैनारी के फ्लाई ओवर पर देर रात हुए सड़क हादसे में एक कांस्टेबल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने कांस्टेबल के शव को कार से बाहर निकाला। बंडा थाने में तैनात 30 वर्षीय कांस्टेबल दिनेश चैधरी शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे कार से शाहजहांपुर से बंडा जा रहे थे। जब वह पुवायां क्षेत्र के भूड़ा मैनारी फ्लाइओवर के पास पहुंचे तो उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दिनेश चैधरी स्टीयरिंग और सीट के बीच ही फंस गए। जिससे कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार के शीशे तोड़कर कांस्टेबल को बाहर निकाला।

## शाहजहांपुर को लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध कराने की मांग, वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज**

**शाहजहांपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर जनपद को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की बजाय लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध किए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि शाहजहांपुर से प्रयागराज की दूरी लगभग 400 किलोमीटर है, जिससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को आने-जाने में भारी परेशानी और आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। वहीं लखनऊ खंडपीठ की दूरी कम होने के कारण लोगों को राहत मिल सकती है। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि वर्ष 1986 में जसवंत सिंह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में शाहजहांपुर को लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध किए जाने की संस्तुति की थी, लेकिन आज तक इस पर अमल नहीं हो सका। इस मांग को लेकर अधिवक्ता लगातार आंदोलन और हड़ताल करते आ रहे हैं।

साथ ही अधिवक्ताओं पर बढ़ रहे हमलों और हत्याओं की घटनाओं को देखते हुए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू किए जाने की भी मांग की गई। ज्ञापन पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेंद्र कुमार मिश्रा, महासचिव नंदकिशोर (राजेश अवस्थी), अभिषेक मिश्रा, सुनील शुक्ला, वीरेश सिंह चैहान सहित कई अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर मौजूद।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना के वितरित किये चेक

**29 मृतक किसानों के वारिसों को पांच-पांच लाख रुपये के डमी चेक वितरित किए**



**समृद्धि न्यूज पुवायां, शाहजहांपुर।** तहसील सभागार पुवायां भाजपा विधायक चेतराम ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अन्तर्गत मृतक 29 किसानों के वारिसों को पांच-पांच लाख रुपये के डमी चेक वितरित किए। मृतक किसानों के परिजनों ने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक चेतराम हमेशा सुख दुःख में सभी का सहयोग करते रहते हैं। चेक वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी पुवायां सदानंद सरोज, तहसीलदार, नायव तहसीलदार, देवेश गुप्ता, पुनीत शर्मा सहित लेखपाल उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी शिकायतें

**27 में से 6 समस्याओं का हुआ निस्तारण**

**तिलहर - शाहजहांपुर।**

एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 शिकायते दर्ज हुई । जिसमें से छह मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका।

एसडीएम श्री राय ने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या को निस्तारित करने में लापरवाही ना वरते और उसे शीघ्र से शीघ्र से निस्तारित कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें । संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस, नगर पालिका, विद्युत विभाग , आपूर्ति विभाग आदि से संबंधित कुल



27 फरियादी शिकायतों को लेकर समाधान दिवस में पहुंचे थे। इस दौरान सीओ इशिका सिंह , तहसीलदार अजहर अंसारी , कोतवाल प्रिंस शर्मा , पूर्ति निरीक्षक मनीष यादव , बीडीओ विजय कांत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में कराई गयी नेट परीक्षा

**बच्चों की अधिगम स्थिति के आंकलन में मददगार है नेट परीक्षा: रमेश पंकज**

**समृद्धि न्यूज**

**निगोही, शाहजहांपुर।** डीएम के निर्देशानुसार विकास क्षेत्र निगोही के परिषदीय विद्यालयों में निपुण असेसमेंट टेस्ट कराया गया। सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की नेट परीक्षा ओएमआर शीट के द्वारा कराई गई। प्रातः 08.30 से 10.30 बजे तक परीक्षा संपन्न कराई गई। जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण करते हुए परीक्षा को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने बताया कि इस तरह की परीक्षा से बच्चों की अधिगम स्थिति का आंकलन होता जिससे शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होता है। इससे पूर्व



फरबरी माह में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से बच्चों का निपुण आंकलन किया गया था जिसमें विकास क्षेत्र निगोही ने जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयुक्त मंत्री अमित गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आंकलन से बच्चों की सीखने की कमियों की पहचान होती है जिनको दूर करके बेहतर शिक्षण की दिशा में कार्य करने में मदद मिलती है। निपुण असेसमेंट टेस्ट को पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने में एआरपी बृजेश कुमार,सिकंदर अली मंसूरी, खुशीराम, सुरेन्द्र कुमार, नोडल संकुल शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद, हिमांचल शर्मा, खीमचंद, प्रदीप मिश्रा, अमित गुप्ता, रामवीर वर्मा, प्रभात कुमार, अनमोल वर्मा, मो.आजम खान, सुरेश पाल सिंह, सत्यपाल वर्मा, परविंदर कौर, शिप्रा काकरान, लालमाणिक चैधरी, जीशान सिद्दीकी, संतोष कुमार, पुत्तूलाल श्रीवास्तव, आमरा इकबाल, वेदराम समेत सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

## तिलक समारोह से लौट रहे लोगों को टेम्पो ने मारी टक्कर, युवक की मौत, दो घायल

**समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव ढिपिया में शुक्रवार 15 मई की रात दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव ढिपिया निवासी गोविन्द पुत्र सोने लाल (32), श्याम सुन्दर पुत्र बहादुर (36) तथा गुड्डू पुत्र प्रेम राज (45) गांव गढ़ियारंगीन क्षेत्र के उमरसड़ गांव में रजनी पुत्री सीताराम का तिलक चढ़ाने गए थे। बताया गया कि सोनपाल के बेटे देव सिंह का तिलक समारोह संपन्न होने के बाद सभी लोग रात करीब 9



बजे वापस घर लौट रहे थे।इसी दौरान बरुआ पट्टी सनायक बाजार से पहले पलेसर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टेम्पो ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनापुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गोविन्द को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में श्याम सुन्दर और गुड्डू को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मृतक गोविन्द की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। गोविन्द ने दिल्ली निवासी रीता से प्रेम विवाह किया था और दिल्ली की एक फैक्ट्री में काम करता था। करीब दो महीने पहले वह अपनी बहन सीमा की शादी के लिए दिल्ली से गांव आया था और तभी से घर पर रह रहा था।गोविन्द अपने पीछे पत्नी रीता, ढाई वर्ष का बेटा आरव और एक वर्ष का बेटा अनुराग छोड़ गया है। हादसे के बाद मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।परिवार वालों ने बताया कि गोविन्द के पिता सोने लाल की करीब 20 वर्ष पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। मां गीता ने कठिन परिस्थितियों में बच्चों का पालन-पोषण किया। बड़ी बहन नीतू की शादी पहले ही हो चुकी है, जबकि छोटा भाई रवि अभी अविवाहित है।

गोविन्द की असमय मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 20 मई को लखनऊ में होने वाली रैली को लेकर की गई बैठक

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** ब्लॉक क्षेत्र में अखिल भारतीय प्रधान संगठन की 20 मई को रमाबाई अंबेडकर मैदान में प्रधानों के हक की लड़ाई के लिए होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए एक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष लखपत सिंह के आवास पर आयोजित हुई, जिसमें पंचायत चुनाव समय पर न कराए जाने की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठन के जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में पंचायत चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो प्रशासक के रूप में वर्तमान प्रधानों को ही जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्रशासक बनाए जाने से ग्राम प्रधानों के अधिकारों का हनन होने की आशंका है। साथ ही, इससे ग्रामीण जनता के विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं और अधिकारियों द्वारा मनमानी की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्राम पंचायतों के कार्यों और जनता की समस्याओं की वास्तविक समझ वर्तमान प्रधानों को ही है, इसलिए प्रशासनिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी आवश्यक है। बैठक में पंचायतों के विकास कार्य, जनहित योजनाओं के संचालन और भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा हुई। उपस्थित प्रधानों ने एकमत होकर कहा कि यदि चुनाव में विलंब होता है तो सरकार को जनप्रतिनिधियों की भूमिका को बनाए रखना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### जिला युवा कांग्रेस ने सपा प्रवक्ता राज कुमार भाटी का पुतला फूंका

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** आज जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राज कुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ दिए गए अत्यंत आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस कार्यालय से एकत्रित होकर टाउन हॉल शहीदो की प्रतिमाओं के समक्ष उनके पुतले को फूंककर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि राज कुमार भाटी का बयान न केवल ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि पूरे समाज में घृणा फैलाने वाला है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज समेत समस्त समाज के विभिन्न वर्गों में इस बयान का भारी विरोध हो रहा है। समाजवादी पार्टी को तुरंत राज कुमार भाटी को पार्टी से बाहर करना चाहिए। जब तक इन पर उचित कार्यवाही नहीं होती, युवा कांग्रेस का यह विरोध जारी रहेगा।प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि ब्राह्मण समाज इस देश की सांस्कृतिक और सामाजिक रीढ़ है। किसी भी पार्टी को ब्राह्मण समाज को लक्ष्य करके इस प्रकार का घृणित बयान देने का कोई अधिकार नहीं है। समाजवादी पार्टी अगर खुद को समावेशी पार्टी कहती है तो उसे ऐसे तत्वों को तुरंत पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक सद्भाव और सभी वर्गों के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और रहेगी। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समाजवादी पार्टी ने राज कुमार भाटी पर तुरंत कार्रवाई नहीं की तो युवा कांग्रेस पूरे जिले में और भी व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महासचिव कॉंग्रेस गौरव त्रिपाठी, सुशील प्रकाश शर्मा,प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस शास्वत मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा,अंकित मिश्रा एडवोकेट,जिला महासचिव शिवओम मिश्रा,राहिल अंसारी, उस्मान शाह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, फुरकान अहमद कुरैशी, महानगर उपाध्यक्ष अदीब अहमद, संजय सक्सेना, परवेज अहमद,निहाल अहमद एड,शिवांश मिश्रा एड, पुवायां ब्लॉक अध्यक्ष उमंग त्रिवेदी, अनुभव दुबेदी, नितिन तिवारी, जितेंद्र पाल, सौरभ मिश्रा, अयान, शिवम यादव आदि युवा कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### औद्यानिक फसलों को हुए नुकसान की सूचना उपलब्ध कराएं: पाठक

**शाहजहांपुर।** उद्यान मंत्री की अध्यक्षता में मौसमी घटकों के कारण औद्यानिक फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के सम्बन्ध में बैठक संपन्न हुई। जिसमें दिए निर्देशों के क्रम में जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि अभी हाल ही में आई आंधी व वर्षा से यदि किसी किसान की फल, शाकभाजी व मसाला इत्यादि फसलों में हुए नुकसान हुआ हो, तो वह तत्काल सूचना जिला उद्यान अधिकारी के मोबाइल नंबर 9151066860 व उद्यान निरीक्षक अनिल कुमार के मोबाइल नंबर 7355703122 एवं सहायक उद्यान निरीक्षक राकेश कुमार के मोबाइल नंबर 9026629133 से सम्पर्क कर अथवा कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में शीघ्र अवगत करा दे।

### शनि देव मंदिर पर हवन पूजन के बाद हुआ भंडारा

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** शनिदेव जन्मोत्सव पर नगर के सुभाष कॉलोनी स्थित नवग्रह एवं बारह राशियों के समन्वय मंदिर पर हवन पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। शनि अमावस्या पर अपरान्ह चार बजे पंडित नवनीत शर्मा च्यवन के सानिध्य में सुमित गुप्ता , शिल्पी गुप्ता , धीरज साहनी , दीपिका साहनी , सुधीर अरोड़ा , पूनम साहनी , तुषार साहनी समेत तमाम श्रद्धालुओं ने हवन में मंत्रोच्चार के साथ आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना करते हुए पूजन अर्चन किया । इस मौके पर भगवान शनिदेव व नवग्रह को नवीन वस्त्र धारण कराए गए । तथा विभिन्न पकवानों का भोग अर्पण किया गया । इस मौके पर केक काटकर शनिदेव का जन्मोत्सव मनाते हुए,जयघोष से वातावरण गुंजायमा हो गया । तदोपरांत भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें देर रात तक भक्तों ने प्रसाद छका । कार्यक्रम में गोपी अरोड़ा , विजय गुलाटी , अजय गुप्ता , ब्रजेश गुप्ता , रामकुमार गुप्ता पप्पू , प्रदीप गुप्ता , जय प्रकाश द्विवेदी , सुरेंद्र सिंघल , भोगेंद्र सिंह , अमित गुप्ता , हितेश गुप्ता , कुलदीप गुप्ता , प्रेम कुमार , सतीश गुप्ता , सुमित गुप्ता , संजीव कुमार , ईश्वरचंद अरोड़ा , प्रदीप अरोड़ा , बंटू अरोड़ा समेत तमाम श्रद्धालु शामिल रहे। उधर हाईवे स्थित श्री शनि मंदिर पर भी पूजन कर भंडारा किया गया। जिसमें राकेश गुप्ता , हर्षित गुप्ता समेत तमाम भक्त मौजूद रहे। इसी क्रम में बाबा शम्भुदेव आर्य ने भी हवन पूजन कर प्रसाद वितरित किया।

### छज्जा गिरने से मिस्त्री की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**पुवायां।** थाना क्षेत्र के गांव जठियापुर बुजुर्ग में निर्माणाधीन मकान का छज्जा खोलते समय हादसा हो गया। मलबा गिरने से एक मिस्त्री की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी केदारनाथ का 35 वर्षीय पुत्र धर्मपाल पुवायां में राजगिरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि गांव के ही सुमित कुमार पुत्र मुन्नालाल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था, जहां मजदूर छज्जा (बीम) खोल रहे थे। इसी दौरान धर्मपाल मौके पर पहुंचे और छज्जा खोलने का तरीका बताते हुए खुद काम करने लगे। जैसे ही उन्होंने बीम में लगी एक बाली हटाई, तभी अचानक पूरा छज्जा भरभराकर गिर पड़ा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धर्मपाल अपने पीछे तीन छोटे बच्चे–अचल (6), नित्या (4) और कामराव (2) को छोड़ गए हैं। वह अपने भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। घटना के बाद पत्नी रुचि देवी और मां रामश्री का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में घटना के बाद शोक की लहर है।

### नाले के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाने के सामने एक युवक का शव बरामद हुआ। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करीब दो घंटे बाद युवक की पहचान कस्बे के नन्हें सिंह ने बदायूं की कोतवाली दातागंज के गांव पापड़ निवासी साले अनुज सिंह के रूप में की। बताया जा रहा है कि अनुज शराब पीने का आदी था। नन्हे सिंह ने बताया कि उनका साला अनुज सिंह शुक्रवार को बरेली से दवाई लेने की बात कहकर घर से निकला था। वह जैतीपुर कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने युवक को थाने के आसपास घूमते हुए शराब पीते देखा था। पुलिस आशंका जता रही है कि रात में किसी समय वह थाने के पास नशे की हालत में नाले में गिर गया,जिससे उसकी मौत हो गई। वह नाले में मुंह के बल पड़ा मिला था।सूचना पर पहुंची फील्ड यूनिट ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। सीएचसी पहुंचे मृतक के भाई मनोज सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भाई अनुज पिता से दवाई के बहाने रुपए लेकर घर से निकला था। वह शराब पीने का आदी था।पत्नी भी उसे छोड़कर बेटे के साथ मायके में रह रही है। थाना प्रभारी अश्विनी कुमार सिंह ने बताया युवक की पहचान हो गई है। पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कनकलिया गांव में बड़ा हादसा: नाती की शादी में आए दो सगे भाई डूबे, एक की मौत

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के कनकलिया गांव में एक शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब नाना के घर आए दो सगे भाई हादसे का शिकार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिलाप सिंह के नाती संजीव की शादी के समारोह में उनकी बेटी पुष्पा अपने पति धीरेन्द्र और बच्चों के साथ आई हुई थीं। शनिवार को पुष्पा के दो बेटे हादसे की चपेट में आ गए। इनमें से 12 वर्षीय कौशल बालक पानी में डूबने लगा था, जिसे स्थानीय लोगों की मुस्तैदी से समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, उनका छोटा बेटा, 10 वर्षीय हिमांशु पानी में डूब गया। काफी प्रयासों के बाद उसे निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम हिमांशु की मौत से शादी वाले घर में कोहराम मच गया और मांगलिक रस्में सन्नाटे में बदल गईं।

# व्यक्ति का कोई मोल नहीं होता, आंसू पोछने को सरकार की व्यवस्था : वित्तमंत्री

- वित्तमंत्री, सहकारिता मंत्री ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ सहायता धनराशि बांटी
- दैवीय आपदा में जनहानि व पशुहानि के लाभार्थियों को सरकारी मदद



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** व्यक्ति का कोई मोल नहीं होता है, केवल आंसू पोछने के लिए यह व्यवस्था सरकार ने बनाई है। जिसका असमायिक निधन हो जाए, उसकी सहायता के लिए एक धनराशि निर्धारित की गई है। उक्त संबोधन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विकास भवन सभागार में दैवीय आपदा राहत सहायता एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता राशि वितरण कार्यक्रम में रखे। उन्होंने आगे कहा कि कृषक दुर्घटना बीमा के साथ अभी हाल में भी आए, आंधी तूफान से प्रदेश में बहुत जनहानि हुई है। यहां भी जनहानि व पशुहानि हुई है, उनके परिजनों, लाभार्थियों को सहायता धनराशि वितरण किया गया है। वित्त मंत्री बोले दैवीय आपदा में किसी का वश चलता नहीं, सरकार आपके साथ खड़ी है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि सरकार हमेशा पीड़ितों के साथ है, हर तरह की सहायता धनराशि का वितरण किया जा रहा है। मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक एवं डमी चेक वितरित किए गए। एडीएम वित्त अरविन्द कुमार ने कार्यक्रम में दैवीय आपदा राहत से संबंधित प्रकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई को तहसील तिलहर के ग्राम भीखमपुर खेड़ा बझेड़ा निवासी आदेश की आंधी-तूफान के दौरान विद्युत पोल गिरने से मृत्यु हो गई थी। मृतक के आश्रितों को आपदा राहत मद से अनुमन्य 4 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम जोरा पट्टी चन्द्रभान, खेड़ा बझेड़ा, तहसील तिलहर निवासी मंगल सिंह की एक दुधारू भैंस पर आंधी-तूफान के दौरान पकड़ का पेड़ गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। पशुपालक को आपदा राहत मद से 37,500 की सहायता राशि प्रदान की गई। 12 मई को आई आंधी एवं बेमौसम वर्षा से ग्राम जठियापुर, तहसील तिलहर निवासी संजीव सिंह की एक दुधारू भैंस पर पेड़ की भारी शाखा गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार ग्राम हसनपुर, तहसील तिलहर निवासी फूलचन्द्र के तीन वर्षीय भैंसे की नीम का पेड़ गिरने से मृत्यु हो गई।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों ने वेतन न मिलने पर किया जोरदार प्रदर्शन, हड़ताल की दी चेतावनी



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन भुगतान न होने पर पालिका में जोरदार प्रदर्शन किया । और सोमवार तक वेतन न मिलने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। आउट सोर्सिंग कर्मचारी अप्रैल माह का 16 मई तक वेतन न मिलने से आहत होकर शनिवार दोपहर पालिका परिसर में एकत्र हुए। कर्मचारियों का कहना था कि अप्रैल माह का वेतन अब तक खातों में नहीं पहुंचा है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारी यूनियन नेता ओम प्रकाश और कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश वाल्मीकि ने बताया कि अगले महीने की आधी अवधि बीतने के बाद भी वेतन न मिलने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल होना स्वाभाविक है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार तक वेतन नहीं मिला तो काम बंद हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। खबर पर नगर पालिका चेयरपर्सन हाजरा बेगम पालिका पहुंचीं और कर्मचारियों से वार्ता की। उन्होंने भी वेतन भुगतान में हुई देरी पर नाराजगी जताते हुए आउटसोर्सिंग भुगतान करने वाले ठेकेदार को सोमवार दोपहर तक हर हालात में सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को सोमवार तक सभी का वेतन खातों में पहुंच जाने का भरोसा दिलाकर शांत कराया। प्रदर्शन के दौरान सूरज चैधरी, मनोज कश्यप, बृजमोहन, सुशील कुमार, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, सचिन कुमार समेत तमाम कर्मचारी शामिल रहे।

## समाधान दिवस में आईं शिकायतों का समय से हो निस्तारण: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

## बढ़ती जाम समस्या व अतिक्रमण पर डीएम सख्त, प्रमुख मार्गों का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी एवं एसपी सिटी देवेंद्र कुमार के साथ महानगर क्षेत्र में बढ़ रही जाम की समस्या तथा व्याप्त अतिक्रमण स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने शहर के विभिन्न प्रमुख चैराहों, बाजारों एवं मार्गों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होंने कचहरी चैराहा, जीआईसी तिराहा, खिरनी बाग, जेल रोड, बहादुरगंज मार्केट, लकड़ी मंडी, निशात रोड, शहीद पार्क, लाल इमली चैराहा, इमली रोड, रेलवे फटकिया तथा बस अड्डे के आसपास व्याप्त अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित कर आवागमन को सुचारु बनाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने खिरनी बाग रामलीला मैदान एवं जिला कारागार के समीप स्थित गली को व्यवस्थित मार्ग के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही जेल के पीछे पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा बहादुरगंज मार्केट में अतिक्रमण हटाकर एकल मार्ग व्यवस्था लागू करने के निर्देश नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को लेकर पहले व्यापक स्तर पर मुनादी एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग स्वयं अतिक्रमण हटाएं। इसके बावजूद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाए।



## अमरिया में संपूर्ण समाधान दिवस: डीएम और एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, 50 से ज्यादा फरियादी पहुंचे

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** शनिवार को अमरिया तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति कुमार माधव ने जनता की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे।सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस कार्यक्रम में 50 से अधिक फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। कई ऐसे लोग भी थे जो लगातार कई महीनों से संपूर्ण समाधान दिवस में आ रहे थे, लेकिन उनकी समस्याओं का अब तक समाधान नहीं हो सका था।जानकारी के अनुसार, इस बार सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। भूमि विवाद, नामांतरण, खाता-खतौनी, सीमांकन और राजस्व रिकॉर्ड सुधार जैसी शिकायतें प्रमुख रूप से दर्ज कराई गई।डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। एसपी सुकीर्ति कुमार माधव ने भी सुरक्षा संबंधी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया।संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यवस्था की थी। अधिकारी एक-एक करके सभी की समस्याएं सुनते रहे और अधिकांश मामलों में मौके पर ही समाधान या अगली कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया।प्रशासन का दावा है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से जन समस्याओं को तेजी से हल किया जा रहा है, हालांकि बार-बार आने वाले फरियादियों की शिकायतें लंबित पड़े मामलों की ओर इशारा करती हैं।

## सपा ने बढ़ती महंगाई और किसानों को बीज, खाद न मिलने पर व्यक्त की चिंता

- सपा कार्यालय पर हुई जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में मासिक बैठक

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** महानगर के मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी एवं नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें पेट्रोलियम पदार्थो पर भाजपा सरकार द्वारा अचानक की गई वृद्धि पर व किसानों को उनकी फसल के लिए समय से खाद व बीज उपलब्ध न होने पर चिंता व्यक्त की गई। उसके बाद अंत में 13 मई को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई स्व. प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन हो जाने को लेकर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पार्टी के सभी लोगों ने पार्टी कार्यालय पर 2 मिनट का मौन रखकर उनके परिवार वालों को इस गहरे दुख को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। समाजवादी पार्टी के सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल के छोटे भाई स्व.अशोक कुमार पाल एडवोकेट का 17 अप्रैल 2026 को दिल के दौरे से आकस्मिक निधन हो जाने को लेकर उनकी भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पार्टी के सभी लोगों ने पार्टी कार्यालय पर 2 मिनट का मौन रखकर उनके परिवार वालों को इस गहरे दुख को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली खान, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री, सपा नेता अरविंद कुमार पाल, सपा नेता सरदार राजवीर बाढ़, सपा नेता डॉक्टर दोद राम वर्मा, संतोष कुमार पाल, आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** शनिवार को कलान तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने कुल 47 शिकायतें प्रस्तुत की। जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अफसरों को हस्तांतरित कर दिया गया। ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने सर्वाधिक राजस्व विभाग की 16, पुलिस संबंधी पांच,पुलिस एवं राजस्व संबंधी संयुक्त 23 शिकायतें प्रस्तुत की। सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह के साथ तहसीलदार स्रजित कुमार, नायब तहसीलदार सगीर अहमद, खण्ड विकास अधिकारी मिर्जापुर-कलान रवि कुमार सिंह,पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, जेई एमआई अरविंद कुमार राजपूत,खण्ड शिक्षा अधिकारी मिर्जापुर अरविन्द कुमार कुशवाहा, एडीओ कृषि रविन्द्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण निर्मला देवी शुक्ला, कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आर्येंद्र सिंह, कलान नगर पंचायत के लिपिक गौरव वशिष्ठ, मिर्जापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला, परौर थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल, कलान थाना प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा आदि मौजूद रहे।



## पूरनपुर में दहेज विवाद में भाई की बेरहमी से हत्या, बहन और चाचा घायल

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में दहेज संबंधी विवाद को सुलझाने गए युवक की उसके बहनोई और परिजनों ने बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसमें युवक की मौत हो गई। घटना में युवक की बहन और चाचा भी घायल हो गए।मृतक की पहचान जीशान (28 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जीशान अपनी बहन नेहा और बहनोई हसीब के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद में समझौता कराने हसीब के घर गया था। वहां बातचीत विवाद में बदल गई और हसीब व उसके परिजनों ने जीशान पर हमला बोल दिया। आरोप है कि उन्होंने युवक को बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।इस दौरान जीशान की बहन नेहा और उनके चाचा जानिसार भी हमले में घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।मृतक के पिता इरशाद ने पूरनपुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इरशाद की तहरीर पर हसीब समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में हत्या (302) और दहेज उत्पीड़न की धाराएं लगाई गई हैं।पूरनपुर पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।अधिक जानकारी का इंतजार

पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर जांच की जा रही है। इस घटना ने पूरनपुर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।



## प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया

- नव ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ेगा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक अध्याय की शुरुआत हुई, जब प्रख्यात शिक्षाविद् एवं प्रशासनिक अनुभव से समृद्ध प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पूर्वान्ह 11.30 बजे विश्वविद्यालय पहुँचे कुलपति ने सर्वप्रथम ब्रह्मलीन स्वामी शुकदेवानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया। तदुपरांत उन्होंने मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण कर विश्वविद्यालय की प्रशासनिक प्रगति का एक कदम आगे बढ़ाया। कार्यभार ग्रहण समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में गरिमा एवं हर्षोल्लास से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने नवागत कुलपति का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, नवाचार एवं नैतिक मूल्यों के केंद्र के रूप में स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय पर विशेष बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। विश्वविद्यालय को प्रगति के शिखरों तक पहुँचाने के लिए शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है।

**लंबा शिक्षण, शोध एवं प्रशासनिक अनुभव**

विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति के पास 35 वर्ष से अधिक समय का शिक्षण, शोध एवं प्रशासनिक अनुभव है। कुलपति नियुक्त होने से पूर्व वे महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन संकाय में प्रोफेसर एवं डीन के पद पर कार्यरत थे। शोध के क्षेत्र में उनके द्वारा विविध विषयों पर 110 से अधिक शोधपत्र, अनेक शोध परियोजनाएं एवं विदेश यात्राएं पूर्ण की गई हैं। 100 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग कर चुके प्रो पी बी सिंह ने शिक्षण एवं शोध को लेकर दुबई, ओमान, अबूधाबी, इथियोपिया, श्रीलंका, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान एवं नेपाल समेत विभिन्न देश की यात्रा की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रशासनिक भूमिकाओं का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। साथ ही वे विभिन्न शैक्षिक व सामाजिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े हैं।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र दीपक कुमार झा व पुत्रवधू सिया सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नवल किशोर झा
पुत्र स्व. प्रभाकर झा
निवासी बिहट बेगूसराय बिहार, बारिद
हाल रोजा जक्शन रेलवे विभाग
शाहजहांपुर।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने भाई इमरान को गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

मोहम्मद जीशान
पुत्र स्व. इशरत अली खां
नि.मो. खलील गर्बी
पर. व तह. सदर, शाहजहांपुर।

## चौतरफा महंगाई

गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला कि एक माह के भीतर ही थोक महंगाई दर दुगनी हो गई है। जो कि पिछले 42 महीनों के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। अब शुक्रवार को पेट्रोल व डीजल तथा सीएनजी के दामों में वृद्धि ने आम आदमी को व्यथित कर दिया। जाहिर है पेट्रोल–डीजल के दामों में वृद्धि से न केवल यातायात महंगा हो जाता है बल्कि मालभाड़ा बढ़ने से हर चीज के दामों में उछाल आ जाता है। वहीं रोजमर्रा का सामान बनाने वाली कंपनियां दुहाई दे रही हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से उनकी उत्पादन लागत में दस से बीस फीसदी की वृद्धि हुई है। फलत: इन कंपनियों ने छूट व प्रचार खर्च में कटौती करके भंडारण क्षमता व आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। अत: देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलत: आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन–तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के चलते उपजे हालात ने बताया है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की खपत को कम करने के आह्वान के कुछ दिन बाद ही पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी चार साल से अधिक समय में पहली बार की गई है। नि:संदेह, खाड़ी संकट से उपजे हालात में कीमतों में यह वृद्धि अनिवार्य लग रही थी। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के चलते ही सरकार ने यह कदम देर से उठाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद जब हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन खपत में कटौती करने का आगाह किया था, तो संकेत माना गया कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो सकती है। सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान की ओर इशारा करते हुए मूल्य वृद्धि का बचाव किया है। रिपोर्ट बताती है कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र के रिटेलर्स रोजाना एक हजार करोड़ का नुकसान उठा रहे हैं,जबकि कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर प्रति बैरल थी। नि:संदेह, पहले ही मुद्रास्फीति व स्थिर आय से जूझ रहे नागरिकों को सरकार की यह दलील गले नहीं उतरेगी। वैसे भी चुनावी रणनीति के मद्देनजर संचालित आर्थिक निर्णय सार्वजनिक विश्वास में कमी लाते हैं। जाहिर बात है कि करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवार, किसान व छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोगों के लिए बढ़ी ईंधन दरें जल्दी ही भोजन, परिवहन और आवश्यक वस्तुओं को महंगा बना देती हैं। फिक्र की बात यह है कि भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता अर्थव्यवस्था को भू राजनीतिक झटकों के प्रति संवेदनशील बना देती है। रूस से मिलने वाला सस्ता कच्चा तेल हमें अस्थायी राहत ही प्रदान करता है। लेकिन यह मार्ग भी प्रतिबंधों, शिपिंग रुकावटों और कूटनीतिक दबावों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। यह संकट भारत को दीर्घकालीन ऊर्जा रणनीति बनाने के लिये बाध्य करता है। हमारी प्राथमिकता सार्वजनिक परिवहन विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग व नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने की होनी चाहिए।

# घाटे से गौरव तक : यूपी बना 35,000 करोड़ रेवेन्यू सरप्लस का शक्तिशाली आर्थिक इंजन

*जयेन्द्र सिंह*




***वर्तमान में उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो उसकी आर्थिक महत्वाकांक्षा और आत्मविश्वास का परिचायक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि राज्य अपने वर्तमान वित्तीय अनुशासन को बनाए रखते हुए नवाचार, निवेश और कौशल विकास पर निरंतर बल देता रहे। यह गति और संतुलन बना रहता है, तो उत्तर प्रदेश न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा। उत्तर प्रदेश का रेवेन्यू सरप्लस की स्थिति में पहुंचना एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत हैकृएक ऐसा परिवर्तन, जो न केवल आंकड़ों में, बल्कि शासन की कार्यशैली, आर्थिक सोच और विकास के दर्शन में भी परिलक्षित होता है। यह एक ऐसी गाथा है, जिसमें संघर्ष से सफलता तक की यात्रा समाहित है, जो यह संदेश देती है कि सुदृढ़ नीतियां, प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता मिलकर किसी भी राज्य को आर्थिक समृद्धि के शिखर तक पहुंचा सकती हैं।***

उत्तर प्रदेश का नाम कभी आर्थिक विषमता, राजकोषीय अव्यवस्था और विकासात्मक असंतुलन के संदर्भ में लिया जाता था, किंतु वर्तमान परिदृश्य में यह वही प्रदेश है जिसने अपने वित्तीय चरित्र को इस प्रकार रूपांतरित किया है कि आज वह रु. 35,000 करोड़ से अधिक के रेवेन्यू सरप्लस के साथ एक सुदृढ़ और आत्मविश्वासी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीतिनिर्माण, कठोर वित्तीय अनुशासन, राजस्व सुदृढ़ीकरण और व्यय की विवेकपूर्ण संरचना का परिणाम है, जिसने उत्तर प्रदेश को राजकोषीय उत्तरदायित्व की एक जीवंत मिसाल बना दिया है।

इस व्यापक आर्थिक पुनर्जागरण के केंद्र में प्रदेश के नेतृत्व की निर्णायक भूमिका स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में शासन की कार्यशैली में जो संरचनात्मक परिवर्तन आया, उसने वित्तीय अनुशासन को केवल एक नीति न बनाकर एक प्रशासनिक संस्कृति का रूप प्रदान किया। उनके शासनकाल में न्यूनतम व्यय, अधिकतम प्रभाव की अवधारणा को व्यावहारिक धरातल पर उतारा गया, जिससे संसाधनों के उपयोग में दक्षता और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित हुईं। इसी क्रम में राज्य के वित्तीय प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने में वित्त विभाग की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने बजटीय संतुलन, राजस्व वृद्धि और व्यय नियंत्रण के बीच एक सुसंगत सामंजस्य स्थापित किया।

रेवेन्यू सरप्लस की अवधारणा अपने आप में राज्य की आर्थिक सेहत का दर्पण होती है। जब किसी राज्य की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक होती हैं, तब वह न केवल अपने नियमित प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन बिना उधारी के कर पाता है, बल्कि पूंजीगत व्यय के लिए अतिरिक्त संसाधन भी सृजित करता है। उत्तर प्रदेश का रु. 35,000 करोड़ से अधिक का रेवेन्यू सरप्लस इस तथ्य का उद्घोष करता है कि राज्य अब उपभोग-प्रधान वित्तीय ढांचे से आगे बढ़कर निवेश-उन्मुख आर्थिक संरचना की ओर अग्रसर हो चुका है।

यदि अतीत के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश की इस उपलब्धि का विश्लेषण किया जाए, तो स्पष्ट होता है कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की आर्थिक संरचना अनेक अंतर्विरोधों से ग्रस्त थी। राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा था, कर-संग्रहण तंत्र शिथिल था, और सार्वजनिक व्यय में पारदर्शिता का अभाव था। योजनाओं का क्रियान्वयन अक्सर कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाता था और आर्थिक संसाधनों का रिसाव एक गंभीर चुनौती बना हुआ था। राज्य की अर्थव्यवस्था एक ऐसे चक्र में फंसी हुई थी, जहां आय की सीमितता और व्यय की अनियंत्रित प्रवृत्ति ने वित्तीय संतुलन को अस्थिर कर दिया था।

वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार ने जिस आर्थिक पुनर्संरचना का मार्ग अपनाया, उसने इस जड़ता को तोड़ते हुए एक नई वित्तीय संस्कृति का निर्माण हुआ। इस परिवर्तन के पीछे नेतृत्व की स्पष्ट दृष्टि और प्रशासनिक दृढ़ता का समन्वय रहा। मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शासन को परिणामोन्मुख बनाते हुए हर विभाग में जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित की, जबकि वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने वित्तीय संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से राज्य की आय-व्यय संरचना को संतुलित किया। प्रदेश के कर प्रशासन में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता के समावेशन ने राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को न केवल तीव्र बनाया, बल्कि उसे अधिक विश्वसनीय भी बनाया। वस्तु एवं सेवा कर (GST) के प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य के कर आधार को व्यापक किया और कर अनुपालन की संस्कृति को सुदृढ़ किया। परिणामस्वरूप, राज्य की कर प्राप्तियों में निरंतर वृद्धि देखने को मिली, जिसने राजस्व सरप्लस की आधारशिला को मजबूत किया। इस पूरी प्रक्रिया में वित्तीय नेतृत्व की सक्रिय भूमिका रही, जिसने नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की प्रभावशीलता को भी सुनिश्चित किया।

इसके साथ ही, गैर-कर राजस्व के स्रोतों के विविधीकरण ने भी इस वित्तीय उत्कर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खनन, ऊर्जा, परिवहन और संपत्ति प्रबंधन के क्षेत्रों में सुधारात्मक कदम उठाकर राज्य ने अपने आय-स्रोतों को बहुआयामी बनाया। यह दृष्टिकोण इस बात का संकेतक है कि उत्तर प्रदेश ने पारंपरिक आय स्रोतों पर निर्भरता को कम करते हुए एक समावेशी और टिकाऊ राजस्व ढांचे का निर्माण किया है। व्यय प्रबंधन के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय दक्षता का परिचय दिया है। अनुत्पादक व्ययों में कटौती, लक्षित सब्सिडी व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से संसाधनों के अपव्यय को नियंत्रित किया गया। यह वही क्षेत्र है, जहां प्रदेश की वित्तीय सूझबूझ विशेष रूप से परिलक्षित होती है, क्योंकि बजट निर्माण से लेकर व्यय के अंतिम क्रियान्वयन तक एक अनुशासित ढांचा विकसित किया गया है।

औद्योगिक विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश ने एक सशक्त आर्थिक पारिस्थितिकी का निर्माण किया है। निवेश आकर्षण की नीति, व्यापार सुगमता में सुधार और बुनियादी ढांचे के तीव्र विस्तार ने राज्य को निवेशकों के लिए एक अनुकूल गंतव्य बना दिया है। इस दिशा में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सक्रिय पहल, विशेषकर निवेशक सम्मेलनों और औद्योगिक नीतियों के माध्यम से, राज्य को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुई है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए गए निवेश ने आर्थिक विकास को एक ठोस आधार प्रदान किया है। सड़कों, हवाई अड्डों, ऊर्जा आपूर्ति और शहरी परिवहन के क्षेत्र में हुए विस्तार ने राज्य की उत्पादकता को बढ़ाया है। यह अवसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देता है, बल्कि निवेश के लिए अनुकूल वातावरण भी तैयार करता है, जिससे दीर्घकालिक राजस्व वृद्धि सुनिश्चित होती है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र में सुधारों ने भी इस वित्तीय परिवर्तन को व्यापक आधार प्रदान किया है। किसानों की आय में वृद्धि, कृषि विपणन में सुधार और ग्रामीण अवसंरचना के विकास ने उपभोग और मांग को प्रोत्साहित किया है। यह आंतरिक मांग राज्य की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और अप्रत्यक्ष रूप से राजस्व वृद्धि में सहायक होती है। सामाजिक क्षेत्र में किए गए निवेशों ने भी आर्थिक संरचना को सुदृढ़ किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सुधारों ने मानव पूंजी के विकास को गति दी है। एक सशक्त मानव संसाधन किसी भी अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक प्रगति का आधार होता है, और उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। रु. 35,000 करोड़ से अधिक का रेवेन्यू सरप्लस इस समग्र आर्थिक रूपांतरण का मूर्त परिणाम है। यह केवल वित्तीय आंकड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आर्थिक विचारधारा का प्रतीक है, जिसमें संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, पारदर्शिता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता निहित है। इस उपलब्धि में जहां एक ओर नीतिगत स्पष्टता का योगदान है, वहीं दूसरी ओर नेतृत्व की दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रशासनिक दक्षता का भी समान रूप से महत्त्व है।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो उसकी आर्थिक महत्वाकांक्षा और आत्मविश्वास का परिचायक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि राज्य अपने वर्तमान वित्तीय अनुशासन को बनाए रखते हुए नवाचार, निवेश और कौशल विकास पर निरंतर बल देता रहे। यह गति और संतुलन बना रहता है, तो उत्तर प्रदेश न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा।

उत्तर प्रदेश का रेवेन्यू सरप्लस की स्थिति में पहुंचना एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत हैकृएक ऐसा परिवर्तन, जो न केवल आंकड़ों में, बल्कि शासन की कार्यशैली, आर्थिक सोच और विकास के दर्शन में भी परिलक्षित होता है। यह एक ऐसी गाथा है, जिसमें संघर्ष से सफलता तक की यात्रा समाहित है, जो यह संदेश देती है कि सुदृढ़ नीतियां, प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता मिलकर किसी भी राज्य को आर्थिक समृद्धि के शिखर तक पहुंचा सकती हैं।

*सहयुक्त सम्पादक*

## विचार

# पंचायती राज व्यवस्था ने दर्ज किये ग्रामीण सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता सुदृढ़ आयाम

उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण स्वावलंबन और स्थानीय सुशासन की एक ऐसी आधारशिला बनकर उभरी है जिसने गांवों की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं ने ग्रामीण जीवन को न केवल आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर किया है। जनपद लखनऊ के धरातल पर हुए बदलावों का आकलन करें तो बीते नौ वर्षों की समय-अवधि ग्रामीण उत्थान के पन्नों में एक नए युगांतरकारी दौर के रूप में दर्ज हुई है जहाँ विकास की प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। आधारभूत संरचना, स्वच्छता, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में हुए इन अभूतपूर्व कार्यों ने प्रगति की एक नई परिभाषा गढ़ी है। विकास की इस अविरल धारा ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित की है जिससे ग्रामीण परिवेश में एक सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन आज पूरी तरह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। ग्रामीण प्रशासन को सुदृढ़ और जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत निर्मित पंचायत भवनों ने एक क्रांतिकारी भूमिका निभाई है। ये भवन अब केवल सरकारी इमारतें मात्र नहीं रह गए हैं बल्कि ग्रामीण सचिवालयों के रूप में विकसित होकर स्थानीय सुशासन का जीवंत केंद्र बन चुके हैं। यहाँ आयोजित होने वाली ग्राम सभाएं, विकास योजनाओं की नियमित बैठकें और महत्वपूर्ण प्रशासनिक गतिविधियां स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम बन रही हैं।

आधुनिक सुविधाओं से लैस ये सचिवालय ग्राम स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों को अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए अब शहरों की ओर नहीं दौड़ना पड़ता। आधुनिक कार्यप्रणाली से युक्त इन सचिवालयों ने ग्राम स्तर पर सुशासन की संकल्पना को पूरी तरह धरातल पर उतारा है। इसी कड़ी में ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट के माध्यम से पंचायतों का संपूर्ण डिजिटलीकरण किया गया है जिसने प्रशासनिक दक्षता को एक नए स्तर पर पहुँचाने का काम किया है। स्वच्छता के क्षेत्र में जनपद ने जो मील के पत्थर स्थापित किए हैं वे पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन से व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में जो अभूतपूर्व प्रगति हुई है उसने न केवल महिलाओं की गरिमा को सुरक्षित किया है बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य सूचकांकों में भी व्यापक सुधार किया है। इसके साथ ही सैकड़ों सामुदायिक शौचालयों का निर्माण सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है जो विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए हैं। खुले में शौच से मुक्ति ने लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और बीमारियों में उल्लेखनीय कमी लाई है। ओ.डी.एफ प्लस की अवधारणा को साकार करते हुए अब गांवों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण पर्यावरण पूरी तरह स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बना रहे।

जनपद के सर्वांगीण विकास में ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर वातावरण निर्माण और पारिस्थितिकीय विश्लेषण कर स्वयं ग्रामीणों द्वारा अपनी तात्कालिक प्राथमिकताओं का चयन किया जाता है। इसी जनभागीदारी के आधार पर गांवों में सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग, पेयजल और सौर लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं का व्यापक विस्तार कर जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा रहा है। खेल मैदानों के विकास ने जहाँ ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए नई ऊर्जा दी है वहीं सौर ऊर्जा योजनाओं के समावेश से घरों को मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त हो रही है।

नवीकरणीय ऊर्जा के इस बढ़ते उपयोग ने न केवल आम आदमी पर बिजली के बिल का बोझ कम किया है बल्कि बिजली उत्पादन की लागत में कमी लाते हुए प्रदेश सरकार के संकल्पों को भी मजबूती प्रदान की है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध हो रहा है। इसके साथ ही सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति और गरिमामय अंतिम संस्कार व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित दर्जनों आधुनिक अन्त्येष्टि स्थलों ने ग्रामीण जनता को एक बड़ी सुविधा प्रदान की है। डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित जन सेवा केंद्रों ने नागरिक सेवाओं को सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुँचा दिया है। विभिन्न प्रकार के सरकारी प्रमाण पत्र, आवेदन और योजनाओं की जानकारी अब स्थानीय स्तर पर ही सुलभ है जिससे ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बड़ी बचत हो रही है। डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में बढ़ते हुए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल और ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था ने पंचायतों के कार्यों और वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता लाते हुए भ्रष्टाचार पर पूरी तरह अंकुश लगा दिया है और विकास की गति को तेज किया है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी पंचायतों ने उल्लेखनीय कार्य किया है जहाँ निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और स्वयं सहायता समूहों के साथ उनके बेहतर समन्वय ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को अभूतपूर्व बल दिया है। जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए मनरेगा और अमृत सरोवर जैसी योजनाओं का प्रभावी उपयोग किया गया है। ऐतिहासिक तालाबों का पुनरुद्धार और व्यापक वृक्षारोपण जैसे कार्यों ने ग्रामीण पारिस्थितिकी को पुनर्जीवित किया है जिससे भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं के माध्यम से समाज के सबसे कमजोर वर्गों और पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभान्वित किया है। जिला प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता से इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँच रहा है जिससे उनके सामाजिक जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आया है। आज लखनऊ के ग्रामीण अंचल में जो व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है वह केवल आंकड़े नहीं हैं बल्कि बदलते हुए जीवंत परिवेश की एक खूबसूरत तस्वीर हैं। डिजिटल पंचायत, आत्मनिर्भरता और आधुनिक बुनियादी ढांचे के इस बेहतरीन संगम ने भविष्य के स्मार्ट ग्राम की एक मजबूत नींव रख दी है। तकनीक और पर्यावरण के प्रति बढ़ती सजगता ने ग्रामीण जीवन को अधिक उन्नत, सुगम और समृद्ध बनाया है। सशक्त पंचायतों और समृद्ध गांवों की यह परिकल्पना न केवल प्रशासनिक पहुँच को सुगम बना रही है बल्कि वित्तीय प्रबंधन में ऑनलाइन भुगतान प्रणालियों के उपयोग ने ग्रामीण समाज को स्वावलंबी बनाने के साथ-साथ विकास की मुख्यधारा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की है। प्रदेश सरकार की इन लोक-कल्याणकारी योजनाओं और जिला प्रशासन के कुशल एवं पारदर्शी क्रियान्वयन से जनपद का प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र आज आत्मनिर्भरता और सर्वांगीण प्रगति की एक नई ऊंचाई को छू रहा है।

साहित्य



## सत्ता का वैभव नहीं

**संजय एम तराणेकर**

*यह सिर्फ सत्ता का वैभव नहीं,*
*जवाबदेही का बोझ हैं राजनीति।*
*यह केवल कुर्सियों की चमक नहीं,*
*जन–मन मौन खोज हैं राजनीति।*

*यहाँ हर एक निर्णय लेने के पीछे,*
*हजारों–हजार उम्मीदें सांस लेती।*
*निरक्षर नेता के एक हस्ताक्षर से,*
*यूं कई पीढ़ियाँ भी राहें चुन लेती।*

*मुकुट दिख जाता स्वर्णिम सबको,*
*पर भीतर काँटों की थकान होती।*
*रैली और भीड़ के नारों से भी परे,*
*रातों में आत्मा से पहचान होती।*

*ये राजनीति यदि सेवा बन जाए,*
*तो इतिहास को भी बदल सकती।*
*और यदि स्वार्थसिद्धि में ढल जाए,*
*तो फिर सभ्यता भी नष्ट हो सकती।*

*यह मात्र शब्दों का ही उत्सव नहीं,*
*कर्तव्य परायणता का तप होती।*
*यह सिर्फ सत्ता का वैभव नहीं,*
*जवाबदेही का बोझ हैं राजनीति।*



## राशिफल

**मेषः–** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी।

**वृषभः–** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे। आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः–** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्कः–** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः–** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः–** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः–** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

**वृश्चिकः–** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः–** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः–** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः–** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः–** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# भोजशाला : जब इतिहास की राख से फिर सभ्यता बोल उठी

*प्रणय विक्रम सिंह*

सभ्यताएं केवल पत्थरों, प्राचीरों और पुरातात्विक अवशेषों से नहीं बनतीं। वे स्मृतियों, श्रद्धा, ज्ञान और आत्मा के उन अदृश्य सूत्रों से निर्मित होती हैं, जिन्हें तलवारें काट नहीं सकतीं, फरमान मिटा नहीं सकते और आक्रमण पराजित नहीं कर सकते।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोजशाला–कमाल मौला कॉम्प्लेक्स की धार्मिक प्रकृति को भगवती वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर माना है। यह राजा भोज (परमार वंश) द्वारा स्थापित संस्कृत शिक्षा केंद्र था।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा धार स्थित भोजशाला–कमाल मौला परिसर की धार्मिक प्रकृति को भगवती वाग्देवी (मां सरस्वती) का मंदिर मानना केवल एक न्यायिक निर्णय नहीं, बल्कि उस सभ्यतागत सत्य की पुनर्पुष्टि है, जिसे सदियों तक धूल, ध्वंस और दमन के नीचे दबाने का प्रयास किया गया, किन्तु जिसे मिटाया नहीं जा सका।

यह वही भोजशाला है, जिसे परमार वंश के महान प्रतापी राजा भोज ने ज्ञान, संस्कृत और मां वाग्देवी की आराधना के केंद्र के रूप में स्थापित किया था। यहां केवल पूजा नहीं होती थी, यहां भारत की वैदिक चेतना श्वास लेती थी। यहां शब्द साधना थी, शास्त्रार्थ था, संस्कृत की स्वर लहरियां थीं और ज्ञान को ईश्वर मानने वाली भारतीय सभ्यता का आलोक था। यह केवल मंदिर नहीं था, यह भारतीय बौद्धिकता, भारतीय ज्ञान और भारतीय अध्यात्म का समन्वित विश्वविद्यालय था। किंतु भारत के इतिहास का एक लंबा कालखंड ऐसा भी रहा, जब बाहरी आक्रमणकारियों ने इस भूमि की आत्मा को तोड़ने का प्रयास किया। मंदिरों को केवल पत्थरों का ढांचा नहीं समझा गया, उन्हें भारतीय समाज की सांस्कृतिक रीढ़ मानकर लक्ष्य बनाया गया। क्योंकि आक्रमणकारी जानते थे कि यदि किसी सभ्यता की स्मृतियों, प्रतीकों और आस्था केंद्रों को ध्वस्त कर दिया जाए तो उसके आत्मविश्वास को घायल किया जा सकता है।

सोमनाथ से काशी तक, मथुरा से मार्तंड तक और भोजशाला से नालंदा तक इतिहास के पन्नों पर ऐसे असंख्य रक्तरंजित अध्याय अंकित हैं, जहां केवल इमारतें नहीं टूटीं, बल्कि भारतीय अस्मिता को अपमानित करने का सुनियोजित प्रयास हुआ। आक्रमण केवल भूभाग पर नहीं, भारत की स्मृति पर था।

पुस्तकालय जलाए गए, विद्यापीठ ध्वस्त किए गए, मूर्तियों को खंडित किया गया और सभ्यता की स्मृतियों पर पराये प्रतीकों का आवरण चढ़ाने का प्रयास किया गया। भोजशाला भी उसी पीड़ा की साक्षी बनी। जहां कभी सरस्वती वंदना गूंजती थी, वहां इतिहास को बदलने के प्रयास हुए। जहां ज्ञान का दीप प्रज्वलित था, वहां पहचान का अंधकार थोपा गया। किन्तु सनातन की विशेषता यही है कि वह पराजित नहीं होता। वह प्रतीक्षा करता है। वह सहता है। वह समय के गर्भ में सत्य को सुरक्षित रखता है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने उपलब्ध ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्यों, सतत उपासना परंपरा और वैज्ञानिक जांच के आधार पर यह स्पष्ट किया कि भोजशाला मां वाग्देवी का प्राचीन मंदिर एवं संस्कृत शिक्षा का केंद्र था। यह निर्णय किसी भावनात्मक आवेग का परिणाम नहीं, बल्कि संवैधानिक प्रक्रिया, पुरातात्विक परीक्षण और न्यायिक विवेक की कसौटी पर आया हुआ निर्णय है।

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) जैसी विशेषज्ञ संस्था की जांच, दोनों पक्षों की दलीलों, ऐतिहासिक प्रमाणों और प्रत्यक्ष निरीक्षण के बाद यह निर्णय दिया। यह बताता है कि भारत का संविधान और न्यायपालिका सत्य तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं, यदि धैर्य और विश्वास बनाए रखा जाए। यह निर्णय सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक भारत में ऐतिहासिक सत्य पर चर्चा को ही विवाद बना दिया गया। सभ्यतागत पीड़ा की अभिव्यक्ति को सांप्रदायिकता कहकर दबाने का प्रयास हुआ। मंदिर विध्वंसों की स्मृतियों को अतीत भूल जाओ कहकर ढंकने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई भी समाज अपने घावों को स्वीकार किए बिना स्वस्थ नहीं हो सकता। भोजशाला का निर्णय इस बात का संकेत है कि आधुनिक भारत अब अपनी सभ्यता के इतिहास से आंखें चुराने के बजाय उसका संतुलित और तथ्याधारित पुनर्पाठ करने को तैयार है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह निर्णय भारत की बदलती चेतना का प्रतीक है। यह उस नए भारत का संकेत है, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों को लेकर संकोचग्रस्त नहीं है। जो यह मानता है कि विकास और विरासत साथ–साथ चल सकते हैं। जो मंदिरों को केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्मृति और सभ्यतागत पहचान के केंद्र के रूप में देखता है।

यह निर्णय उन करोड़ों भारतीयों के मन में विश्वास भी जगाता है, जिन्होंने दशकों तक यह अनुभव किया कि उनकी आस्था, उनकी पीड़ा और उनकी सांस्कृतिक स्मृतियां सार्वजनिक विमर्श में उपेक्षित रहीं। भोजशाला का निर्णय उन्हें यह आश्वासन देता है कि संवैधानिक और न्यायिक प्रक्रिया के भीतर रहते हुए भी ऐतिहासिक न्याय संभव है। इस निर्णय का सबसे बड़ा संदेश यह है कि सनातन केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है। उसे तलवारों से घायल किया जा सकता है, लेकिन समाप्त नहीं किया जा सकता। आज भोजशाला का प्रश्न केवल एक मंदिर का प्रश्न नहीं है। यह भारत की उस ज्ञान परंपरा का प्रश्न है, जिसने विश्व को व्याकरण दिया, दर्शन दिया, गणित दिया, अध्यात्म दिया। यह उस सांस्कृतिक अस्मिता का प्रश्न है, जिसे बार–बार मिटाने का प्रयास हुआ, लेकिन जो हर बार और अधिक तेजस्विता के साथ पुन: खड़ी हो गई। न्यायालय द्वारा लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा को भारत वापस लाने की दिशा में विचार करने संबंधी टिप्पणी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वह प्रतिमा केवल मूर्ति नहीं है, वह भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उसका पुन: भोजशाला में स्थापित होना वस्तुत: इतिहास की टूटी हुई कड़ी का पुनर्संयोजन होगा। वह केवल प्रतिमा की वापसी नहीं होगी, वह भारतीय आत्मा की घर–वापसी होगी। किन्तु इस निर्णय को प्रतिशोध या पराजय के भाव से नहीं देखा जाना चाहिए। यह किसी समुदाय की हार नहीं है। यह ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है।

अब आवश्यकता भोजशाला को पुन: ज्ञान और संस्कृत साधना के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की है। वहां पुन: वेदों की ऋचाएं गूंजें। वहां पुन: संस्कृत का अध्ययन हो। वहां पुन: भारत की ज्ञान परंपरा विश्व को दिशा दे। वहां पुन: यह सिद्ध हो कि यह भूमि केवल आस्था की नहीं, ज्ञान की भी जननी है। तभी यह निर्णय अपने पूर्ण अर्थ को प्राप्त करेगा। भोजशाला हमें याद दिलाती है कि इतिहास का सत्य देर से लौट सकता है, लेकिन लौटता अवश्य है। और जब सत्य लौटता है, तब केवल एक भवन नहीं जीतता... सभ्यता मुस्कुराती है, इतिहास की राख से फिर सरस्वती उठ खड़ी होती हैं।

*(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति ही नहीं राष्ट्रसेवा के संकल्प का आधार



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महा अभियान का प्रशिक्षण वर्ग जयसवाल क्लासिक गेस्ट हाउस उरई में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण के अंतिम सत्र के वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह रहे। उन्होंने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संगठन की रीति-नीति, कार्यकर्ता के दायित्व एवं राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प का आधार है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का सशक्त माध्यम है, जो संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है। मेरा बूथ सबसे मजबूत पर प्रकाश डाला प्रशिक्षण वर्ग 11 सत्रों में कराया गया जिसमें प्रत्येक सत्र के अलग अलग वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की सप्तम सत्र में मुख्य वक्ता हिमांशु दुबे प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रहे। उन्होंने मीडिया प्रबंधन का विषय रखा विधायक नीलिमा कटियार ने सरकार की उपलब्धियां की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, एमएलसी रमा निरंजन उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी सहित समस्त पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पुरस्कार पाकर चहकी मेधा



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्राथमिक कक्षाओं प्रथम द्विमासिक परीक्षाओं का पुरुस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि छिवलहा महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक ईसनारायण और विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने दीप प्रज्वलन कर बच्चों को पुरूस्कार वितरण किए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल प्रदान किया. शिशु एवं प्राथमिक वर्ग में ईशानी देवी मौर्य 100 प्रतिशत एवं नंदिनी साहू 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा। इस अवसर पर आरुष, वेदिका, अक्षत पाल, अंश, अभिनव सिंह, गुंजन, पल्लवी, राहुल, आदर्श, शिवा, आदित्य पाल ने बाजी मारी।

### क्षत्रिय महासभा ने किया राज्यमंत्री का स्वागत



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृष्णा पासवान के राज्यमंत्री बनाए जाने पर उनके आवास में पहुंचकर भारी भरकम माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया और कृष्णा पासवान जिन्दाबाद एवं क्षत्रिय एकता जिन्दाबाद के जयघोष किया गया। राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने संगठन को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने इस स्वागत कार्यक्रम में आए हुए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नागेन्द्र सिंह चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष प्रयागराज, आर पी सिंह भदौरिया, अमित सिंह परिहार युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, समरबीर सिंह चौहान, सोनू सिंह परिहार, पंकज सिंह तोमर, मोनू सिंह राजावत, राघवेंद्र सिंह चौहान, भूपेन्द्र सिंह चौहान, कामिनी सिंह चौहान, ध्यानेंद्र सिंह चौहान, ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सोनू सिंह बगिया, नीतू सिंह, बीनू सिंह आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने तहसील खागा का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात तहसील कार्यालय खागा का निरीक्षण किया, के दौरान तहसील के बड़े बकायेदारों की फाइलों का निस्तारण एवं रखरखाव सही ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी से कहा कि समय-समय पर नियमित तहसील के सभी पटलों का निरीक्षण करें। तहसीलदार कोर्ट के



निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वादों की फाइलों को देखा और कहा की धारा-67 के जो भी पुराने वाद हैं उनका तत्काल निस्तारण कराएं एवं अन्य वादों का निस्तारण भी ससमय कराया जाय। तहसील कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों के रख-रखाव एवं साफ सफाई संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा अभिनीत कुमार, तहसीलदार शैल कुमारी, नायब तहसीलदार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 56 शिकायतें

**6 का किया गया मौके पर निस्तारण**



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इसमें अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपजिलाधिकारी महोबा शिवध्यान पांडे द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार की उपस्थिति में 65 में से 02 तथा तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार की उपस्थिति में 55 में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

### पुलिस अधीक्षक ने देर रात्रि सुरक्षा व सतर्कता के संबंध में किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत आल्हा चौक पर रात्रि गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में संचालित रात्रि गश्त की गुणवत्ता का गहनता से आकलन किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तैनात समस्त चौकी प्रभारियों की लोकेशन का सत्यापन करते हुए उनकी सक्रियता,



सतर्कता एवं मौके पर उपस्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने रात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निरीक्षण के क्रम में यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ हो तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा है तथा इसके लिए निरंतर निगरानी, सक्रियता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते रहें तथा आमजन में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना को मजबूत बनाए रखें।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, मौके पर मिला त्वरित समाधान



**खतौनी में नाम त्रुटि का तत्काल सुधार, फरियादियों को मिली बड़ी राहत**

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** तहसील उरई सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम रंगोली निवासी कमलेश एवं मुलुपुरा निवासी श्रीराम ने खतौनी में नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज होने की शिकायत प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नाम संशोधन की कार्रवाई कराई और स्वयं अपने हाथों से संशोधित खतौनी दोनों फरियादियों को सौंपी। त्वरित कार्रवाई से फरियादियों ने प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

### सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर ईश्वर से मांगी पति की लंबी आयु

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** वट सावित्री अमावस्या पर्व पर जिलेभर की सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख कर वट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना कर ईश्वर से अपने पति की लंबी आयु के लिए कामना की। इस दौरान गली कूचों में लगे वट वृक्ष में सुबह से शाम तक आस्था का सैलाब उमड़ता रहा। तेज धूप होने के बाद भी गर्मी पर आस्था भारी पड़ी रही। पूरे दिन पूजा पाठ का क्रम चलता रहा। पर्व को लेकर शहर से लेकर कस्बे तक में सुहागिन महिलाएं शनिवार की भोर पहर से ही पूजा पाठ की सामग्री बनाने में जुट गई। इसके बाद महिलाओं सोलह श्रंगार कर टोलियों के रूप में जहां नजदीक बरगद के पेड़ नहीं थे तो महिलाएं लंबी दूरी तय कर पूजा करने गई।कुछ महिलाओं ने घरों में वट वृक्ष की टहनी रखकर पूजा की।बरगद के नीचे पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजा की। वट वृक्ष के तने पर कच्चे सूत का धागा बांधकर परिक्रमा की और घर पर बनाए गए पकवान अर्पित कर ईश्वर से पति की लम्बी उम्र की कामना की।सुहागिनों ने पूजा अर्चना को पूरा कर वट वृक्ष के नीचे ही बैठकर व्रत तोड़ा। खास तौर से नवविवाहिताएं इस पर्व को लेकर उत्साहित रहीं और शादी का जोड़ा और चुनरी ओढ़कर वट वृक्ष की पूजा करने पहुंची।

## डीएम एसपी ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वाधान में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में कृषि, राजस्व, पुलिस, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, चकबंदी, विद्युत, आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, उद्यान, सिंचाई, नलकूप, जल निगम (ग्रामीण), बाल विकास, महिला कल्याण, जिला पूर्ति, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, भूमि विवाद आदि से संबंधित कुल 322 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 24 प्रार्थना पत्रों का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया, अवशेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दूर दराज से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं सुना। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थीपरक/जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:240/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक-16/04/2026

**ई-निविदा तिथि संशोधन सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्रांकः-148/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 28/04/2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु जो ई-निविदा सूचना आमंत्रित की गई थी, अपरिहार्य कारणों से उसकी तिथियों में संशोधन किया जाता है।

अब उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित संशोधित समय-सारणी निम्वत् रहेगी।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2026-27 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 19.05.2026 10:00 A.M. |
| Date Time For Submission of E-Bids | 09.06.2026 12:00 A.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 09.06.2026 04:00 A.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive officer, Nagar Palika Parishad Kaimganj, Farrukhabad |

अतः मूल निविदा की अन्य सभी शर्ते नियम व नियम एवं विवरण यथावत रहेंगे। विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फरेन्दा-महराजगंज**

पत्रांक 21/ लेखा/राज्य वित्त पन्द्रहवा वित्त मनरेगा/निविदा/2026-27/ दिनांक 13/05/2026

**(निविदा सूचना )**

क्षेत्र पंचायत- फरेन्दा द्वारा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड/अनटाईड ग्रान्ट) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, द्वितीय श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी 40एम.एम., पत्थर की गिट्टी 20 एम.एम., मोटा बालू, महीन बालू, लोकल बालू मिट्टी ढुलाई, राबीस, सीमेन्ट, इंन्टरलाकिंग ईट, माईकान पालीथीन सीट, सरिया, समर सेबुल 2 एच.पी., एम.एस. ग्रील, लकड़ी का चौकठ, आयरन गेट, विद्युतीकरण कार्य सामाग्री एवं मजदूरी सहित, सेनेटरी कार्य सामाग्री एवं मजदूरी सहित, पलम्बरिंग कार्य सामाग्री एवं मजदूरी सहित, आरो प्लान्ट 250 एल.पी.एच. की आपूर्ति एवं स्थापना, मुर्गा जाली, एम.एस. आयरन गेट, प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग एल्यूमोनियम डोर, सप्लाई एण्ड फिक्सिंग आफ एम.एस.डोर एण्ड विण्डो 40 एवं 32 एम.एम.प्लाईउड सटर विथ सनमाईका, साल उड चौकठ, सप्लाई एण्ड फिक्सिंग होल्डफास विथ फासनर, प्राईमर वुड/आयरन, पुट्टी. हाइट सिमेंट, इनामेल पेन्ट, पुट्टी, इन्टेरियर सीमेन्ट प्राईमर, स्टेरियर सीमेन्ट प्राईमर, इन्टेरियर प्लास्टिक इमल्शन पेन्ट, स्टेरियर अपेक्स पेन्ट, डीप बोरिंग, वाटर टैंक 500 लीटर, सप्लाई एण्ड फिक्सिंग टुल्लू पम्प । एच.पी., सप्लाई एण्ड फिक्सिंग डब्ल्यू.सी. पैन, सप्लाई एण्ड फिक्सिंग ट्वाईलेट पलस, सप्लाई आफ वाल टायल्स 300ङ्ग450 एमएम सप्लाई आफ फ्लोर टायल्स 600ङ्ग600 एमएम प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग फाल सेलिंग, पी.वी.सी. एनसुलेटेड कापर कंडेक्टर, अल्यूमोनियम डोर विण्डो, सटर, डोर, विण्डो, वेल्टीलेशन, प्रोवाइंडिंग एण्ड फिक्सिंग ग्लेजिंग इन अल्यूमोनियम डोर एण्ड विण्डो, प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग डोर विण्डो फिटिंग, प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग पी.वी.सी. वाल क्लैडिंग विथ जी.आई.वेस, लाईट प्वाईन्ट, फैन प्वाईन्ट, सिंगल कोर केवल, 0.7 एम.एम. सालिड कापर कन्डेक्टर, पी.ई. इन्शूलेटेड साउण्ड सिस्टम, सप्लाई एण्ड फिक्सिंग डी.पी. 240 वोल्ट आईशूलेटर, 8 माडूलर जी.आई. बाक्स, 8 माडूलर जी.आई. बाक्स, 5/690 स्वीच 15/16ए. स्वीच, 5/6ए. साकिट, 15/16ए. साकिट, स्टालेशन आफ सिलिंग फैन इनक्यूलुडिंग वायरिंग डाउनराड, 60 से.मी. डाउनराड, सिलिंग लाईट कैब, सिलिंग लाईट एल.ई.डी. 15 वाट, सिलिंग लाईट एल.ई.डी. 7 वाट, सिलिंग फैन/वाल फैन, वाथसावर, वासवेसिन, डब्लू.सी. पैन विथ कमोड़, यूरिनल, स्टील चेयर, मेज एवं शीशा, डस्टवीन, स्टील आलमारी, ब्राडेड कम्प्यूटर सेट, अन्य विद्युत उपकरण, 150/200/250 एम.एम. हयूम पॉईप, साइन बोर्ड, जी.आई. बारवेट वायर एवं निर्माण कार्य से सम्बन्धित अन्य सामग्री, हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 28.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म, ईट भट्ठा मालिक, आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धनराशि मू. 10000.00 नकद / एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी फरेन्दा के नाम से बन्धक होगा के रुप में जमा करना अनिवार्य होगा। नियम व शर्ते निम्नवत है-

1-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक फर्मो/ पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
2-निविदा सामग्री आपूर्तिकर्ता (फर्म) को अपने जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन का प्रमाणित प्रति देना अनिवार्य है।
3-खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित समिति व निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्मो/पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष निर्धारित तिथि समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4-सामग्री की आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी- फरेन्दा, की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य स्थल पर पहुंचाकर करनी होगी।
5-सामग्री आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी फरेन्दा द्वारा आदेश निर्गत करने के पश्चात ही की जायेगी।
6-सामग्री आपूर्ति की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
7-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली इच्छुक कर्मो/ पंजीकृत आपूर्तिकर्ता कार्यप्रभारी, प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता, लेखाकार, विकास खण्ड में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार नहीं है। इस आशय का नोटरी/शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामाग्री आपूर्ति की गुणवत्ता प्रमाणित करने व मापन के उपरान्त ही किया जायेगा, गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
9- आपूर्तिकर्ता को भारत सरकार द्वारा निर्गत जी.एस.टी. शर्तो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
10-स्वीकृत निविदा फर्म/आपूर्तिकतों द्वारा समय से सामग्री आपूर्ति न किये जाने या किसी भी तरह का विवाद आदि के स्थिति में आदेश निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी, फरेन्दा महराजगंज के पास सुरक्षित होगा।
11-निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने कर अधिकार खण्ड विकास अधिकारी, फरेन्दा महराजगंज को होगा।
12-निविदा फार्म का मूल्य 500.00 रू0 नकद जमा कर किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
13-फर्मो द्वारा सामाग्री आपूर्ति के पश्चात प्रस्तुत बिलों से नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर तथा 2 प्रतिशत जी.एस.टी. की कटौती की जायेगी।
14-उक्त निविदा में प्रतिभाग करने वाले निविदादाताओं में से न्यूनतम दर अंकित करने वाली फार्म की अंतिम स्वीकृती दर पर कार्य की आवश्यकता व प्राथमिकता के दृष्टिगत आपूर्तित सामाग्रियों हेतु कार्य आदेश एक से अधिक निविदादाताओं में विभक्त करने/आवंटित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी-फरेन्दा के पास सुरक्षित रहेगा।

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत फरेन्दा, महराजगंज**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**क्षेत्र पंचायत फरेन्दा, महराजगंज**

# डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बनाई रणनीति

**राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों ने लिया भाग**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनभागीदारी जांच करें, सफाई करें, और ढके की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों के साथ कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें डेंगू दिवस के नियंत्रण को लेकर रणनीति बनाई गई और डेंगू नियंत्रण की शपथ दिलाई गई।

सीएमओ द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों को संकट में मानवता की सहायता के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की, उन्होंने कहा कि 11 वें राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन का मुख्य उद्देश्य डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी बढ़ाना है। इस वर्ष का ध्येय वाक्य जांच करें, सफाई करें, और ढके की थीम पर जनता को डेंगू के नियंत्रण के लिए जागरूक करना है।

जिला डेंगू नियंत्रण अधिकारी एस ठाकुर ने डेंगू मच्छरों के पनपने और उनके नियंत्रण को लेकर के विस्तार से बताया उन्होंने कहा की डेंगू मुख्य रूप से चिंताजनक इसलिए है की इसका मच्छर काफी दिनों तक जीवित रहता है जिसके वजह से वह बार-बार अपना फैलाव कर लेता है लेडिस मच्छर के प्रजनन के लिए न केवल डेंगू बल्कि चिकनगुनिया और जीका वायरस भी वाहक है, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता समितियां और रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों के सहयोग से मच्छरों के प्रजनन स्थलों का निरीक्षण करना, अनावश्यक जल पात्रों को खाली कराया जाना तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में कूलर का पानी, टैंक गमले पशु पक्षियों के पीने के पात्र नारियल के खोल प्लास्टिक के कप, टायर, बोतल आदि निष्प्रयोग सामग्री में रुकने वाले जल के कारण मच्छरों का फैलाव बढ़ता है इसलिए हम सभी को जागरूक कर ऐसे निष्प्रज सामग्रियों को घर के आसपास ना रखने दें और जल का संग्रहण न होने दें, जिससे डेंगू नियंत्रण में काफी सफलता मिलेगी।

इस मौके पर रेडक्रॉस के संरक्षक सदस्य आशीष वर्मा, प्रीतम सिंह वर्मा, आजीवन सदस्य रत्नेश कुमार, रचना श्रीवास्तव, मेराज अहमद, धर्मेंद्र कुमार, विनोद कुमार, डॉ सुरेश चंद्र शर्मा, अवधेश कुमार , रामकैलाश, रामसजीवन, राम प्राट कनौजिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डीके श्रीवास्तव, सहित तमाम स्वयं सेवक व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यकाल बढ़ाने को लेकर प्रधानों ने गृहमंत्री को भेजा ज्ञापन



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने शनिवार को लोकनिर्माण विभाग अतिथि गृह में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के माध्यम से भेजा गया।

इसमें ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पंचायत चुनाव संपन्न होने तक बढ़ाने की मांग की गई है।ज्ञापन में बताया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों में मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वर्तमान चुनाव तैयारियों को देखते हुए आशंका है कि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाएंगे। अखिल भारतीय प्रधान संगठन को संदेह है कि कार्यकाल समाप्त होते ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में सरकारी कर्मचारियों को प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है।

प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा ने कहा कि प्रशासक नियुक्त करना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं होगा। उन्होंने जोर दिया कि जनता द्वारा निर्वाचित मौजूदा प्रधानों का ही कार्यकाल चुनाव संपन्न होने तक बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि इससे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और जनता का विश्वास भी बना रहेगा। प्रधान संघ ने मांग की है कि यदि किसी कारणवश पंचायत चुनाव समय पर संपन्न नहीं हो पाते हैं, तो सरकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल चुनाव संपन्न होने तक बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करे।

# नहाने के दौरान नदी में डूबे युवक का शव बरामद

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल



**बेलहरा-बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नहाने के दौरान सरयू नदी में डूबे सीतापुर के मुकेश पासी (25) का शव शनिवार सुबह स्थानीय गोताखोर ने कुछ ही दूरी से बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के बल्लोपुर सेकेण्ड गांव के पास से निकली सरयू नदी में इन दिनों कटान रोकने के लिए बाढ़ खण्ड की ओर से ठोकर निर्माण कार्य एवं तिगोड़िया का कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में सीतापुर जनपद के मजदूरों को लगाया गया है। शुक्रवार दोपहर तेवराइन पुरवा गांव के पास कार्य के दौरान सीतापुर के काशीराम अपने दामाद मुकेश निवासी पैगरवा थाना सदरपुर के साथ दोपहर में गर्मी अधिक होने के चलते सरयू नदी में नहाने लगे थे। इस दौरान मुकेश गहरे पानी मे डूब गया था। गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही थी। शनिवार सुबह शव बरामद किया गया।

युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि शव बरामद हो गया है, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राज्यमंत्री ने अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार को किठूरी गांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने फीता काटकर इस भवन का उद्घाटन किया ।यह भवन ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत लगभग 9 लाख रुपये की लागत से बनवाया गया है ।इस अवसर पर मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण से राशन का भंडारण सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा, जिससे कार्डधारकों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जा सकेगा ।मंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति तक अन्न पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्नपूर्णा भवन का संचालन सुचारु रूप से किया जाए और राशन वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी गरीब का राशन न कटे ।लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिक्री के पचपन सौ रुपये के साथ दो बकरी चोर गिरफ्तार

- पूछताछ में अभियुक्तों ने 4 दिन पहले ग्राम गुलाम हैदर से तीन बकरी दो बकरा चोरी की बात कबूली

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना मुसाफिरखाना में प्रकाश में आये दो अभियुक्त मो. कैफ पुत्र मो. शकील ग्राम तकिया जमुवारी थाना मुसाफिरखाना व गुफरान पुत्र फरीद अहमद ग्राम गुलाम हैदर मजरे जाखा शिवपुर थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त मो. कैफ के कब्जे से 3000 रुपये एवं अभियुक्त गुफरान के कब्जे से 2500 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि करीब 4 दिन पहले हम लोगों ने ग्राम गुलाम हैदर से 3 बकरी 2 बकरा चोरी किये थे। जिसे हम लोगों ने 10,000/- रुपये में बेंच दिया था। बरामद रुपये उसी बकरी बकरा बिक्री के है कुछ रुपये हम लोगों ने खर्चा कर लिये हैं। बरामदगी के आधार पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार ऑटो ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौत



**मसौली बाराबंकी।** शनिवार की सुबह करीब साढ़े बजे एक्स एल बिक्की से रामनगर की ओर जा रहें वृद्ध को तभी सामने से आ रहें आटो ने जोरदार टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डायल 112 सीएचसी बड़ागांव लेकर गये जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला आईमाहर निवासी 72 वर्षीय अब्दुल अली उर्फ मुन्ना पुत्र नूर मोहम्मद शनिवार की सुबह किसी कार्य से अपनी एक्स एल बिक्की से रामनगर की ओर जा रहे थे बिन्दौरा चौराहे पर जैसे ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहें आटो नम्बर यूपी 41सीटी 4623 ने जोरदार टक्कर मार दी हाइवे पर हुई दुर्घटना से लोगो की भीड़ लग गयी गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डायल 112 से सीएचसी बड़ागांव लाया गया जहां चिकित्स्को ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद घर एव गाँव मे कोहराम मच गया।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को राजी



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु दीपशिखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए सारे शिकवे गिले भुलाकर एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### ट्रक-बाइक भिड़ंत में बाइक सवार दो की मौत, एक घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगंज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सुल्तानपुर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फरार ट्रक चालक का पीछा कर पुलिस ने वाहन समेत पकड़ लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### बरगद पर महिलाओं ने किया वट सावित्री पूजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जायस के अंतर्गत कस्बा जायस में महिला अस्पताल के सामने स्थित सैकड़ों वर्षों पुराने ऐतिहासिक बरगद वृक्ष पर महिलाओं ने वट सावित्री व्रत का पूजन किया। शनिवार सुबह से उमड़ी सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ ने अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर पूजन किया। महिलाओं ने कच्चा सूत लपेटकर वट वृक्ष की परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनकर परिवार की सुख-समृद्धि की दुआ मांगी। पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा के तहत हर वर्ष इस प्राचीन वट वृक्ष पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

## सभी तहसीलों में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस संपन्न



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में विधायक सिधौली मनीष रावत, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर व एसपी अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 277 शिकायतों में से 35 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

### जनगणना को लेकर आशा कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास खंड मुख्यालय सभागार में क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों को जनगणना कार्य के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड ट्रेनर डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने आशा कार्यकत्रियों को जनगणना के दौरान किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या से जुड़े विभिन्न आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह पूरी ईमानदारी और सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया, परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज करने, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन डेटा भरने तथा गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए प्रत्येक जानकारी को सही ढंग से दर्ज करना बेहद जरूरी है।

# डीएम-एसपी ने की व्यापारी बन्धुओं संग गोष्ठी

- प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की अपील की

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पंप संचालकों, गेस्ट हाउस संचालकों आदि व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई। विशेषत ज्वैलर्स की दुकानों पर अन्दर के साथ बाहर की ओर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने हेतु अपील की गई ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर खुलासा करने में मदद मिल सके। गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुझाव लिये गये तथा सड़कों से अतिक्रमण हटाने संबन्धी आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। व्यापारी बन्धुओं को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया।

### सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली की मासिक बैठक आयोजित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली सोइया की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बुद्ध जयंती के दिन के आय व्यय पर विचार चहारदीवारी निर्माण खर्च से बचे धन पर विचार आदि पर चर्चा परिचर्चा की गयी। प्रबंधक सुखदेव उर्फ भंते प्रज्ञा मित्र और सचिव रामफल फौजी निबंधन कार्यालय अयोध्या तारीख से संबंधित कार्य से गये होने के कारण मीटिंग में नहीं उपस्थित हो सके थे। उपस्थित रहे पदाधिकारियों व सदस्यों में अध्यक्ष श्याम लाल उर्फ भंते धम्म दीप रामटहल उर्फ भंते शीलरतन कोषाध्यक्ष, रामसमुझ, रामकिशोर, बाबूलाल, हीरालाल, नागेश्वर नाथ, छोटेलाल, पल्टूराम मास्टर रामदेव, अमीन नजरू नीरज बौद्ध आदि लोग मौजूद रहे। केपी सविता सदस्य अंत में पहुंचे। कुछ आवश्यक कार्योवश आज की मीटिंग आधा घंटे पूर्व समाप्त कर दी गई थी। बुद्ध विहार के बगल में अमेठी विधायक महराजी देवी की निधि से प्रस्तावित खड़ंजे का निर्माण होते देखा गया। मजदूर वर्ग उस समय दोपहर की छुट्टी पर आराम करते देखे गये।

### सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए किया पूजन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को बट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए विधि-विधान से बट वृक्ष की पूजा की। सुबह होते ही महिलाओं ने व्रत की तैयारियां शुरू कर दीं और पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर पूजा-अर्चना में जुटी रहीं। तहसील क्षेत्र की महिलाएं पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में सज-धजकर बट वृक्ष के पास एकत्रित हुईं। उन्होंने खरबूजा रोली, अक्षत, फूल, धूप-दीप और पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष का पूजन किया। इसके बाद वृक्ष के चारों ओर कच्चा धागा लपेटते हुए 108 बार परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की कथा एक दूसरे को सुनाकर वट वृक्ष की जलार्पण किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण से महिलाएं यह व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं।

# कांग्रेसियों ने किया बढ़ती जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



डलमऊ क्षेत्र में बढ़ती जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिषद डलमऊ में धरना प्रदर्शन करते हुए समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराए जाने की मांग की है

जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर डलमऊ में क्षेत्र की विभिन्न विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी गगनदीप को सौंपा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों मजदूरों नौजवानों की दुश्मन है देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से जनता त्रस्त है वह जनहित की विरोधी पार्टी है कांग्रेसियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि रसोई गैस के बढ़े हुए दाम वापस लिए जाएं, रसोई गैस की कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी पर रोक लगाई जाए एवं निर्बाध रूप से गैस आपूर्ति की जाए,मतदाता सूची में एस आई आर बाद आई अनेक त्रुटियां सुधारी जाए, राजकीय बीज भंडार व पशु चिकित्सालय में तत्काल प्रसाधन की सुविधा नगर पंचायत डलमऊ द्वारा की जाए, सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों में किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है जिसके चलते बिचौलिया हावी है जिस पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाया जाए, मुराई बाग चौराहा पर डलमऊ कछुए की मुराई बाग क्षेत्र में आए दिन जाम लगा रहता है जाम से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र में बाईपास बनाकर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कराकर समस्या का हल किया जाए,गावो में खराब पड़े सरकारी हैंडपंप की मरम्मत अविलंब कराई जाए, आंधी तूफान से आम जनमानस को हुई हानि का मुआवजा दिया जाए एवं डीजल पेट्रोल के बड़े हुए दामों को वापस लिए जाए आदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान की मांग की हैं। इस मौके पर सुधा द्विवेदी,हरिभान चौधरी,अजय प्रताप सिंह,एडवोकेट वीरेंद्र यादव, सुरेंद्र बहादुर सिंह,आकर्षण द्विवेदी,राजन त्रिपाठी, ऋतिक जयसवाल,कन्हैया लाल मौर्य आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराएं अधिकारी : डीएम
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 76 शिकायतें आयीं, आठ का मौके पर हुआ निस्तारण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील महराजगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 26, पुलिस विभाग 21, विकास विभाग 06 व अन्य विभाग 23 कुल 76 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 08 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महराजगंज चन्द्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार, तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुराई बाग चौराहे पर पाइप डालकर बनाया गया रोड क्रॉस हुआ क्षतिग्रस्त

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में जल भराव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर लगभग एक वर्ष पूर्व जल निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर मुराई बाग मुख्य चौराहे पर बड़े-बड़े पाइप डालकर रोड क्रॉस का निर्माण कराया गया था जो मात्र एक ही वर्ष में क्षतिग्रस्त हो गया लालगंज के गेंगासो में गंगा नदी पर बना गंगा पुल खराब होने के बाद से डलमऊ क्षेत्र में भारी एवं ओवरलोड वाहनों की बाढ़ सी आ गई है जिसके चलते डलमऊ गंगा पुल से प्रतिदिन हजारों की संख्या में ओवरलोड भारी वाहन कस्बे से कस्बे से होकर गुजर रहे अत्यधिक संख्या में गुजर रहे ओवरलोड भारी वाहनों के कारण रोड क्रॉस के लिए डाले गए पाइप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिसमें एक बड़ा सा छेद हो गया है जो बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकता है लगातार गुजर रहे ओवरलोड भारी वाहनों के कारण रोड क्रॉस पर हुआ छेद और भी बड़ा होता जा रहा है डलमऊ कस्बे का सबसे व्यस्ततम एवं मुख्य चौराहा होने की वजह से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन बना रहता है जिसके चलते लोगों के साथ कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from Shekh Mohammad Abrar to Mohd Ibrar in the future, I shall be known and recognized Shekh Mohammad Abrar to by the name Mohd Ibrar S/O Shekh Enulhak Mohammad Rafik Address- Badipur Post Islampur Haidergarh Barabanki,UP

# राज्यमंत्री कैलाश राजपूत का स्वागत,बांटे गए लड्डू

- विधायक अर्चना पांडे के साथ माल्यार्पण कर किया स्वागत
- कई प्रमुख स्थानों पर बनाए गए प्रवेश द्वार, स्वागत के लिए लगाई गई होर्डिंग




**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कैलाश राजपूत शुक्रवार देर रात अपने नगर छिबरामऊ पहुंचे। उनके स्वागत में पूरे नगर में भव्य तैयारियां की गई थीं। कई प्रमुख स्थानों पर प्रवेश द्वार बनाए गए और जगह-जगह स्वागत होर्डिंग लगाई गई। खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुरूप राज्य मंत्री कैलाश राजपूत का काफिला अत्यंत सादगी भरा था। सुरक्षा के लिए मात्र एक वाहन के साथ उन्होंने नगर प्रवेश किया।

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे के साथ उनके आगमन पर नगरवासियों ने जगह-जगह माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। कालिका देवी मंदिर के पास महिंद्रा ट्रैक्टर्स एजेंसी पर आनंद गुप्ता, रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, वरुण गुप्ता गोलू, मयंक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, सिकंदरपुर के पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, जिला मंत्री अरूणा शाक्य, रिंकी दुबे, नेहा गुप्ता, उमा शर्मा, मामनचंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमाला पहनाई। पेट्रोल पंप के पास श्यामू चौहान, हिमांशु चौहान, नवीन चौहान, ऋषभ दुबे, अंकुर चौहान, तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर, संजीव दुबे, अनुराग त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता एवं डॉ प्रदीप सिंह ने स्वागत किया। सब्जी मंडी के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम वर्मा, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस चंद्रा, सुशांत गुप्ता सोनू, ताशु गुप्ता एवं नरेश गोल्डी सहित व्यापारियों के एक बड़े समूह ने माल्यार्पण किया। विशुनगढ़ तिराहे पर सियाराम वर्मा मिष्ठान भंडार पर विजय वर्मा, जयपाल वर्मा, संजय वर्मा, सतपाल वर्मा, शिवकुमार, श्याम सिंह राजपूत, हरिश्चंद्र राजपूत, संतराम राजपूत आदि ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। यहां आतिशबाजी भी की गई और समर्थकों में दही गुजिया, लस्सी व छेना का वितरण किया गया। संजीवनी हॉस्पिटल के डॉ रजनीश द्विवेदी एवं डॉक्टर सरित दुबे ने उनके आवास पर पहुंचकर स्वागत किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर लगा बाल मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- बच्चों को बौद्धिक विकास से जुड़ी कराई गई गतिविधियां

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



सीडीपीओ के निर्देशन में क्षेत्र के जसोदा सेक्टर के किशवापुर आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रथम फाउंडेशन द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण के अनुसार बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कुल सात स्टॉल लगाए गए। इनमें पंजीकरण, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, सामाजिक एवं भावात्मक विकास तथा फील्ड वर्क से संबंधित गतिविधियां शामिल रहीं। कार्यक्रम में 25 बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभिभावकों में मधु, सोनम, अभिषेक और पिंटू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए सहायक शिक्षिका पूनम, पुष्पा, शिक्षामित्र सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथलेश कटियार, सहायिका नीरा देवी एवं मुख्य सेविका पूजा अग्निहोत्री मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बौद्धिक विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराई गईं।

# वट वृक्ष की परिक्रमा व पूजा करके पति की मांगी दीर्घायु



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- सार्वजनिक स्थानों सहित घरों में भी महिलाओं ने की पूजा

वट वृक्ष की परिक्रमा और उसकी पूजा करके महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु मांगी। महिलाओं ने सार्वजनिक स्थानों सहित घरों में भी पूजा की। बरगदाई अमावस पर्व को लेकर नवविवाहित महिलाओं में काफी उत्सुकता थी। सुबह से ही वट वृक्षों के पास महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। कई जगह महिलाओं ने बट वृक्ष की टहनी मंगा कर घर में ही पूजन किया। महिलाएं अपने घरों से गुलगुले, खीर, पूड़ी, हलवा आदि लेकर वट वृक्ष का पूजन करने पहुंची। साथ लाए सफेद सूत व पीले धागे को वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए लपेटा और फिर चंदन, हल्दी, रोली, चूड़ी, बिंदी, फूल व खरबूजा आदि चढ़ाकर पति के लिए दीर्घायु की कामना की।

गांव से लेकर शहर तक हर जगह बरगद के पेड़ों के पास सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। शक्ति पीठ गमा देवी मंदिर, किसान कोल्ड स्टोरेज, विमला देवी इंटर कॉलेज परिसर, राजकीय महिला चिकित्सालय व सराफान मोहल्ला सहित हर जगह लगे वट वृक्षों की पूजा की गई। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजन करने से ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि देवता सुहागिनों को सदा सौभाग्यवती रहने का वरदान देते हैं।

**पेड़ों को पूजने की है परंपरा**

अपनी धरोहर को बनाए रखने और इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए ही सजगता के साथ वट सावित्री व्रत मनाया जाता है। वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ महीने की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इसे स्त्रियां अखंड सौभाग्य और संतान प्राप्ति की कामना से रखती हैं। इस व्रत को उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और अब उत्तराखंड में भी महिलाएं बहुत श्रद्धा से मनाती हैं। राष्ट्रीय वृक्ष बरगद प्राचीन शक्तिशाली वृक्ष के रूप में माना जाता है। यह वृक्ष बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन उत्सर्जन के लिए जाना जाता है। घर के आस-पास इस तरह के पेड़ न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा को भी कम करते हैं। आयुर्वेद में ऐसी मान्यता है कि बरगद का वृक्ष कई व्याधियों को समाप्त करने में समर्थ है। यह वृक्ष रात में भी ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है, क्योंकि यह एक प्रकार के प्रकाश संश्लेषण से गुजरता है, जिसे क्रसुलेसियन एसिड मेटाबॉलिज्म कहा जाता है।

# अस्पताल की मोर्चरी में एसी व शव फ्रीजर का अभाव

- सुभासपा महिला मंच की राष्ट्रीय सचिव ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच यहां शवों को सुरक्षित रखने के लिए न तो एयर कंडीशनर (एसी) की व्यवस्था है और न ही शव फ्रीजर उपलब्ध है। ऐसे में मोर्चरी में शव केवल पंखों के सहारे रखे जाते हैं, जिससे कुछ ही घंटों में उनकी स्थिति खराब होने लगती है। इस समस्या को लेकर सुभासपा महिला मंच की राष्ट्रीय सचिव ने मुख्यमंत्री को संबोधिथ ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी महिला मंच की राष्ट्रीय सचिव मंगेश शाक्य ने बताया कि सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में पर्याप्त शीतलन व्यवस्था न होने के कारण दुर्गंध फैलने लगती है।

इससे न केवल मृतकों के परिजनों को परेशानी उठानी पड़ती है, बल्कि अस्पताल कर्मचारियों व पुलिसकर्मियों को भी दुर्गंध की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्मी बढने् के साथ समस्या और गंभीर हो जाती है। उनका कहना है कि कई बार दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले परिजनों के पहुंचने में समय लग जाता है। ऐसे में शवों को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुविधाएं बेहद जरूरी हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने ने मोर्चरी में एसी और शव फ्रीजर की व्यवस्था कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा है। मालूम हो कि वर्ष 2016 में बने सौ शैया अस्पताल में मोर्चरी भवन भी बना हुआ है, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते आधुनिक उपकरण नहीं लगाए जा सके। गर्मी के मौसम में कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## वट सावित्री व्रत पर गूंजे भक्ति के स्वर

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनिवार को क्षेत्र में वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने निर्जल व्रत रखकर वट वृक्ष का विधि-विधान से पूजन किया तथा पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना की। गांव के मंदिरों और वट वृक्ष स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पारंपरिक परिधानों और पूजन सामग्री के साथ पहुंचीं महिलाओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आचार्य शिव मोहन तिवारी के निर्देशन में आयोजित पूजन कार्यक्रम में महिलाओं ने भगवान गणेश, मां गौरी और भगवान शंकर की आराधना कर वट वृक्ष की परिक्रमा की। पंचोपचार विधि से पूजन कर महिलाओं ने वट वृक्ष को गौरी-शंकर का स्वरूप मानते हुए श्रद्धापूर्वक धागा बांधा और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान आचार्य ने वट सावित्री व्रत की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# संतोष छिबरामऊ देहात प्रभारी व संजीव बने तेजाजाकेट के प्रभारी

**गुरसहायगंज/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से छिबरामऊ देहात मंडल प्रभारी तथा तेजाजाकेट मंडल का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

नगर निवासी भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी को विधानसभा छिबरामऊ के मंडल छिबरामऊ देहात का प्रभारी बनाया गया है भाजपा जिला मंत्री संजीव गुप्ता (संजू) को तेजाजाकेट मंडल का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि संतोष चतुर्वेदी लंबे समय से पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व एवं संगठन क्षमता का लाभ मंडल में पार्टी को मिलेगा। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में मंडल की नई इकाइयों का गठन तेजी से होगा तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। संगठन विस्तार, जन-जन से संवाद, युवा शक्ति का सम्मान एवं सेवा-संस्कार को भाजपा की प्राथमिकता बताया गया है। साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही गई है।

भाजपा मंडल गुरसहायगंज के पूर्व कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता ने संतोष चतुर्वेदी तथा संजीव गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

**कार्यकर्ताओं ने दीं शुभकामनाएं**

कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि संजीव गुप्ता के नेतृत्व में तेजाजाकेट मंडल में भाजपा का जनाधार और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी।

# रेलवे स्टेशन से हो रही बाइक चोरी, नो पार्किंग में खड़े वाहनों से वसूली पर उठे सवाल

**गुरसहायगंज/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र की चौकी इन्द्रा नगर के ग्राम ऊंचा निवासी विशाल तिवारी का है। पीड़ित के अनुसार वह बीती 22 अप्रैल की सुबह अपनी मां को ट्रेन पर बैठाने के लिए गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन गया था। उसने अपनी बाइक टिकट खिड़की के बाहर खड़ी कर दी और कुछ ही मिनट बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद रेलवे स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन परिसर और आसपास नो पार्किंग क्षेत्र में बड़ी संख्या में वाहन खड़े होते हैं, लेकिन जिम्मेदार लोग कार्रवाई करने के बजाय वहां से वसूली करने में लगे रहते हैं। लोगों का आरोप है कि नो पार्किंग में खड़े वाहनों से अवैध बसूली तो की जाती है, लेकिन सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की जाती। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन तथा पुलिस विभाग से स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने, नियमित गश्त कराने और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बाइक चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

# महिलाओं ने वट वृक्ष पूज की देश सलामती की प्रार्थना

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



भारत एक धार्मिक भावनाओं का देश है। यह समय समय पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते है। ऐसा ही एक धार्मिक व्रत वट सावित्री व्रत जो विवाहित स्त्री अपने के लिए रखती है। पति की लंबी आयु को लेकर शनिवार को कस्वे के सदर बाजार एवं टिकुरियन मोहल्ले में स्थित बरगद के पेड़ पर पूजा अर्चना की गईं। महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख बरगद पेड़ का विधिवत पूजन किया। महिलाएं सुबह से ही स्नान ध्यान करके घर से दूर बरगद पेड़ के पास पूजा-अर्चना की।

इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की और अपने पति व अपने देश की सलामती के लिए प्रार्थना की। वट सावित्री की पूजा महिलाओं के लिए खासतौर से अन्य व्रतों से अधिक महत्वपूर्ण होता है। मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से पति की उम्र लम्बी होती है। वट सावित्री की पूजा करा रही महिलाओं ने बताया कि यह पूजा महिलाओं के लिए खास होता है। इसी दिन सती- सावित्री ने पति सत्यवान के प्राण की रक्षा की थी। उसने पति के प्राण को यमराज के हाथों वापस कराया था। इसीलिए महिलाएं वट- सावित्री की पूजा करती हैं। वट वृक्ष के पूजन को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सभी वृक्षों में बरगद पेड़ की आयु सबसे अधिक होती है। इसीलिए सावित्री का ध्यान कर बरगद के पेड़ का पूजन करने का विधान है। कुछ महिलाओं ने बरगद के पेड़ से एक छोटी से टहनी तोड़कर गमले मे लगाकर विधि विधान से घर पर पूजा की और वट वृक्ष के चक्कर लगाकर अपने परिवार और देश की लिए सलामती के लिए वट वृक्ष सावित्री देवी से दुआ मांगी।

## चाकू मामले में आरोपी को सुनाई गई अर्थदंड के साथ छह माह की सजा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ कस्बा निवासी सुनील कमल पुत्र तेजसिंह कमल पर 2021 से चाकू के मामले में मुकदमा चल रहा था। शनिवार को न्यायालय में सुनवाई के दौरान आरोपी सुनील कमल ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मामले की सुनवाई अपर सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रीति की अदालत में हुई, जहां अदालत ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि लगभग 6 माह के कारावास की सजा सुनाई।

साथ ही आरोपी पर 2000 रुपये का आर्थिक अर्थदंड भी लगाया गया। अभियोजन अधिकारी दानिश जमाल ने बताया कि न्यायालय में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने के बाद सजा सुनाई गई।

# सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- गंभीर हालत में भतीजे को मेडिकल कॉलेज तिर्वा किया रेफर

कैरदा रोड बंबा की पुलिया के पास तेज रफ्तार बाइक ने आगे जा रही दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे घायल हो गए। दोनों को सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। भतीजे की हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला दीक्षितान निवासी जतिन (23) पुत्र अजय दीक्षित अपने चाचा श्यामजी (46) पुत्र दिवाकर दीक्षित के साथ अपने बाबा की तेरहवीं संस्कार का कार्ड देने के लिए बाइक से कुंअरपुर बनवारी गए हुए थे। वहां से वापस आते समय कैरदा रोड बंबा पुलिया के पास पीछे से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल भिजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देख जतिन को मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया, जबकि श्यामजी का उपचार यही अस्पताल में चल रहा है।

## आज लगेगा फातहे बिलग्राम फ्री मेडिकल कैंप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मुहल्ला कस्सावान में रविवार को विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 'फ़ातहे बिलग्राम मिशन' की तरफ़ से हुज़ूर अनीसुल मशाइख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी ज़ैदी बिलग्रामी की देखरेख में लगाया जा रहा है। कैंप में कानपुर के मशहूर डॉक्टर वसीम खान एमबीबीएस मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। वह पेट, छाती (टीबी/क्षय रोग), चर्म (त्वचा) रोग और ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उचित डॉक्टरी सलाह देंगे, साथ ही कैंप में मुफ्त दवाई भी दी जाएगी। हज़रत ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए ज्यादा से ज्यादा मरीजों को कैंप में लेकर आएं। यह कैंप रविवार, 17 मई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नगर के मुहल्ला कस्सावान में मुन्ना हाजी जी के हाता के पास लगाया जाएगा।

# डेंगू रोकथाम के लिए जनभागीदारी जरूरी : डॉ. त्रिपाठी

- राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर संगोष्ठी
- अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इस वर्ष की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारी, जांच करें, सफाई करें और ढकें रखी गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी ने की। संगोष्ठी में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाग, डॉ. महेंद्रभान सिंह और वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला ने डेंगू से बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी।

जिला संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. आतिफ हासन ने बताया कि डेंगू फैलाने वाला टाइगर मच्छर सूर्योदय और सूर्यास्त के समय अधिक सक्रिय रहता है तथा शरीर के खुले हिस्सों पर काटता है। जिला मलेरिया अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने घर और आसपास साफ पानी जमा न होने देने की अपील की। उन्होंने पूरी बांह के कपड़े पहनने, मच्छरदानी और मच्छररोधी क्रीम के इस्तेमाल पर जोर दिया। डॉ. के.पी. त्रिपाठी ने हर रविवार, मच्छर पर वार अभियान को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को डेंगू से बचाव की शपथ दिलाई गई। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## कार की चपेट में आने से मासूम की हालत गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के सरायदायमगंज में घर के बाहर खेल रहे मासूम को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। वहीं हादसे के बाद मौके से भाग रही कार को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।क्षेत्र के सरायदायमगंज गांव निवासी अर्जुन का बेटा अरमान (4) अपने घर के बाहर खेल रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसके जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे के बाद भाग रही कार को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि अरमान घर के बाहर खेल रहा था। तभी ड्राइवर ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसके टक्कर मार दी।

# बेटी की शादी में समाजसेवियों ने निभाया भाई का फर्ज

- मदद कर ससम्मान के साथ हुई विदाई

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरिया में एक गरीब और बेसहारा परिवार की बेटी की शादी में समाजसेवियों और ग्रामीणों ने मिलकर इंसानियत की मिसाल पेश की। पिता और बड़े भाई की मौत के बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। शादी की तारीख तय होने के बावजूद घर में न तो विदाई का सामान था और न ही आर्थिक व्यवस्था हो सकी थी। बारात आने का समय नजदीक देख पीड़ित मां और बड़ी बहन ने समाजसेवियों से मदद की गुहार लगाई। मामले की जानकारी मिलते ही फर्रूखाबाद के समाजसेवी अजीत यादव अपनी टीम के साथ परिवार के घर पहुंचे और भाई का फर्ज निभाते हुए दहेज का सामान व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।

गांव और क्षेत्र के लोगों ने भी सहयोग करते हुए नगद व अन्य जरूरी सामान देकर मदद की। वहीं पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी को जानकारी मिलने पर उन्होंने भी अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सहायता भिजवाई। इस दौरान अच्छे खां, शकील खान और हिमांशु यादव समेत कई लोगों ने सहयोग किया। सामूहिक प्रयासों से शादी की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हो सकीं और बेटी की ससम्मान विदाई हुई। पूरे क्षेत्र में इस सराहनीय पहल की चर्चा हो रही है।

# कथा के प्रसाद से फैली फूड प्वाइजनिंग, 65 बच्चे-ग्रामीण बीमार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



जिले के ठठिया थाना क्षेत्र के सिमुआपुर गांव में कथा कार्यक्रम के दौरान बांटे गए प्रसाद को खाने से करीब 65 बच्चे और ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। देर रात बड़ी संख्या में मरीजों के जिला अस्पताल और तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी, सीएमओ और पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंच गए तथा इलाज व्यवस्था का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी मन्नालाल कश्यप की पुत्री अंजली की शादी 26 अप्रैल को संपन्न हुई थी। शादी के उपलक्ष्य में गांव में कथा का आयोजन कराया गया था। कथा समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में प्रसाद वितरित किया गया। बताया गया कि प्रसाद खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों और ग्रामीणों को पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की शिकायत होने लगी। धीरे-धीरे कई लोगों की हालत बिगड़ने लगी तो गांव में अफरा-तफरी मच गई।

परिजन आनन-फानन में बीमार लोगों को निजी अस्पतालों के अलावा जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज तिर्वा लेकर पहुंचे। देर रात तक जिला अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित 62 लोगों के पहुंचने की सूचना रही। इनमें से 14 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों में छोटे बच्चे भी शामिल रहे। डॉक्टरों की टीम ने सभी का तत्काल उपचार शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, सीएमओ स्वदेश गुप्ता और एएसपी अजय कुमार अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रभावित लोगों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आकांक्षा ने बताया कि समय पर उपचार मिलने से मरीजों की हालत में सुधार है और फिलहाल सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव में भी जानकारी जुटाने में लगी हैं। प्रशासन का कहना है कि प्रसाद के नमूनों की जांच कराई जाएगी, ताकि फूड प्वाइजनिंग के सही कारणों का पता चल सके। देर रात तक अस्पतालों में मरीजों और परिजनों की भीड़ लगी रही तथा स्वास्थ्यकर्मी लगातार उपचार में जुटे रहे।





# डीएम ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण, अव्यवस्था देख जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**▸ व्यवस्थायें सुधारने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा देर रात्रि लगभग 12 बजे डॉ. राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की इमरजेंसी, विभिन्न वार्डों, एन.आर.सी. वार्ड एवं एस.एन.सी.यू. वार्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में काफी गंदगी पाए जाने तथा डस्टबिन कलर कोडिंग के अनुसार न रखे जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बाथरूम भी गंदे पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर के प्रत्येक हिस्से में स्वच्छता मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने



लोहिया निरीक्षण के दौरान मरीजों से जानकारी करती डीएम

वार्डों में लगे एसी के बंद पाए जाने पर भी संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा तत्काल एसी संचालित कराने के निर्देश दिए। साथ ही भर्ती मरीजों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी वार्डों में पर्याप्त संख्या में साफ चादर एवं तकिये उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से वार्ता कर उन्हें मिल रहे उपचार, दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। जिलाधिकारी द्वारा एन.आर.सी. वार्ड एवं एस.एन.सी.यू. वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां भर्ती बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था तथा चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाते हुए मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नियमित रूप से अस्पताल की व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित की जाएए जिससे मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# नाली निर्माण में ठेकेदार की मनमानी, ग्रामीण परेशान

**▸ निजी लाभ के चलते पुरानी नाली छोड़कर कर रहे तिरछा**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज में नगर पंचायत द्वारा बन रही नाली निर्माण में ठेकेदारों द्वारा की जा रही मनमानी से कस्बावासी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि जो काम कर रहे मजदूर और ठेकेदार द्वारा कुछ कस्बा के लोग पैसों का लालच देकर अपने सामने की नाली को तिरछा करवा दे रहे हैं, जबकि पुरानी नाली बनी हुई थी।

वह तक छोड़ी जा रही है नहीं उखाड़ी गई, उसे छोड़कर दूसरी नाली बनायी गयी हैं। कुछ लोगों ने अपनी दुकान के चबूतरा की दीवार नाली पर कर लिए जो ठेकेदार द्वारा छोड़



बनाई गयी नाली में दिखायी देता सरिया

दी गई है। इसके साथ-साथ नाली निर्माण जो कार्य हो रहा है उसमें नाली की सरिया दिखाई दे रही हैं। जिसमें सही तरीके से मसाला नहीं भरा गया। नाली में जगह-जगह छेद है, वह जमीन में ही अंदर पानी जा रहा है, बराबर नाली में पानी आगे नहीं बढ़ रहा है, कोई देखभाल नहीं की गई। नाली बनाने के बाद एक भी दिन कोई पानी का छिड़काव नहीं किया गया। मजूदरों द्वारा खोदी गई नाली के बगल में मिट्टी नहीं डाली गई। कोई ठेकेदार उसमें मिट्टी नहीं डलवा रहा है। दुकानदार लोग उसमें मिट्टी खुद डाल रहे है। जिससे कस्बा में आवागमन इतना प्रभावित है कि घंटों जाम लगा रहता है। प्रशासन की भी कोई नजर नहीं है।

# दबंगों ने छात्र को बेल्टो से पीटा



जानकारी देता पीड़ित

**▸ पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का दिया आश्वासन**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल से घर जा रहे छात्र को रास्ते में दबंगों ने घेरकर बेल्टों से बुरी तरह मारापीटा। जिससे छात्र गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल छात्र को थाने लेकर पहुंचे और दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी मोहम्मद युसुफ पुत्र मोहम्मद युनुस ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह किरन पब्लिक स्कूल का छात्र है। रोज की भांति शनिवार को भी वह स्कूल गया था। स्कूल से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह चिलौली पठान पहुंचा, तभी अयान, उमान खान, अरवाज, अमन यादव, अयान सिद्धीकी आदि लोगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर बेल्टों से मारापीटा। जिससे मेरे काफी चोंटे आयी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# टेंपो में बैठे ग्रामीण की जेबकतरों ने काटी जेब, उड़ाये 40 हजार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बैंक में रुपये जमा करने टेंपों से जा रहे ग्रामीण की उच्चक्कों ने जेब काट ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। जिससे वह धक्का देकर चलते टेंपो से कूदकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कुंवरपुर खास निवासी शिव शंकर ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होने चार विसा जमीन का बैनामा कराया था। जिसके 40 हजार रुपये शेष बचे थे। इन रुपयों को लेकर वह टेम्पों में बैठकर कायमगंज स्थित पीएनबी बैंक में जमा करने आ रहा था, तभी गांव करीम



जानकारी देता पीड़ित जांच करती पुलिस

नगर के पास एक युवक टेम्पों में आकर बैठ गया। जैसे ही वह कायमगंज सीपी तिराहे के पास पहुँचते ही शिव शकर ने अपनी पैन्ट कि जेब में हाथ मारकर देखा तो जेब से 40 हजार रुपये गायब थे।

उन्होंने करीम नगर से बैठे एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया, लेकिन आरोपी उन्हे धक्का देकर चलते टेम्पों से कूद गया। वहाँ पर पहले से उसका साथी बाइक लेकर खड़ा था। आरोपी बाइक पर बैठक दोनों लोग कम्पिल की ओर फरार हो गये। शिव शंकर ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने आसपास दुकाने पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर जाँच पड़ताल शुरु कर दी है।

# भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर का पेड़ पर लटका मिला शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भट्ठे पर काम करने वाले श्रमिक का संदिग्ध अवस्था में नीम के पेड़ पर शव लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण एकत्र हो गये।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनी निवासी शिव कुमार कठेरिया पुत्र टेनी जो की एक भट्ठे पर काम करता था। गांव के निकट नीम के पेड़ पर शुक्रवार रात्रि में उसका संदिग्ध अवस्था शव लटका देखा गया। पिता ने पहुंचकर अपने पुत्र शिव कुमार के रुप में उसकी शिनाख्त की। घटना की जानकारी होते ही मृतक पत्नी व तीन पुत्र व एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था। पिता ने बताया कि एक भट्ठे पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार शाम वह घर से शौच के लिए खेतों की ओर गया था। काफी देर होने पर जब वह वापस नहीं आया, तो परिजनों खोजबीन शुरु की, कई जगह देखा पर उसका पता नहीं चला, तभी गांव के बाहर नीम के पेड़ पर एक युवक के शव लटके होने की सूचना मिली, तो परिजनों के साथ मृतक का पिता पहुंचा और उसने अपने पुत्र के रुप में शव की पहचान की। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को पुलिस को सूचना दिये बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## कार पलटने से चार बाराती घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात बारात जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें बैठी सवारियों में चीखपुकार मच गयी। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों ने कार में दबे बारातियों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीनपुर निवासी बलराम सिंह के पुत्र बृजभान की बारात मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव मलोखर में जा रही थी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव महमदपुर धनी निवासी चालक अपनी बोलेरो बारात में ले जा रहा था। कार जैसे ही सिरौली से आगे पहुंची, तभी कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे कार में बैठे सवारियों में चीखपुकार मच गयी। जिससे चार लोग घायल हो गये। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। लोगों ने कार में दबे लोगों को बाहर निकाला, तब तक अन्य कारें भी आ गयी। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# खबरें एक नजर में

## विद्युत संविदा कर्मियों ने अप्रैल माह का वेतन भुगतान की उठायी मांग



ज्ञापन सौंपते विद्युत संविदा कर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वेतन भुगतान न होने पर विद्युत संविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को मांग पत्र सौंपकर वेतन भुगतान कराये जाने की मांग की। चेतावनी दी कि अगर वेतन भुगतान न किया गया तो 19 मई को कार्य बंद करने का दिया अल्टीमेटम। विद्युत वितरण खण्ड डिवीजन के अध्यक्ष श्याम सिंह ने अधिशासी अभियंता शिव शंकर को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि हम सब प्रार्थीगण कायमगंज उपखण्ड विद्युत वितरण के भिन्न भिन्न सब स्टेशनों पर मेसर्स अडाना इण्टरप्राइजेज के अंतर्गत संविदा श्रमिक के रूप में कार्य करते है। मेसर्स अडाना इण्टरप्राइजेज के द्वारा अप्रैल माह का वेतन का भुनतान नहीं किया गया। जबकि हम लोग नियमित रूप से कार्य कर रहे है। हम सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान कराये जाने की मांग की। मांगों का निस्तारण न किया गया तो 19 मई को कार्य बंद रखेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान बबलू, नावेद, श्याम आदि संविदा श्रमिक कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने चार वारंटियों को पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने धरपकड़ अभियान के तहत अलग-अलग जगहों से चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के कई गांव में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा धर पकड़ अभियान चलाया गया। जिसमें अलग-अलग जगह से चार वारंटी गिरफ्तार किए गए। जिसमें कस्बा नवाबगंज निवासी रत्नेश गुप्ता तथा क्षेत्र के गांव नगला दुर्गा निवासी लालू यादव, नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव नंदीवीर, पुनवासी मुबारक अली तथा राजू उर्फ मुलायम को न्यायालय से जारी हुए वारंट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## शनिदेव बाबा के जन्मदिन पर भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ स्थित भारत माता मंदिर परिसर में शनिदेव बाबा के जन्मदिन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने केक काटकर जन्मोत्सव भी मनाया तथा पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जोगेंद्र यादव, नरेंद्र यादव, सभासद मायंक गुप्ता, पिंटू यादव, संदीप राठौर एवं शैलेंद्र कुमार शर्मा उर्फपीलू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन का माहौल भक्तिमय बना रहा और देर तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

## पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचा कारतूस सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कम्पिल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम नफीस पुत्र दौलतशेख उर्फ दौलतशेर निवासी ग्राम कटिया थाना कम्पिल बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# शादी-समारोह में दूल्हे ने युवक के सिर पर मारा खंजर, घायल



जानकारी देता पीड़ित

बैंड बाजे पर डांस को लेकर था नाराज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के भूलनपुर चिरपुरा गांव में शुक्रवार रात एक शादी समारोह के दौरान विवाद हो गया। बैंड बाजे पर डांस को लेकर हुए इस विवाद में दूल्हे ने एक युवक के सिर पर खंजर से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चिरपुरा निवासी की बेटी का विवाह नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगला चंदन निवासी श्रवण सिंह के बेटे मंगल सिंह से तय हुआ था। शुक्रवार रात बारात गांव पहुंची थी और दरवाजे पर नाच-गाना चल रहा था। इसी दौरान डांस को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ता देख गांव के आर्यन पुत्र शैलेंद्र सिंह और अंकित राजपूत पुत्र अनिल कुमार बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान दूल्हा मंगल सिंह बग्गी से उतरा और पीछे से अंकित राजपूत के सिर पर खंजर से हमला कर दिया। खंजर लगने से अंकित के सिर में दो जगह गंभीर चोटें आईं। इस घटना के बाद शादी समारोह में भगदड़ मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां उनका इलाज किया गया। थाना अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी। मामले की जांच की जा रही है जांच कर कार्रवाई को किया जाएगा।

# डीएम ने लापरवाह लेखपाल नीवकरोरी व मदनपुर को किया निलंबित

**▸ प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे हेतु भूमि क्रय/अर्जन कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा जनपद में प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे हेतु भूमि क्रय/अर्जन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर उपस्थिति रहे। डीएम ने विभिन्न ग्रामों में भूमि खरीद एवं अभिलेखीय कार्यों की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ राजस्व कर्मियों द्वारा कार्यों में अपेक्षित गति एवं गंभीरता नहीं बरती जा रही है, जिससे भूमि क्रय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली परियोजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा में कार्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल नीवकरौरी प्रवीन दुबे तथा लेखपाल



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

मदनपुर महेश्वर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि क्रय से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना से जुड़े समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों से समन्वय बनाते हुए भूमि संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने पाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

# डीएम ने अनुपस्थित अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस ऑफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 12, विद्युत विभाग की 05, नगर निकाय की 05 तथा अन्य विभागों की 08 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर राजस्व विभाग की 03 शिकायतों का निस्तारण कर



समस्याये सुनती डीएम

संबंधित शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। समाधान दिवस के दौरान अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा अधिकारी समाधान दिवस को गंभीरता से लें।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत प्रदान करना हैए इसलिए सभी अधिकारी जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी अमृतपुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपहरण के मामले में दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग का अपहरण के उद्देश्य से भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कमालगंज के उपनिरीक्षक कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मई को वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर बावत अभियुक्तों द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने के सम्बन्ध पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस गौरव जाटव आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में वादिनी की नाबालिग पुत्री की बरामदगी करते हुए, अभियोग उपरोक्त में निरीक्षण घटनास्थल, बयान वादिनी, बयान अपहृता/पीड़िता व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग उपरोक्त में प्रकाश में आये 02 अभियुक्ता, 01 अभियुक्त अनिल यादव पुत्र श्याम पाल यादव निवासी करगैना थाना सुभाष नगर जनपद बरेली को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के आधार पर धारा 127(2)/351(2)/142(3)(5) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ की गई तो अभियुक्ता द्वारा वादिनी की पुत्री को डरा धमका कर उससे अपने घर के काम करवाना व अन्य गलत काम करवाने के उद्देश्य से अपने घर पर रोका गया तथा घर से बाहर नहीं निकलने देना व अन्य अभियुक्तों द्वारा इसी कार्य में सहयोग किया गया था।

# डीएम ने की लेखपाल भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा, दिये दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 21 मई को आयोजित होने वाली लेखपाल भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा आयोजन से संबंधित सुरक्षा, प्रशासनिक एवं व्यवस्थात्मक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा दिवस पर प्रातः 07 बजे ट्रेजरी पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण एवं परीक्षा प्रक्रिया की सतत निगरानी सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी, जो परीक्षा अवधि के दौरान केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं पर सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कागज के टुकड़े, प्लास्टिक पाउच, पर्स, स्मार्टबैंड, स्मार्टवॉच, सनग्लासेस, कैलकुलेटर एवं हैंडबैग सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित



बैठक लेती जिलाधिकारी

सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा तथा ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से धारण करना होगा।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में स्थित फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से संबंधित दुकानें परीक्षा अवधि के दौरान पूर्णतः बंद रखी जाएं। जिससे किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी युक्त कंट्रोल रूम एवं स्ट्रॉन्ग रूम स्थापित किए जाएंगे तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थापना समय से पूर्ण कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जाए। जहां अभ्यर्थी अपनी निजी वस्तुएं सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को केवल नीला अथवा काला पेन, प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। डीएम ने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वे परीक्षा पूर्व अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कक्षों, शौचालयों एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच सुनिश्चित करें। सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं सहायक केंद्र व्यवस्थापक से नो-रिलेशन प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाए तथा ड्यूटी में लगाए गए शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबरों की सूची उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी केंद्रों पर क्लॉक रूम, पेयजल एवं शौचालय संबंधी संकेतक साइनेज स्पष्ट रूप से लगाए जाएं तथा प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दीवार घड़ी अनिवार्य रूप से स्थापित की जाए।

साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर सिटिंग प्लान प्रदर्शित किया जाए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने रोडवेज बस अड्डे पर हेल्प डेस्क स्थापित करने तथा अभ्यर्थियों से वाहनों द्वारा किसी प्रकार की ओवरचार्जिंग न किए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था एवं पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि वे शासन द्वारा जारी निर्देश पुस्तिका का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कमान अधिकारी व एडम अफसर ने गिरिजा शंकर के कंधे पर लगाये स्टार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ ने स्टार सेरेमनी मनाकर एनसीसी ऑफिसर एमआईसी के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर को लेफ्टिनेंट से कैप्टन पद पर पदोन्नत किया।

डीजीएनसीसी नई दिल्ली, यूपी डाइरेक्ट्रेट लखनऊ, ग्रुप मुख्यालय अलीगढ़ के आदेशानुसार एमआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर को लेफ्टिनेंट से कैप्टन पद पर पदोन्नत किया गया था। पूर्व में 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ में स्टार सेरेमनी का आयोजन किया गया। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक (वीएसएम) तथा एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरोड ने लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर के कंधों पर तीन स्टार पहनाकर कैप्टन पद की पदोन्नति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सूबेदार मेजर नवीन कुमार, मेजर संदीप माधव, कैप्टन बलविंदर सिंह, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट अवधेश प्रभु खोजी, लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार, लेफ्टिनेंट विमल कोरी, लेफ्टिनेंट राजेश दुबे और लेफ्टिनेंट सतेन्द्र कुमार सहित सभी एनसीसी अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त पीआई व सपोर्टिंग स्टाफ ने भी हर्ष व्यक्त किया। वहीं कैप्टन गिरिजा शंकर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपना पूरा समय छात्र हित, तथा राष्ट्र निर्माण में लगाएंगे तथा कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पाठ ऐसे ही पढ़ाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र के जीवन मे एनसीसी, राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण तथा देश भक्ति में एक नई ऊर्जा प्रदान करती है। इस अवसर पर बटालियन के प्रधान लिपिक सुनील कुमार, गिरीश, अवधेश त्रिवेदी, इंद्रेश यादव, जोगेन्दर सिंह, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



कैप्टन गिरिजा शंकर को स्टार लगाते सैन्य अधिकारी

## कुछ लोग बदनाम करने की रच रहे साजिश: प्रधानाध्यापिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड राजेपुर के कम्पोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा गौरनपुरवा गोपालपुर के विद्यालय में बच्चों से काम कराये जाने को लेकर भ्रामक तरीके से बदनाम किया जा रहा है, जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से शिकायत की है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि यह घटना पांच वर्ष पूर्व इंचार्ज प्रधानाध्यापक रवि कुमार वर्मा के समय की बताई जा रही है। ऐसे में ज्यादातर विद्यार्थी कक्षा ८ उत्तीर्ण हो चुके है। अभिभावकों के नाम के हस्ताक्षर कराये गये है वह आंगनवाड़ी कार्यकत्री के साथ कुछ दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि बच्चों से काम कराने जैसी जो शिकायत की गई है, वह पूर्ण रुप से गलत है। हमें बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया है और इसी संदर्भ में बेसिक शिक्षाधिकारी से लिखित शिकायत की गई। जिसमें ग्रामीण रीना, वेदराम, पिन्टू, सुभाष, रामनाथ, सलोनी, उधन, रामप्रताप, नारद, रामबाबू, महादेवी, मुन्नीदेवी, अशोक, कन्हैया, रामराज, अवधेश आदि ने हस्ताक्षर किये है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस: एसडीएम ने सुनीं जनता की समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्रस्तुत की। उपजिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायत कर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 129 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 7 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को अग्रसारित किया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी तथा प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा की जायेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता एव प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सम्बधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी एव जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एव पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नायव तहसीलदार अनवर हुसैन, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, रजिस्टार प्रीतम सिंह, चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष रमेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



शिकायत सुनते उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयी 47 में शिकायतों में से तीन का मौके पर निस्तारण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील अमृतपुर क्षेत्र के सेवागर में उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्र के ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से केवल 3 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को जांच एवं कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया गया।

उप जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के प्रति गंभीरता बरतने और मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश भी दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में विनोद शुक्ला, नीतिश नायक, सुनील जायसवाल तथा ऐश्वर्या उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राशन, आवास, जल निकासी, सड़क तथा राजस्व संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आई। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए हैं।




समस्यायें सुनते एसडीएम

# सीओ ने चौकी का निरीक्षण कर पुलिस बल तैनाती का दिया आश्वासन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सन् 1942 में जब लोगों में कानून का भय अधिक देखा जाता था और कानून तोड़ने वाले भी पुलिस से डरते थे। उस समय तत्कालीन अंग्रेज कलेक्टर हैरिश के आदेश पर अमृतपुर गांव के अंदर पुलिस चौकी निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इन निर्देशों के पालन में चार सिपाही और एक थानेदार कच्चे भवन में रहकर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने का काम करता था। धीरे-धीरे विकास की राह पर चलने वाले गांव में प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ और सन 1990 में चौकी से थाना बन गया। जो कि कस्बे से 2 किलोमीटर दूरी पर स्थापित किया गया। उसके बाद से लगातार इस पुलिस चौकी की अवहेलना की गई। कभी इस पर लोगों ने कब्जा किया, कभी जानवर बांधे गए तो कभी अन्य तरीके से चौकी की स्थिति को बिगाड़ दिया गया। ग्रामीणों की सहायता से समाजसेवी संजय अग्निहोत्री ने भागीरथी प्रयास कर पुरानी पुलिस चौकी की स्थिति को बदल के रख दिया। कई बार इस चौकी के बदलाव के लिए इसका निरीक्षण किया गया। जगह की पैमाइश की गई और अधिकारियों का आवागमन भी बना रहा। जिलाधिकारी से लेकर पुलिस कप्तान तक ने इस पुलिस चौकी का निरीक्षण किया और कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए। परंतु अभी तक ग्रामीणों की उम्मीद के अनुसार इस चौकी का संचालन नहीं हो पाया ना ही यहां पुलिस बल पुनः तैनात हो सका। अब इस बार फिर से कस्बे की ऐतिहासिक ब्रिटिश कालीन पुलिस चौकी सुर्खियों में है। लंबे समय से चौकी को संचालित कराने और यहां पुलिसकर्मियों की नियुक्ति किए जाने के प्रयास होते रहे, लेकिन अब तक चौकी पूरी तरह फंक्शनल नहीं हो सकी। शनिवार को क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय ने अमृतपुर पुलिस टीम के साथ चौकी का वाचन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चौकी भवन की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्थाएं तथा लंबित निर्माण कार्यों को देखा गया। बताया गया कि वर्ष 2025 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर चौकी का सुंदरीकरण कराया गया था। इसके बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि जल्द ही यहां पुलिसकर्मियों की तैनाती कर चौकी को चालू किया जाएगा, लेकिन कर्मचारियों की नियुक्ति न होने से चौकी अब तक निष्क्रिय बनी हुई है। क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि चौकी को फंक्शनल बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भवन में बाथरूम निर्माण सहित कुछ आवश्यक कार्य अभी लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा। इसके बाद यहां पुलिस बल की तैनाती कर चौकी को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।



चौकी का निरीक्षण करती सीओ

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर आवास विकास मिशन हॉस्पिटल के पास जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया शुरु हो गयी है। लगभग एक सैकड़ा बच्चों ने भाग लिया। कराटे प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्कूल के प्रधानाचार्य सिद्धिकी और आभा पटेल ने किया। चयन प्रक्रिया तीन स्टेप में होनी है। प्रधानाचार्य ने कोच पुष्कर भारद्वाज को बधाई दी। कोच पुष्कर भारद्वाज ने बताया कि इस मैच में जो गोल्ड मेडलिस्ट ही दूसरे राऊंड की प्रक्रिया के लिए आगे जाएंगे।



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

## संगठनात्मक प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मुख्य वक्ताओं के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी, वीरेंद्र तिवारी, कन्नौज के पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्ग जिला प्रभारी नरेंद्र राजपूत एवं जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने संबोधन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा जिला व मंडल के कार्य समिति संपूर्ण होने के बाद प्रशिक्षित करने के लिए शिविर आयोजित होते हैं। प्रशिक्षण वर्ग पार्टी की एक प्रमुख संगठनात्मक और वैचारिक पहल है। जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं का व्यक्तिगत निर्माण, वैचारिक स्पष्टता, संगठन की कार्य पद्धति का ज्ञान देना और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना होता है। प्रवक्ता संजय चौधरी ने कहा सक्षम कार्यकर्ता सशक्त संगठन का निर्माण करता है पार्टी के संघटनात्मक प्रशिक्षण की कार्य प्रणाली और भाजपा के विचार को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित होना जरूरी होता है। वीरेंद्र तिवारी ने कहा अगले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना अनिवार्य है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स ब्राइटन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नेकपुर बंधौआ में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में यातायात उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह उपस्थित रहे। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी, निदेशक रोजीशन विश्वासी तथा प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने यातायात नियमों की बच्चों को जानकारी दी। मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राहवीर (राहगीर) योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटना के दौरान घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में समय पर अस्पताल पहुँचाने एवं सहायता करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा सम्मान प्रदान किया जाता है। निदेशक रोजीशन विश्वासी ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आवाह्न किया। प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश कुमार यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने तथा स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

संचालन हर्षित ठाकुर ने किया। इस मौके पर संजीव सिंह, अभिषेक सिंह, बिंदु द्विवेदी, वैशाली पीटर, शिवानी चंद, अतुल पाठक, सोनू मसीह आदि मौजूद रहे।




यातायात नियमों की जानकारी देते प्रभारी सत्येन्द्र सिंह

# सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगी पतियों के लिए दीर्घायु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वट सावित्री पूजा वर अमावस्या के मौके पर विवाहिताओं ने वट वृक्ष की पूजा करके पति की लम्बी आयु की कामना की। नगर में वट सावित्री पूजा की धूम सुबह से ही दिखायी देने लगी। प्रमुख वट वृक्षों वाले स्थानों व घरों में पूजा की गई। परम्परा के अनुसार जो महिलायें शुरु से वट वृक्ष की पूजा कर व्रत रखती है उन्होंने अपनी परम्परा का निर्वाह किया। वहीं घरों में बरगद की टहनियां गमले में लगाकर घर-घर में अखण्ड सुहाग की कामना विवाहिताओं ने की।

भारत त्योहारों और उत्सवों का देश है। यहां की आध्यात्मिक परम्परा काफी मजबूत है। पूरे वर्ष में शायद ही कोई ऐसा मौसम रहता होगा जिसमें कोई न कोई त्योहार न हो। जेष्ठ मास की अमावस्या को अखण्ड सुहाग का प्रतीक कहा जाने वाला वट सावित्री पूजन का त्योहार होता है। जिस पर बुजुर्ग से लेकर युवा सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा करके पति के दीर्घायु की कामना करती है। मौसमी फल खरबूजा, आम घरों पर आटे के बने मीठे बरगद आदि से वट वृक्ष का पूजन किया गया। विवाहिताओं ने सज संवर कर सुहाग का जोड़ा पहना और वट वृक्ष के चारों ओर घूमकर अर्घ दिया। हल्दी में रंगे पीले रंग के डोरे का जनेऊ बनाकर खुद धारण किया व पति को धारण कराया। यमराज द्वारा सत्यवान के प्राण सावित्री ने किस तरीके से वापस कराये व सत्यवान का राजपाठ कैसे वापस कराया, यह कथा सुनाई। खास तौर से नगर के पटेल पार्क, कादरीगेट थाने के बाहर, मदारवाड़ी प्राइमरी पाठशाला, डीपीवीपी विद्यालय, नेकपुर के अलावा गली मोहल्लों में खड़े वट वृक्षों की धूम देखी गई। घर-घर में अखण्ड सौभाग्य, प्रेम और सौहार्द का प्रवाह होता नजर आया।



बरगद के वृक्ष की पूजा अर्चना करती महिलायें

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती विज्ञापन में किया संशोधन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद उ.प्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने एल-टी ग्रेड शिक्षक भर्ती-2025 को लेकर महत्वपूर्ण शुद्धि पत्र जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद विभाग में चयनित सहायक अध्यापक अब केवल कक्षा-नौ और दस के विद्यार्थियों को ही पढ़ायेंगे।

▸ चयनित शिक्षक अब केवल कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों को ही पढ़ायेंगे

हुआ यूं कि आयोग ने 28 जुलाई 2025 के प्रशिक्षत स्नातक श्रेणी (एल-टी ग्रेड) के विभिन्न विषयों सहायक अध्यापकों की भर्ती विज्ञापन निकाला था। इसके खिलाफ कई अभ्यार्थियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की और आरोप लगाया कि राजकीय विद्यालयों में एलटी ग्रेड के शिक्षकों से कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है, जो नियमानुसार असंवैधानिक है, क्योंकि कक्षा-6 से 8 तक पढ़ाने के लिए अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण होना चाहिए और विज्ञापन में इसका उल्लेख नहीं किया गया। उस मसले पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आयोग को निर्देश दिया कि भर्ती विज्ञापन में स्पष्ट रुप से उल्लेख किया जाये कि यह नियुक्तियां केवल कक्षा नौ एवं दस के अध्यापन कार्य के लिए ही है। इसके बाद आयोग ने अधिसूचना जारी कर कहा कि चयनित सहायक अध्यापक कक्षा नौ व दस के विद्यार्थियों को ही पढ़ायेंगे। परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय के अनुसार सभी चयनित शिक्षक माध्यमिक स्तर पर यानी कक्षा नौ और दस के लिए ही नियुक्त किये जायेंगे।

# प्रा.शि. संघ संगठन की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला एवं संगठन के समस्त पदाधिकारियों के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मसेनी चौराहे के पास जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के संयोजकत्व में 31 मार्च को सेवा निवृत्त 56 शिक्षक शिक्षिकाओं माल्यार्पण कर, अंग वस्त्र भेंट कर, भगवत गीता, रामचरित मानस एवं मुस्लिम शिक्षक-शिक्षिकाओं को कुरान की पुस्तक भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घजीवी रहने की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत डायट प्राचार्य डॉ0 अनुपम अवस्थी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं डायट प्राचार्य डॉ0 अनुपम अवस्थी को बुकें देकर, शाल उड़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एसआरजी यदुराज पाल एवं रुचि वर्मा, बीएसए कार्यालय से सेवानिवृत्त अवधेश चौहान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विदाई गीत प्रस्तुत करने पर सुमन मिश्रा एवं फकीरे लाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित मिश्रा, मुन्ना लाल यादव, देवेंद्र यादव, निर्देश गंगवार, सुशील माथुर, उपेंद्र गंगवार, मोनी यादव, नीरज सक्सेना, जितेंद्र यादव, शकील अहमद, शाहिद गौरी, इसरार, गजेंद्र सिंह, ओम सिंह चौहान, आशीष, अनुपम मिश्रा, सुमन कटियार, सत्यभामा राठौर, विनोद तिवारी, विनोद पाठक, अशोक कुमार सहित तीन सैंकड़ा शिक्षक उपस्थित रहे। सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों के देयकों का भुगतान न मिलने पर उनके चेहरों पर मायूसी साफझलक रही थी। अभी तक उनकी पेंशन भी नहीं स्वीकृत हुई जिससे उनके परिवार के भरण पोषण की गंभीर समस्या पैदा हो गई। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल भुगतान कराने की मांग की।



कार्यक्रम में सम्मानित होते शिक्षक

## डीएम ने वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति जिला पर्यावरण समिति की ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति, वन बन्दोवस्त समिति एवं आर्द्रभूमि समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला वृक्षारोपण में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि शासन द्वारा आवटित लक्ष्य वन विभाग 2100000 एवं अन्य विभागों को 1982488 कुल जनपद को 4082488 लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जिन विभागों की कार्य योजना एवं स्थल चयन एवं गड्ढा खुदान की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, उनको निर्देशित किया कि 30 मई तक सूचना प्रेषित करे एवं जनपद में गंगा नदी में जाने वाले नालों को टैग करने के लिए अति शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त बीबीगंज नाला के लिए पम्पिंग स्टेशन बनाने एवं सोताबहादुरपुर नालों को 30 एम0एल0डी0 में टैप करने के लिए गंगा प्रदूषण जल निगम को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये। गंगा घाटों पर नाविको, गोताखोरों, पण्डापुजारी एवं दुकानदरों के रजिस्टेशन कि प्रक्रिया को शीघ्र कराने के निर्देश दिये, साथ ही अवगत कराया कि सभी का पुलिस विभाग द्वारा सत्यापन कराया जाये एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबधंन हेतु सभी चिकित्सालयों नियमानुसार पालन कराने के निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग राजीव कुमार, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार के अलावा कायमगंज रेंजर राजेश कुमार, जिला पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सदस्य सुमन श्रीवास्तव पति धर्मेंद्र श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# किरन पब्लिक स्कूल में किया गया पौधरोपण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

किरन पब्लिक स्कूल पट्टिया लेन कम्पिल रोड में 16 मई को विश्व पर्यावरण दिवस पूर्व समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा हरियाली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक डॉ. वीरेंद्र गंगवार एवं मैनेजर कल्पना सिंह एवं निदेशक डॉ. उदित पटेल ने पौधरोपण के साथ की।

प्रधानाचार्या राधिका नायर ने नीम का पौधा लगाकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी बच्चों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के बच्चों ने गेंदे, गुलाब, नीम, आम, नींबू, आंवला आदि पौधरोपण करके पर्यावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया। आयोजित कार्यक्रमों में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं प्रदूषण रोकने जैसे विषयों पर सुंदर चार्ट, आकर्षक चित्र एवं प्रेरणादायक कविताएँ प्रस्तुत कीं। बच्चों की रचनात्मकता एवं जागरूकता की सभी शिक्षकों ने सराहना की। नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे.मुन्ने बच्चों द्वारा पर्यावरण संबंधित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रस्तुत की गई। जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त हिन्दी एवं अंग्रेज़ी निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रोल प्ले तथा कक्षा सजावट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। रोल प्ले एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल बचाने, वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। संयोजन शिक्षक अजमत अली, शैक्षिक गतिविधि प्रभारी विक्रांत सिंह, कला एवं सृजनात्मक प्रभारी शिवानी राठौर एवं आरजू गंगवार, मीडिया प्रभारी हीरा अंसारी एवं क्रिएटिव निर्देशक आकांक्षा सैनी द्वारा किया गया। संचालन अंजिताण्जे और श्रद्धा ने एंकरिंग की। शिक्षिका प्रगति एवं शिक्षक शाहरुख अली खान ने संयुक्त रूप से मदद किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर जयन राजन, शिक्षिका पूनम, पूजा, मंजू, आशिका, अल्पना तथा शिक्षक नीरज अग्निहोत्री, निखिल शाक्य, अतुल प्रताप सिंह, हरिद्वार द्विवेदी, रवि कुमार एवं उमाकांत वर्मा उपस्थित रहे।



वृक्षारोपण करते विद्यार्थी

# वैदिक संस्कृति ही मानव जीवन को श्रेष्ठ आचरण की ओर ले जाती: संदीप आर्य

▸ घर-घर यज्ञ प्रकल्प के अंतर्गत हुआ यज्ञ का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज द्वारा संचालित घर-घर यज्ञ प्रकल्प के अंतर्गत ग्राम भोला नगला में वैदिक यज्ञ, सत्संग एवं सामाजिक जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता कर वैदिक संस्कृति एवं सामाजिक सुधार के संदेश को आत्मसात किया। वक्ताओं ने ग्रामीण अंचलों में फैली कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं पाखंडों को त्यागकर वैदिक सिद्धांतों एवं आर्य समाज से जुड़ने का आवाह्न किया। साथ ही आगामी माह में आर्य समाज कमालगंज द्वारा आयोजित होने वाले चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर हेतु ग्रामीणों को आमंत्रित करते हुए बेटों-बेटियों को संस्कारवान, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिष्ठ बनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से बच्चों के उत्तम संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्य समाज के सामाजिक एवं वैदिक कार्यक्रमों से जुड़ने का आग्रह किया गया। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वैदिक संस्कृति ही मानव जीवन को श्रेष्ठ आचरण, सदाचार एवं सामाजिक समरसता की ओर ले जाती है। उन्होंने सभी को यज्ञ, स्वाध्याय एवं सत्संग को जीवन का अंग बनाने का संदेश दिया। ग्रामवासियों ने श्रद्धापूर्वक यज्ञ में आहुति देकर वैदिक मार्ग पर चलने तथा आर्य समाज के सामाजिक जागरण अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्याम विहारी, नीरज यादव, बृजराज सिंह, सचिन, अमन, नारायण सिंह, रामप्रकाश आर्य, राजीव कुमार, रेखा, राखी, निशा आदि उपस्थित रहे।



यज्ञ में आहूतियां डालते ग्रामीण

## संगठन के दो परिवार के सदस्यों के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली के आवास पर सम्पन्न हुई। संगठन के आय व्यय निरीक्षक नवलकांत अग्निहोत्री की पत्नी की लम्बी बीमारी के चलते प्रभु मिलन होने पर तथा प्रमोद चन्द्र गंगवार के दामाद का हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। बैठक में दोनों परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। सभी ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हुआ स्वगणना जागरूकता कार्यक्रम

# स्वगणना सभी के लिए जरूरी, समय के साथ जरूर पूरी करें: नरेंद्र बहादुर सिंह

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वगणना संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक एवं अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने की। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. राखी चौहान, नोडल अधिकारी स्वगणना, ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा छात्राओं दीपमाला और लविश द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना से हुआ। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं हृष्ट कैडेट्स ने स्वगणना विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि नरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वगणना सभी नागरिकों के लिए जरूरी है और इसे समय रहते पूरा कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल कागजी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के भविष्य को डिजिटल रूप से आकार देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वगणना पोर्टल पर मांगी गई सभी जानकारियां सही तरीके से भरें, क्योंकि सही जानकारी ही योजनाओं के सही क्रियान्वयन का आधार बनती है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सटीक जानकारी ही राष्ट्र विकास की मजबूत नींव है।

अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने छात्राओं से स्वगणना में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि जनगणना केवल मकानों की गिनती नहीं, बल्कि देश की प्रगति का आधार है। उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया।

स्वगणना के प्रचार-प्रसार के लिए महाविद्यालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। कार्यक्रम में प्रो. रेखा पांडेय, डॉ. सुरचना त्रिवेदी, श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती शिवांगी सक्सेना सहित अन्य शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने कुत्ते पर किया हमला, सिधौना गांव में दहशत

**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।** उत्तर निघासन वन रेंज क्षेत्र के सिधौना गांव में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार देर शाम गांव के पास स्थित गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने एक कुत्ते पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और लाठी-डंडों के सहारे किसी तरह तेंदुए को वहां से खदेड़ा। जानकारी के अनुसार सिधौना गांव निवासी बलराम भार्गव के घर के पास अचानक गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने घूम रहे एक कुत्ते को दबोच लिया। कुत्ते की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़ पड़े।

ग्रामीणों की भीड़ और शोरगुल बढ़ता देख तेंदुआ खेतों की ओर भाग निकला।

## चंदन चौकी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधायक रोमी साहनी से मिले तारिक हुसैन एडवोकेट

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी (पलिया)।**



ऑल इंडिया कौमी तंजीम के प्रदेश महासचिव एवं जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष तारिक हुसैन एडवोकेट ने पलिया विधानसभा के विधायक रोमी साहनी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय विकास, सामाजिक सद्भाव और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विशेष रूप से चंदन चौकी क्षेत्र के आदिवासी एवं सामान्य वर्ग के लोगों की समस्याओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। तारिक हुसैन एडवोकेट ने विधायक का ध्यान क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं की ओर आकर्षित किया।

इस दौरान विधायक रोमी साहनी ने आश्वासन दिया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी वर्गों के हित में कार्य कर रहे हैं और चंदन चौकी क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। तारिक हुसैन एडवोकेट ने कहा कि विधायक का जनता के प्रति समर्पण और संवेदनशीलता सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी सकारात्मक चर्चाओं से क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचेगा।

## खबरें एक नजर में

### ददरा-कूड़ी सड़क संपर्क मार्ग निर्माण में अनियमितता पर डीएम सख्त



**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कुड़ी गांव में मण्डी समिति द्वारा कराए जा रहे ददरा से भैसाखाद बस्ती होते हुए कूड़ी सम्पर्क मार्ग के लेपन कार्य में मानक विहीन निर्माण और भारी अनियमितता का मामला शनिवार को तहसील समाधान दिवस में गूंज उठा। ग्राम प्रधान रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को प्रार्थना पत्र सौंपकर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है। सड़क पर बिछाई गई गिट्टियां हल्के दबाव में ही उखड़ रही हैं तथा कई जगहों पर तारकोल की परत बेहद कमजोर दिखाई दे रही है। आरोप है कि पानी का छिड़काव और गिट्टियों की समुचित कुटाई नहीं कराई गई, जिससे सड़क पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर जल्दबाजी में कार्य कराने का भी आरोप लगाया। पिछले शिकायत के बाद खण्ड विकास अधिकारी वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने एक दिन पूर्व मौके का निरीक्षण किया था, जिसमें निर्माण कार्य में गंभीर खामियां मिलने की बात सामने आई। निरीक्षण रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेज दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं समाधान दिवस में संबंधित विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम की सख्ती के बाद विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है।

### लालगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 79 में तीन मामलों का हुआ निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 79 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें तीन प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण किया। शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करने हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया।

समाधान दिवस में फरियादी तिलांव की रुखसाना बेगम ने प्रार्थना पत्र देकर कहा की पति की मृत्यु हो गई है किंतु कृषि दुर्घटना बीमा योजना का लाभ नहीं मिला। गड़बड़ा राजा के कालू ने शिकायत किया कि अपनी भूमि पर पिलर खड़ा किया था किंतु विपक्षी द्वारा उखाड़ दिया गया। दुर्जनीपुर के हृदय शंकर चतुर्वेदी ने सूचना अधिकार के तहत आए ब्यय की मांग की गई थी किंतु आज तक नहीं दिया गया ।समाधान दिवस के अंत में उप जिला अधिकारी अजीत कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्या को प्रमुखता से लें मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर उसकी समस्या को निस्तारण करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार दीक्षा पांडेय पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर ,नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा ,राजीव यादव ,वन क्षेत्रा अधिकारी केके सिंह ,खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी आदि संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित बाइक खंभे से टकराई एक युवक की मृत्यु

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज-दीपनगर मार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना कोलकम गांव के सामने हुई, जब तीन युवक एक अपाचे बाइक पर सवार होकर पिउरी गांव से लालगंज लौट रहे थे। मृतक की पहचान हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गांव निवासी 19 वर्षीय रमाशंकर के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। लालगंज-दीपनगर मार्ग पर कोलकम गांव के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमाशंकर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बाइक पर सवार अन्य दो युवक, 20 वर्षीय सुनील और 18 वर्षीय आनंद, गंभीर रूप से घायल हो गए। रमाशंकर अपने चचेरे भाई सुनील और आनंद के साथ संतनगर थाना क्षेत्र के पिउरी गांव में अपनी बहन के घर भांजे के जन्म पर आयोजित बधाव कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घटना की सूचना मिलने पर संतनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। मृतक के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में प्राथमिक उपचार के बाद,चिकित्सक डॉ. पंकज ने सुनील और आनंद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। संतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गरीबों को नहीं मिला हक, अवैध कब्जों और वसूली के आरोप

▸ **नगर पालिका पर मनमानी का आरोप, पात्र परिवार किराए के मकानों में रहने को मजबूर**

**समृद्ध न्यूज, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

गोला गोकर्णनाथ नगर पालिका परिषद में कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अंतर्गत बने आवासों के आवंटन में भारी अनियमितता एवं अवैध कब्जों का मामला सामने आया है। गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर में लगभग 10 कांशीराम आवास पूर्ण रूप से तैयार होने के बावजूद पिछले कई वर्षों से उनका आवंटन नहीं किया गया है। इससे पात्र गरीब, शोषित एवं वंचित परिवार किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के संरक्षण में कांशीराम कॉलोनी के आवासों को अवैध रूप से किराए पर उठाया जा रहा है। बिना वैध आवंटन के सैकड़ों लोग कॉलोनी में रह रहे हैं। आरोप है कि जो व्यक्ति अधिक पैसा देता है, उसे आवास उपलब्ध करा दिया जाता है, जबकि पहले से रह रहे लोगों को बाहर निकाल दिया जाता है।

# नीट पेपर लीक प्रकरण में पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

▸ **ऋतिक मिश्रा आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**



नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण से जुड़े ग्राम कटौली निवासी ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या के मामले ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचा और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार से घटना की जानकारी ली तथा पूरे मामले पर चिंता जताई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार पर प्रशासनिक दबाव बनाया गया, जिसके चलते परिजन खुलकर अपनी बात कहने से बच रहे हैं। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुखद घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, पूर्व प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता, मोहन चंद उप्रेती, रवि तिवारी, दीपक बाजपेई, केके मिश्रा, प्रेम कुमार वर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष गौरव मिश्रा, राजेश अवस्थी, धीरेंद्र प्रताप, ब्लॉक अध्यक्ष राज, कोमल सिंह, जमाल अहमद, डॉ. सलीम खां, जिला सचिव राजेश अवस्थी तथा युवा जिला अध्यक्ष नवाज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी आगे भी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

# अजान प्राथमिक विद्यालय को मिला नया भवन

▸ **विधायक अमन अरविंद गिरी ने किया लोकार्पण**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।**



विकास खंड कुम्भी के अजान प्राथमिक विद्यालय में नव निर्मित विद्यालय भवन के उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमन अरविंद गिरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है तथा प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक मौजूद रहे। इस मौके पर विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, विनोद वर्मा, प्रधान विपिन यादव, प्रधान नवीन वर्मा, राम गुलाम पांडे गुरुजी, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष पंकज वर्मा, प्रधान अभिराज सिंह, प्रधान जितेंद्र शुक्ला, बलवीर सिंह, बालगोविंद वर्मा, प्रधान अजय मौर्य, प्रधान दीपक वर्मा, अरुण वर्मा, अतुल पांडे सहित सम्मानित शिक्षकगण एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट पर भारतीय बजरंग दल का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

▸ **खराब हैंडपंप और फूटी पाइप लाइनों से लोग परेशान, तत्काल मरम्मत की मांग**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

भीषण गर्मी के बीच नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में गहराते पेयजल संकट को लेकर भारतीय बजरंग दल ने आवाज बुलंद की है। संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजकर खराब पड़े सरकारी हैंडपंपों तथा क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइनों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। प्रदेश मंत्री अशोक जोशी एवं जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों सरकारी हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। मिल रोड, शिव मंदिर तीर्थ, प्राथमिक विद्यालय क्षेत्र, नीलकंठ मैदान, मेला मैदान, त्रिलोक गिरी मार्ग तथा मोहम्मदी रोड समेत कई इलाकों में हैंडपंप खराब होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि नगर के कई स्थानों पर पेयजल पाइप लाइनें फूटी हुई हैं, जिससे एक ओर पानी की बर्बादी हो रही है तो दूसरी ओर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने आरोप लगाया कि करीब एक माह पूर्व नगर के खराब हैंडपंपों की जानकारी जल निगम के जूनियर इंजीनियर आदर्श मिश्रा को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि समस्या से अवगत कराने के प्रयास के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा उनका मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया गया, जो गैर जिम्मेदाराना रवैये को दर्शाता है। भारतीय बजरंग दल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी हैंडपंपों और क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइनों की तत्काल मरम्मत कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जाएं।

# नई सीमा शुल्क नीति के विरोध में तिकुनिया-बेलरायां के व्यापारियों ने अजय मिश्रा टेनी को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।**



नेपाल सरकार द्वारा लागू की गई नई सीमा शुल्क नीति के विरोध में तिकुनिया, बेलरायां सहित भारत-नेपाल सीमा से जुड़े व्यापारियों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र के व्यापारियों ने एकजुट होकर पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए इस नीति को व्यापार विरोधी करार दिया और केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग उठाई।

**भारत-नेपाल सीमा व्यापार पर संकट**

व्यापारियों का कहना है कि नई सीमा शुल्क व्यवस्था लागू होने के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों की मंडियों में व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। खासतौर पर छोटे व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहराने लगा है। तिकुनिया, बेलरायां और आसपास के बाजारों में व्यापार लगातार मंद पड़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय कारोबारियों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग की कि भारत सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नेपाल सरकार से वार्ता करे, ताकि वर्षों से सुचारु रूप से संचालित हो रहा सीमावर्ती व्यापार प्रभावित न हो। व्यापारियों ने कहा कि सीमा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था काफी हद तक भारत-नेपाल व्यापार पर निर्भर करती है और नई नीति के चलते हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो सीमावर्ती बाजारों में आर्थिक गतिविधियां और कमजोर पड़ सकती हैं। इस दौरान व्यापार मंडल से जुड़े कई व्यापारी, ट्रांसपोर्टर और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने 12 शिकायतों का किया निस्तारण



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में पट्टी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्राप्त 286 शिकायतों में 12 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता कलीम उल्ला निवासी गोई ने शिकायत किया कि उसके भाई तौफीक अली ने विद्युत विभाग से खंभे व केबिल के सम्बन्ध मे बने स्टीमेट धनराशि को तीन साल पहले जमा कर दिया।विभाग एक साल पहले खंभा तो गड़वा दिया लेकिन आज तक केबिल नहीं भेजा। पीड़ित तीन साल से पावर हाउस का चक्कर काट रहा है। इस प्रकरण मे डीएम ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया है कि शिकायत का निस्तारण नियमानुसार शीघ्र कराएं। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का धरना छठवें दिन भी जारी

## रेवन्यू बार एसोसिएशन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का मिला समर्थन

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



अधिवक्ताओं ने लगातार तीसरे दिन भी उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही रवैया एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आंदोलन के तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायलयों के बहिष्कार के साथ ही उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा दस्तावेज का पंजीकरण भी ठप करा दिया। वहीं स्टांप वेंडर द्वारा स्टांप की बिक्री भी नहीं होने से लोग परेशान रहे। बाद में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना जारी रखा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जितेंद्र सैनी व मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि फरेंदा के एसडीएम, एसओसी व नायब तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार कुछ दिनों से चल रहा है। जिम्मेदारों द्वारा मनमानी व विधिक प्रक्रिया के विरूद्ध जाकर मुकदमों में आदेश पारित किया जा रहा है। जिससे अधिवक्ताओं व वादकारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही पूर्ण रवैया एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका धरना उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण तक जारी रहेगा। आंदोलन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन फरेंदा के मंत्री अजीत मणि त्रिपाठी ने बार के तरफ से समर्थन पत्र दिया गया।इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद खां, परमात्मा सिंह, परमात्मा त्रिपाठी, ओमप्रकाश शुक्ला, जगदंबा यादव, सरोज मिश्र, राघवेंद्र उपाध्याय, अष्टभुजा वर्मा, सनद त्रिपाठी असफाक संजय मिश्रा, अवधेश उपाध्याय, रत्नेश उपाध्याय, रविन्द्र पासवान, स्वामीनाथ, अनूप गुप्ता, अरविंद उपाध्याय उर्मिला, विवेक श्रीवास्तव, व उमाकांत विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नल में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इलाहाबाद में शनिवार सुबह नल में उतरे करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय शमा परवीन बुरी तरह से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए परिजन ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मां की असमय मौत से दोनों मासूम बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया है। घटना सुनकर कर आसपास के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई।

**घटना का विवरण**

शनिवार की सुबह महिला मोटर चलाकर नल पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान नल के पाइप में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गई। करंट लगने से वह पीछे की ओर गिर पड़ीं और उनका पैर नल के पाइप में फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गई।

**पति की प्रतिक्रिया**

थोड़ी देर बाद उसका पति समीर अंसारी बाहर निकला तो पत्नी को नल के पास अचेत अवस्था में पड़ा देखा। उसने तुरंत मोटर का स्विच बंद किया और शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में निजी वाहन से पनियरा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**परिवार का दुख**

मृतका का पति समीर अंसारी प्लंबर का कार्य करता हैं। उसके दो बेटे अरशद अंसारी 10 व बेटा अर्सलान 3 वर्ष है। सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए 25 मई तक करें आनलाइन आवेदन

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण का वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मुख्यालय लखनऊ द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु लाभार्थियों का चयन कमेटी के माध्यम से किया जायेगा। फार्म भरने की पंजीकरण प्रक्रिया आनलाइन है जो बोर्ड की वेबसाइट upmatikal-abaord.in की आनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत कौशल विकास योजना के नाम से अपलोड किया जाएगा। आवेदन हेतु उम्र सीमा 18 से 50 वर्ष निर्धारित है।